

- ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल - 12



- पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी - 12



- कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे - 13



- संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकते हैं मैच- 14

आज का मौसम | 34.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.17 | सूर्यास्त 06.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

- लखनऊ - बरेली - कानपुर - मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी उपरांत 09:41 त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 16 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 204, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी उपभोक्ता

- सरकार ने लगाई रोक, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करना जरूरी हो गया है। संशोधित आदेश में



कहा गया है, वितरक उन उपभोक्ताओं को भरा गैस सिलेंडर नहीं देंगे, जिनके पास पहले से एलपीजी कनेक्शन हैं। इस कदम का मकसद उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देना है जिनके पास पाइप के जरिये गैस की आपूर्ति की सुविधा नहीं है।

## ईरान ने सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों पर मिसाइल-ड्रोन दागे


- पहली बार ईरान ने दी खुली धमकी, यूएई के लोगों से तीन बंदरगाह खाली करने को कहा

काहिरा, एजेंसी

ईरान ने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच इजराइल और फारस की खाड़ी के आसपास के पड़ोसी देशों पर हमले किए। इस संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गई हैं, तेल निर्यात बाधित हुआ है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें आशा है कि तेल व गैस के निर्यात पर निर्भर देश हॉर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजेंगे। हालांकि रविवार तक किसी भी देश ने इसके लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कुछ देशों ने कहा कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। इजराइल ने कहा कि उसने रविवार को भी ईरान पर हमले जारी रखे। बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात से खार्ग और अबू मूसा द्वीपों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति खतरनाक है और ईरान कोशिश करेगा कि 'वहां किसी भी आबादी वाले इलाके पर हमला न किया जाए।



ईरानी हमले के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइलों को रोकने के लिए गोलीबारी की।

### भारत का टैंकर यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद सुरक्षित निकला

नई दिल्ली। तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने रविवार एक अद्यतन सूचना में कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जग लाडकी नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10 .30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है।

### ब्रीफ न्यूज

#### रैपर बादशाह को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' पर विवाद बढ़ा

चंडीगढ़। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार बादशाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। बादशाह के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है।

#### करूर भगदड़ : सीबीआई ने टीवीके के प्रमुख विजय से सात घंटे पूछताछ की

नई दिल्ली। सीबीआई ने पिछले साल तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के मामले में रविवार को यहां अपने मुख्यालय में पार्टी के प्रमुख और अभिनेता विजय से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूछताछ और अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शाम करीब छह बजे एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुए। विजय से तीसरी बार पूछताछ की गई है।

# पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु व असम समेत 5 राज्यों में चुनाव घोषित, नतीजे 4 मई को

## चुनाव आयोग ने तारीखों का किया एलान, 23 और 29 अप्रैल को बंगाल में होगी वोटिंग

- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम और केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बंगाल में दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड, त्रिपुरा की पांच सीटों पर उपचुनाव 9 अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात व महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।





नई दिल्ली में चुनाव के बारे में घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

### राज्यों में विधानसभा की संख्या

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 234 |
| प. बंगाल | 294 |
| केरल | 140 |
| असम | 126 |
| पुडुचेरी | 33 |

### चुनाव के लिए 824 निर्वाचन क्षेत्र तय, 17.4 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17 .4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2 .19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा की जनसंख्या के बराबर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 20 देशों के चुनाव निकायों के प्रतिनिधि भारत के लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव प्राप्त करने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा करेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। एसआईआर के दौरान अच्छा काम करने के लिए बीएलओ को बधाई भी दी। बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे।

### चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला। सीईसी ने कहा, मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं।

## आस्था-जाति व संप्रदाय पर अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री

- उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा विवाद पर सीएम सख्त, सभी भर्ती बोर्डों को कड़े निर्देश, कहा- आपत्तिजनक प्रश्न बनाने वालों को करें प्रतिबंधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र से जुड़े विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

योगी ने प्रश्नपत्र के एक सवाल में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले विकल्प में पंडित शब्द देने के मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को राजस्थान रवाना होने से पहले उच्चाधिकारी की बैठक की। सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन को निर्देश दिया है कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा, पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि ऐसी कोई भी सामग्री प्रश्नपत्र में शामिल न हो, जिससे किसी की धार्मिक या सामाजिक भावनाएं आहत हों। योगी ने कहा कि जिन पेपर सेटर्स का इस प्रकार के विवादित प्रश्नों से जुड़ा रिकॉर्ड रहा है, उन्हें तत्काल प्रतिबंधित (ब्लैकलिस्ट) किया जाए। साथ ही यह प्रावधान पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



### प्रमुख निर्देश

- भर्ती परीक्षाओं में आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी पूरी तरह प्रतिबंधित
- सभी भर्ती बोर्ड पेपर सेटर्स को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें
- विवादित प्रश्न बनाने वाले हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए
- प्रावधान को पेपर सेटर्स के एमओयू में शामिल किया जाए

## कई जिलों में तेज आंधी-बारिश बिजली गिरने से 2 की गई जान



बरेली के मीरगंज में आंधी-बारिश के बाद बिछी गेहूं की फसल।

- 35 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी, फसलों के नुकसान की चिंता
- हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जबकि लखनऊ और आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी के साथ आंधी चली। मौसम में आए इस बदलाव के बीच आकाशीय बिजली गिरने से सीतापुर और हरदोई में दो लोगों की मौत हो गई। सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के झउवा खुर्द गांव में घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठी दो महिलाओं पर बिजली गिर गई। इसमें 55 वर्षीय विमला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

वहीं हरदोई के अरवल क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में खेत में काम कर रहे किसान अवधेश सिंह पर बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई और उनके दो बेटे झुलस गए। हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिर गई, जिससे अंदर रखी करीब 10 हजार बोरी आलू मलबे में दब गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। सोमवार को वाराणसी, प्रतापगढ़ समेत 40 से अधिक जिलों में बादलों की आवाजाही, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई गई है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

### योगी ने पश्चिमी यूपी में बारिश से फसल नुकसान की रिपोर्ट मांगी

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा के बाद किसानों की फसलों को संभावित नुकसान की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड में जाकर किसानों से संवाद करें और फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से सीधा समन्वय बनाए रखें और नुकसान का आकलन प्राप्त होने के बाद समयबद्ध तरीके से मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

## इच्छामृत्युः हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु के फैसले के बाद गाजियाबाद के हरीश राणा को शनिवार को एम्स में शिफ्ट किया गया है। जहां उन्हें पैलिएटिव केयर विभाग में रखा गया है। एम्स के डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हरीश को पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनके हेल्थ का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस विभाग में हरीश का पेन मैनेजमेंट किया जाएगा। साथ ही उन्हें कोई भी लाइफ सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। धीरे-धीरे लाइफ सपोर्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार, इस तरह के मामले में पहले कमिटी मरीज का असेसमेंट किया जाता है।

उसके दर्द को कंट्रोल करेगी, ताकि मरीज को किसी भी प्रकार का दर्द न हो। इसलिए इस प्रोसेस में थोड़ा समय लगने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि मरीज एडमिट होगा और दूसरे दिन पैसिव यूथेनेशिया दिया जाएगा।



- इच्छा मृत्यु के लिए एम्स के पैलिएटिव केयर में किया गया शिफ्ट

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

- मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा, 7 घायल

काठमांडू। नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई।

गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है। सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बस का चालक बाल-बाल बच गया, जबकि सहायक घायल हो गया।

**संज्ञान** | गंगा के पुनर्जीवन और संरक्षण के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन का रिकॉर्ड मांगा, पूछा-अवैध निर्माण हटाने को क्या कदम उठाए

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा।

कोर्ट ने कहा, उपरोक्त अधिसूचना के बेहतर व प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं? पीठ ने कहा, उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है? कोर्ट ने गंगा बेसिन के कई राज्यों को नोटिस जारी किया और कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष कोर्ट पटना निवासी अशोक सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में पर्यावरण की दृष्टि से बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका खारिज कर दी गई थी।





### नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना मुख्य मुद्दा

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2016 की अधिसूचना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तय करना है। इसमें नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, प्रदूषण को रोकना और नदी के किनारों तथा फ्लडप्लेन की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए इन प्रावधानों की प्रभावशीलता की समीक्षा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और बिहार सरकार को अगली सुनवाई से पहले अपडेटेड रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को होगी।

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 16 मार्च 2026



न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अयोध्या के पूराकलंदर इलाके से पकड़ा गया। उसके खिलाफ दो वर्ष पूर्व डकैती व लूट का मामला दर्ज था। तभी से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी प्रखर रावत उर्फ प्रखर कुमार उर्फ टेनिस है। उसे टीम ने जनौरा स्थित भीमसेन पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूराकलंदर के पुरवा टोनिया, पोस्ट डाभासेमर का रहने वाला है। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, पूराकलंदर इलाके में 2025 में हुए लूट और डकैती से जुड़े मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले वह नशे का आदी हो गया। पैसों की कमी होने पर दोस्तों के साथ चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल होने लगा।



प्रखर रावत

### इनामी गैंगस्टर को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शनिवार देर रात को 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ ने यह कार्रवाई कानपुर-इटावा हाइवे स्थित कानपुर देहात के रनिया इलाके में की। आरोपी के खिलाफ चंदौली में गोवध निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कौसर अली उर्फ पहू कौशांबी के कोखराज स्थित पुरानी बाजार भरवारी का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली के सैयदराजा थाने में 2023 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि कौसर अली नेशनल हाइवे-2 पर रनिया स्थित एडविल्स प्रा. लि. मयूर बनस्पति मिल के पास मौजूद था। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक गिरोह है, जो यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर असम और पश्चिम बंगाल भेजता है। वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी था। उसके खिलाफ कुर्की की भी कार्रवाई की जा चुकी है।



कौसर अली

### सरस महोत्सव में महिलाओं को सौंपे चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए और उनके स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रविवार को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और ऐसे आयोजन स्थानीय हुनर को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार विंद सूंम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# देश की नींव कमजोर कर रही जाति की राजनीति: योगी

## चित्तौड़गढ़ में आयोजित 'जौहर श्रद्धांजलि समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- मेरे दादा गुरु इसी भूमि से गए थे गोरखपुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा के वंशज मंच पर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद फैलाने वालों को चित्तौड़गढ़ की धरती से आगाह किया कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति फिर से गुलामी की तरफ धकेल रही है। इससे बचने के लिए हमें एकजुटता के भाव से बढ़ना होगा।

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले में रविवार को आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाईं कि, "मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का-वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर, क्रूर।" मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे जातिवाद के आधार पर सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का पाप कर रहे हैं। जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया था, इसलिए देश कमजोर हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं – "एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है..."। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं।

रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मर्यादा सदैव अमर है और रहेगी।

### नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था।



चित्तौड़गढ़ किले में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े

योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। माता सीता ने धरती मां से कहा था कि अगर मेरा सतीत्व अखंड है तो मुझे अपनी गोद में समाहित करो। माता सीता का जो संकल्प था, वही संकल्प धर्म जौहर के नाम पर महारानी पद्मिनी ने यहां दिखाया था। यह संकल्प नारी गरिमा का प्रतीक था। यह भारत माता को विधर्मियों से मुक्त करने का संकल्प था।



बच्चे के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे बच्चे को मंच पर बुलाया और उसके मोबाइल से सेल्फी ली। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में थे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया।

# सत्ता की मास्टर चाबी जरूरी : मायावती

## कांशीराम जयंती पर बसपा से जुड़ने का किया आह्वान, अन्य पार्टियों को बताया अवसरवादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने बहुजन समाज के लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे सच्चे, ईमानदार और मिशनरी अंबेडकरवादी बनें। कहा कि सत्ता की "मास्टर चाबी" हासिल करके ही संविधान में बहुजनों के हित, कल्याण और उत्थान के लिए दिए गए अधिकारों को जमीन पर लागू किया जा सकता है। इससे समाज के कमजोर वर्गों को गरीबी और मजबूरी से मुक्ति मिल सकेगी और उन्हें बेहतर जीवन मिलेगा।

बसपा प्रमुख ने रविवार को पार्टी संस्थापक काशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा, कांशीराम ने बीआर आंबेडकर की विचारधारा और आंदोलन को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। पार्टी की ओर से मायावती के जारी बयान में कहा गया कि कांशीराम के "सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति" के आंदोलन को मजबूत बनाने और चुनावी सफलता हासिल करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही दावा किया कि बहुजन समाज के हितों के लिए वही "असली पार्टी और आंदोलन" है। पार्टी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी समेत अन्य विरोधी दलों की कथनी और करनी में अंतर है, जिससे बहुजन समाज की एकता और सत्ता प्राप्ति के मिशन को नुकसान होता है।



लखनऊ : मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने भारी संख्या में पहुंचे बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती, दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बामसेफ, डीएस-4 और बसपा के संस्थापक काशीराम की 92वीं जयंती रविवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित मान्यवर काशीराम मेमोरियल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि समारोह में बुद्ध वंदना के बाद अतिथियों द्वारा भन्तेगणों को चीवर दान दिया गया। कार्यक्रम में बसपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने कांशीराम साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री ज्ञान चरण दिनकर, सूरज सिंह जाटव, एमएलसी नौशाद अली समेत डॉ. विजय प्रताप समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे ।

### कांशीराम ने वंचितों और शोषितों को किया संगठित : तनुज पुनिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र.अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष और बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित, शोषित और दलित वर्गों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। सांसद रविवार को बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ.अमरनाथ पासवान व मनीश हिन्दवी समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बहुजन समाज के लिए कांशीराम ने जीवन भर किया संघर्ष : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने प्रदेशभर में मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को सपा कार्यालयों में बहुजन नेता कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी संदेश में कहा कि कांशीराम एक प्रमुख भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजन समाज को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलित समाज में आत्मसम्मान की भावना जगाई और उन्हें राजनीति में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कांशीराम और मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में हुए गठबंधन से राज्य में साझा सरकार बनी थी। प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्गों के बीच नए संबंध बने। यही नहीं, सपा ने कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया और उन्हें हमेशा सम्मान दिया।



सपा मुख्यालय पर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी नेता।



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### कांशीराम जयंती पर कांग्रेस ने लगाए चिकित्सा शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन नेता काशीराम की जयंती के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में 'स्वास्थ्य सृजन अभियान' के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। लखनऊ के दुबग्गा स्थित काशी राम कालोनी में संपन्न चिकित्सा शिविर का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कांशीराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किये।

# बीसी सखी योजना में देश में अव्वल रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश की बीसी सखी योजना देश में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला के अनुसार, प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 40 हजार महिलाएं गांवों में बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में कार्य कर रही हैं। ये महिलाएं माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। इस योजना के माध्यम से अधिकांश बीसी सखियां औसतन 10 से 15 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं, जबकि कई महिलाएं कमीशन के जरिए 40 से 50 हजार रुपये तक कमा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय जुड़ रहा है। बीसी सखी योजना में प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध हो रही हैं।

### विवादित प्रश्न पर मंत्री ने जताई आपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताया है। मंत्री ने कहा कि प्रश्न के विकल्प में "पण्डित" शब्द का शामिल होना न केवल अनुचित है, बल्कि इसका कोई औचित्य भी नहीं है। उच्च शिक्षा मंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखते हुए बताया कि इस प्रकार के प्रश्न और विकल्प सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकते हैं और किसी विशेष जाति, वर्ग या परंपरा की भावनाओं को आहत करते हैं। उन्होंने इसे पेपर सेटर की जानबूझकर की गई असंवेदनशील हरकत बताया और दोषी की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# फूड लाइसेंस के नवीनीकरण की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसएसएआई में अब स्वतः पंजीकृत माने जाएंगे स्ट्रीट वेंडर
- छोटे खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत, एक अप्रैल से लागू होंगे नए प्रावधान

**अमृत विचार:** खाद्य कारोबारियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब हर साल खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य नहीं होगा। नियमों का गजट प्रकाशन हो चुका है और इन्हें एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

नए नियमों के अनुसार, नगर निगम या स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत ठेले-खोमचे और फेरीवाले स्वतः ही एफएसएसएआई में पंजीकृत माने जाएंगे। इससे छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को दोबारा पंजीकरण कराने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य रहेगा।

नए प्रावधानों के तहत छोटे खुदरा विक्रेता, स्ट्रीट फूड विक्रेता, अस्थायी स्टॉल संचालक, फूड ट्रक संचालक और कुटीर स्तर के खाद्य उद्योग भी इस व्यवस्था में शामिल होंगे। जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर अब पंजीकरण प्रमाणपत्र तुरंत जारी किया जा सकेगा। यदि कोई कारोबारी वार्षिक शुल्क या खाद्य सुरक्षा अनुपालन से जुड़ा रिटर्न जमा नहीं करता है तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अब जोखिम आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी से फूड सेफ्टी ऑडिट भी कराया जा सकेगा। पहले 12 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक के कारोबारियों को पंजीकरण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पहले 5 करोड़ रुपये तक के कारोबारियों को राज्य स्तर से लाइसेंस मिलता था और इससे अधिक टर्नओवर पर केंद्र से लाइसेंस लेना पड़ता था। अब यह सीमा बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है। जिन कारोबारियों के लाइसेंस या पंजीकरण की वैधता 31 मार्च तक है, उन्हें फिलहाल नवीनीकरण कराना होगा। इसके बाद नए नियम पूरी तरह लागू हो जाएंगे।

### नए नियम

- पंजीकरण की टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़
- राज्य लाइसेंस की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़
- जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू

एसआई भर्ती परीक्षा | दो दिन व चार पालियों में कुल 10 .77 लाख ने दी परीक्षा, ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही नहीं किया डाउनलोड


# परीक्षा से 4 .98 लाख अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूसरे दिन रविवार को 5,45,721 अभ्यर्थी ही पहुंचे परीक्षा देने

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित की गई थी। परीक्षा प्रदेश के 75 जिलों के 1090 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। दो दिन के अंदर चार पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 68.33 प्रतिशत अभ्यर्थी यानी कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। करीब 4,98,357 ने परीक्षा छोड़ दी। इसमें ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। रविवार को दोनों पालियों में 7,87,880 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 5,45,721 ही पहुंचे। कड़ी सुरक्षा में परीक्षा सकुशल संपन्न करा दी गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा का आयोजन शनिवार व रविवार को किया गया। बोर्ड ने कुल उपनिरीक्षक व समकक्ष 4,543 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने



आवेदन किया था। जिन पदों पर भर्ती होनी है, उनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4,242, महिला प्लाटून कमांडर (पीएसी बटालियन) के 106, पुरुष प्लाटून कमांडर के 135 तथा पुरुष प्लाटून कमांडर (उप्र विशेष सुरक्षा बल) के 60 पद शामिल हैं। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए दो दिन में चार पलियों में आयोजित की थी। कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों में कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। इसमें बोर्ड की सख्ती व सुरक्षा को देखते हुए 4,98,357 ने छोड़ी परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड के अधिकारी के मुताबिक इसमें से करीब 2,49,179 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। पहले दिन 14 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,939 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें 2,63,839 ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली में कुल 3,93,941 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी और 2,67,843 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। 15 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,940 अभ्यर्थियों में 2,70,803 ही परीक्षा केंद्र पहुंचे। जबकि दूसरी पाली में 3,93,940 में 2,74,918 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान लगभग 16 हजार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रही। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने हुसैनगंज कोतवाली में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स, टेलीग्राम, व्हाट्सएप व यू-ट्यूब पर भ्रामक सूचना फैलाकर धन उगाही व ठगी करने वालों के विरुद्ध सात से अधिक मुकदमे भी दर्ज कराए। एसटीएफ इन मामलों में कई आरोपियों की तलाश कर रही है।

# जून तक पूरा होगा बुद्धवनम पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती में बन रहा पार्क अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की सतत पर्यटन नीति के तहत जनपद श्रावस्ती में विकसित किया जा रहा बुद्धवनम पार्क इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है और यह स्थल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

श्रावस्ती विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। यहां श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप इस क्षेत्र को बौद्ध पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। धर्मचक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा म्यूरल वॉल के लिए आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है, जिस पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है।

### विकसित हो रहीं आधुनिक सुविधाएं

पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जा रहा है। इसके कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही पर्यटकों के ठहरने के लिए डॉर्मेट्री का निर्माण अंतिम चरण में है, जहां आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य चल रहा है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### टोल कर्मियों ने किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी से की अभद्रता

**जलालाबाद, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी से कन्नौज से लौटते समय टोल कर्मियों का टोल को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद टोल कर्मियों ने अभद्रता शुरू कर दी। रविवार को फर्रुखाबाद निवासी मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी भारतीय किसान यूनियन किसी काम से कन्नौज आए थे। लौटते समय टोल कर्मियों से पास को लेकर वाद विवाद होने लगा। मीडिया प्रभारी ने टोल कर्मियों पर मनमानी व बदसलूकी का आरोप लगाया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में वाद विवाद की स्थिति बनी रही।

### परिषदीय स्कूलों में आज से इम्तिहान

**कन्नौज।** जिले भर के सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा 01 से 08 तक के परीक्षार्थियों के इम्तिहान 16 मार्च यानि आज से शुरू हो जाएंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली का इम्तिहान दोपहर 12:30 से 02:30 बजे तक होगा। कक्षा 01 में सभी विषयों की परीक्षा मौखिक होगी।

### कक्षा षष्ठ की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 450 बच्चे

**तिर्वा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा में रविवार को कक्षा षष्ठ की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। इससे पहले प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। परीक्षा प्रभारी आचार्य अनंतराम ने बताया कि कक्षा षष्ठ में प्रवेश हेतु 500 प्रवेश फॉर्म का वितरण हुआ था जिसमे 450 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा का परिणाम 1 अप्रैल 2026 को घोषित किया जाएगा।

### वृद्ध पिता ने लगाई बेटों से सुरक्षा की गुहार

**छिबरामऊ।** मोहल्ला इब्राहीमगंज निवासी एक पीड़ित वृद्ध चरतलाल गुप्ता ने अपने ही बेटों पर मारपीट, प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रशासन को पत्र लिखकर अपनी जान की सुरक्षा और घर को बेटों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उनके दो पुत्र आवारा प्रकृति के हैं और आए दिन शराब के नशे में गालीगलौज व मारपीट करते हैं। आरोप है कि दोनों पिछले कुछ समय से दिल्ली से लड़कियों को भगाकर घर ला रहे हैं। पूर्व में एक मामले को किसी तरह सुलझाया गया था लेकिन लगभग 10 दिन पहले दोनों फिर से एक लड़की को घर ले आए। जब इसका विरोध किया, तो बेटों ने उन्हें बेरहमी से पीटा और घर में बंद कर जान से मारने की धमकी दी। बुजुर्ग वर्तमान में फुटपाथ पर रात गुजारने को मजबूर हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि उनके घर को खाली कराकर उन्हें सौंपा जाए। घर में मौजूद लड़की को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए।

# मौसम बदला, चल रहीं तेज हवाएं, रोक दें गेहूं की सिंचाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- बादलों की आवाजाही व बूंदाबांदी से किसानों की बढ़ी चिंता

**अमृत विचार।** दो दिन से फिर से मौसम ने करवट ले ली है। बादलों की आवाजाही और बूंदाबांदी ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। कृषि मौसम वैज्ञानिक ने चल रहीं तेज हवाओं को देखते हुए किसानों को दो दिन के लिए गेहूं की सिंचाई रोकने की सलाह दी है। वहीं बदले मौसम के चलते तापमान सामान्य स्तर पर पहुंच गया है।

शनिवार से जिले में मौसम में बदलाव देखने को मिला। इस क्रम में बादलों का आना जाना लगा रहा। बढ़ी उमस से बारिश की संभावना बनती दिखाई दी। देर रात जनपद में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बूंदाबांदी भी हुई। इससे तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद रविवार को भी सुबह से ही बादल छाए रहे। हालांकि कुछ देर बाद धूप निकल आई। फिर दिन भर बादलों और सूरज के बीच लुकाछिपी चलती रही। तेज गति से अपेक्षाकृत ठंडी धूल भरी हवाएं भी चलती रहीं। इससे जिन किसानों ने हाल ही में गेहूं की सिचाई की थी, उनको पौधे गिरने का भय सताता रहा। तमाम स्थानों पर गेहूं की फसल गिरी भी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि 15 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बदलाव आया है। किसानों को सलाह दी कि दो दिन के लिए गेहूं की सिंचाई रोक दें। जानकारी दी कि इसका कारण समुद्र तल से करीब 12.6 किलोमीटर ऊंचाई पर जेड स्ट्रीम चलना है।

# कैसे मिले शिक्षकों को चयन वेतनमान जब पहुंचीं ही नहीं फाइलें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वित्त एवं लेखाधिकारी ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को भेजे तीन- तीन पत्र
- दिसंबर 2025 में महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने ली थी बैठक, फरवरी को जारी किया आदेश

**अमृत विचार।** विभागीय सत्यापन होने के बाद भी जनपद के 413 अध्यापकों को चयन वेतनमान का लाभ नहीं मिला है। करीब 800 शिक्षक- शिक्षिकाएं लाभ के दायरे में आए हैं। दिसंबर 2025 में महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने ऑनलाइन मीटिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि इस कार्य में तेजी लाई जाए। फरवरी में बीएसए ने इसका आदेश जारी किया, अब तक फाइलें वित्त एवं लेखा विभाग में नहीं पहुंचीं हैं। इसको लेकर पत्र व दो- दो रिमाइंडर बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को भेजे जा चुके हैं।

वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) शिवम गुप्ता की माने तो उनके पास अब तक चयन वेतनमान का लाभ दिलाने वाली



सरायमीरा जीटी रोड किनारे स्थित वित्त एवं लेखाधिकारी का कार्यालय। अमृत विचार

फाइलें निर्धारित प्रपत्रों में नहीं पहुंचीं हैं। इस बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 17 फरवरी को पत्र भेजा था। इसमें चयन वेतनमान का लाभ फरवरी 2026 के वेतन में लगाते हुए भुगतान करने की बात कही गई है। प्राथमिक स्तर पर 180 सहायक अध्यापक और 233 प्राथमिक स्तर पर प्रधानाध्यापक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के सहायक अध्यापकों का सत्यापन के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से चयन वेतनमान स्वीकृत किया गया है।

वित्त एवं लेखा अधिकारी का कहना है कि उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा। उसके बाद दो अनुस्मारक (रिमाइंडर) भी जारी किए। इसमें कहा, संबंधित शिक्षकों जिनके चयन वेतनमान की देयता बनती हो नियमानुसार परीक्षण कर चयन वेतनमान का निर्धारण कर प्रविष्टि सेवा पुस्तिका में अंकित कर वेतन आगणन व सेवा पुस्तका मूल रूप में उनके कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि अगर किसी शिक्षक को गलत तरीके से चयन वेतनमान का लाभ दिया जाता है तो इसके लिए संबंधित बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

### सूची से कुछ ब्लॉकों के सभी अध्यापक गायब

- बीएसए की ओर से सत्यापन के बाद जो सूची वित्त एवं लेखाधिकारी को भेजी गई है उसमें प्राथमिक स्तर पर सहायक अध्यापकों में उमर्दा विकास खंड व नगर क्षेत्र के शिक्षक पूरी तरह से गायब हैं। इसी तरह प्राथमिक स्तर के प्रधानाध्यापक व यूपीएस में सहायक अध्यापकों की लिस्ट में भी उमर्दा, हसेरन व नगर क्षेत्र के अध्यापकों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। इसको लेकर भी शिकवा- शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। आलाधिकारियों के पास मामले पहुंच रहे हैं। जिम्मेदारों से जवाब- तलब भी हो रहा है। फरवरी से पहले ही बिना हस्ताक्षर वाली सूची वायरल होने पर तरह- तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।

# मानकविहीन बनती सड़क का विधायक ने रुकवाया काम

## सीसी रोड बनाने में नकली सीमेंट लगाने का आरोप, लिया गया नमूना



मानकविहीन सड़क का निर्माण रुकवाने पहुंचे विधायक कैलाश राजपूत।



निर्माणाधीन सड़क। अमृत विचार

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग से एक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने घटिया सामग्री से मानक के विपरीत सड़क का निर्माण कराए जाने के आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक को मौके पर बुला लिया। विधायक ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को फोन पर दी और काम को जांच होने तक रुकवा दिया।

विकासखंड सौरिख के कस्बा से लगी हुई ग्राम सभा अलीपुर के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होना था। ठेकेदार अमर सिंह ने शुक्रवार दोपहर काम शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने मानक के अनुसार सड़क न बनने पर क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत को जानकारी दी। रविवार को मौके पर पहुंचे विधायक ने कर्मचारियों से ठेकेदार के बारे में पूछा तो उनके नहीं आने की जानकारी मिली। उसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को फोन पर दी। बताया कि लोगों का कहना है निर्माण में घटिया सीमेंट प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद मौके पर जेई को भेजा गया और सीमेंट का सैंपल लिया गया। विभाग के ए ई अर्पित कुमार ने बताया, सीमेंट को लैब भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच होने के बाद काम कराया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य पंकज राजपूत ने बताया, मानक के अनुसार जीएसबी डालनी चाहिए जो नहीं डाली गई। गिट्टी की पतली लेयर डाली गई जबकि मोटाई में डालना चाहिए था। पीडब्ल्यूडी के जे ई रामनरेश कई बार सड़क का निरीक्षण करने आए लेकिन उनकी लापरवाही से सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही थी। इस मौके पर अरुण प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, राजू सिंह, प्रबल प्रताप मंडल अध्यक्ष, शिवकुमार यादव, संतोष शर्मा, संजीव यादव, बंसीलाल पाल, कुमार चंद यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

# रोजा इफ्तार में अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला समाजवादी पार्टी की ओर से बाबा हाजी शरीफ ग्राउंड में भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे इरफान सोलंकी पूर्व विधायक और अनीस राजा प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने आने वाले चुनाव में अखिलेश यादव को पीडीए को लोगों द्वारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की बात कही। साथ ही गैस की कालाबाजारी को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से कड़े कदम उठाने की मांग की।

इससे पहले शनिवार की देर शाम सामूहिक रोजा इफ्तार में हजारों की संख्या में सभी धर्मों के लो शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष मो कलीम खान, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, पूर्व विधायक अरविंद यादव, पुर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, वरिष्ठ नेता कौसर ख़ान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, हाजी शमसुल ख़ान सदर हाजी शरीफ़, विधानसभा अध्यक्ष पी. पी. सिंह वघेल, वरिष्ठ सपा नेता अनिल पाल, तालग्राम चेयरमैन जानू ख़ान, नगर अध्यक्ष मुस्ते हसन, यश कुमार दोहरे, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, श्याम सिंह सहित हजारों रोज़ेदार मौजूद रहे।



सपा के रोजा इफ्तार में शामिल पार्टी के लोग व रोजेदार। अमृत विचार

# दंपति समेत चार से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** गांव के तीन लोगों ने रंजिश के चलते युवक से गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी पत्नी, पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। एक अन्य युवक से भी मारपीट की गई।

ग्राम इस्माईलपुर निवासी संजय कुमार पुत्र अनोखे लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके गांव के आशू शाक्य, पूनम शाक्य, सुषमा देवी 07 मार्च की सुबह करीब 08.30 बजे रंजिश के चलते उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसे लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आई उसकी पत्नी संतोषी देवी व पुत्री प्रियंका शाक्य को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। दूसरे मामले में ग्राम तेरारब्बू निवासी रामतीरथ पुत्र रामविलास ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि सवारी बैठाने के विवाद को लेकर थाना तालग्राम के ग्राम मवई निवासी रंजीत नट और विजय नट ने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर 11 मार्च की दोपहर करीब 02.30 बजे गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। जांच की जा रही है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के हिंदी प्रश्नपत्र में पूछे गए एक विवादास्पद प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी है। भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति के बैनर तले समाज के प्रबुद्ध जनों ने इसे समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा है।

परीक्षा के हिंदी खंड में एक प्रश्न पूछा गया था अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के लिए एक शब्द में उत्तर दें। इसके चार विकल्पों में पंडित शब्द को शामिल किया गया था। समिति का आरोप है कि पंडित जैसे सम्मानित और विद्वतापूर्ण शब्द को अवसरवादी जैसे नकारात्मक अर्थ वाले विकल्पों के साथ रखना जानबूझकर किया गया एक पूर्वाग्रही कृत्य है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार के प्रश्न से प्रथम दृष्टया किसी विशेष वर्ग को अपमानित करने की मंशा प्रतीत होती है। इस अवसर पर डॉ. रजनीश दुबे, विमल मिश्रा, विवेक दीक्षित, अभिषेक पाठक, अमित तिवारी, तरुण त्रिपाठी, राजा शुक्ला (जिलाध्यक्ष), धीरज तिवारी प्रशांत त्रिपाठी सहित समस्त ब्राह्मण समाज के लोग रहे।

# 'जरूरमंदों की मदद करे प्रजापति समाज'

संवाददाता जलालाबाद, जसोदा कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रजापति समाज के लोग समाज में जाकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर समाज के लोगों को संगठित करें। जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करें। यह बात होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य ने कही।

रविवार को जसोदा के ग्राम पाहला स्थित गेस्ट हाउस में भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन की जिला इकाई ने होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभल से आए कौशल किशोर प्रजापति ने की। उन्होंने




होली मिलन समारोह में मौजूद प्रजापति समाज के लोग। अमृत विचार

- ग्यारहवें होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

कहा कि प्रजापति समाज के लोगों को संगठित कर शिक्षा के प्रति जागरूक करें। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव बीपीईचो ओमकार प्रजापति, केडी सिंह, महेश प्रजापति, विजय प्रजापति, मानसिंह प्रजापति, पूर्व पालिकाध्यक्ष निहारिका आर्य, गुड्डी प्रजापति, सोम प्रजापति, अखिलेश प्रजापति आदि रहे।

# पूर्ति निरीक्षक ने दर्ज कराई गैस कालाबाजारी की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एसडीएम के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक व पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की थी। जिसमें टीम ने एक घर से 12 सिलेंडर, 113 गैस पासबुक व बाइक बरामद की थी। पूर्ति निरीक्षक ने गैस की कालाबाजारी करने वाले युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छिबरामऊ पूर्ति निरीक्षक सौरभ गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 13 मार्च को एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार हिमांशू प्रभाकर, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, नीरज कुमार व उनके द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला हामिद नगर (बगिया मुहल्ला) में छापेमारी की गई थी। जिसमें जगदीश गुप्ता के आवास के बाहर बाइक से भरा हुआ घरेलू गैस सिलेंडर मिला था। जबकि घर के बाहरी कमरे से 11 सिलेंडर खाली, 113 एचपी गैस की पासबुक व बाइक बरामद की गई। टीम ने कुल खाली 11 सिलेंडर को पीके गैस सर्विस के प्रबंधक अमित कुमार दुबे की अभिरक्षा में सुरक्षित किया। जबकि बाइक को पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है।

## खेल के मैदान से

### जिला स्तरीय कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# वॉलीबाल में स्पोर्ट्स एकेडमी व केपीएस विजयी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला खेल कार्यालय की ओर से सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी छिबरामऊ मे जिला स्तरीय जूनियर बालक /बालिका कबड्डी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें वॉलीबाल बालक व बालिका वर्ग में क्रमशः स्पोर्ट्स एकेडमी छिबरामऊ व कानपुर पब्लिक स्कूल की टीमें विजयी रहीं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप प्रधान और प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वॉलीबाल बालक वर्ग मे छिबरामऊ स्पोर्ट्स एकेडमी ने 2- 1 सेट के अंतर से सीसीए को पराजित किया। बालिका वर्ग मे कन्नौज पब्लिक स्कूल ने 2- 0 सेट के अंतर से सीसीए को पराजित किया। कबड्डी बालक वर्ग मे छिबरामऊ स्पोर्ट्स एकेडमी ने सीसीए को 54- 17 के अंतर से पराजित किया। बालिका वर्ग मे डी के स्पोर्ट्स एकेडमी ने छिबरामऊ स्पोर्ट्स एकेडमी को 18- 14 के अंतर से पराजित किया। प्रतियोगिता का संचालन मनोज कुमार कुशवाहा हॉकी प्रशिक्षक कन्नौज ने किया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मनोज दुबे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद छिबरामऊ ने किया। निर्णायक की भूमिका मे मनोज कुमार कुशवाहा हॉकी प्रशिक्षक कन्नौज, हर्षित यादव, अमित राजपूत, शिवम ठाकुर, रीना जसरोटिया, सृजित, प्रेमानंद, निमित कुमार, राम यादव, शिवेंद्र पांडेय रहे।



विजेता टीम के साथ मौजूद स्कूल के निदेशक, जिला क्रीड़ाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

# बच्चे की ई-रिक्शा से दबकर मौत

**कन्नौज।** एक गांव में शनिवार शाम हुए हादसे में तीन साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई।

नादेमऊ क्षेत्र के मढनेपुर गांव में नीलेश राजपूत का ई-रिक्शा खड़ा था और वह किसी काम से गया था। इसी दौरान, आसपास के बच्चे ई-रिक्शा पर चढ़कर खेलने लगे। तभी रिक्शा एक तरफ पलट गया। इसके नीचे कृष्णा पुत्र लोकेश सिंह राजपूत दब गया। ग्रामीणों ने ई-रिक्शा हटाकर बच्चे को निकाला और निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बच्चे को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन कृष्णा को मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की छह साल की पलक जिसने घटना देखी उसने ई-रिक्शा पलटने से भाई के दबने की जानकारी दी। रविवार सुबह परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार गंगा घाट कन्नौज पर किया। मामले की जांच की जा रही है।




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपति को आशीर्वाद देते विधायक व अन्य।

# 97 जोड़ों ने लिए फेरे, चार का निकाह

**खड़नी, कन्नौज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कस्बे के नहर पुल के समीप स्थित गेस्ट हाउस में शासन की ओर से पंजीकृत 107 में 101 जोड़ों का विवाह, निकाह करवाया गया। जिसमें 97 जोड़ों ने सनातन रीत रिवाज से शादी की रस्में पूरी कीं जबकि चार जोड़ों का निकाह पढ़वाया गया।

विवाह समारोह में पंडित सुभाष चंद्र दुबे ने हिंदू जोड़ों के विवाह विधिविदान से करवाए जबकि निकाह मौलवी राशिद अली ने पढ़वाए। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश राजपूत ने सभी को शासन से मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी। बताया गया कि योजना में कन्या के खाते में 60,000 रुपये का अनुदान जबकि 25 000 रुपये का उपहार व आशीर्वाद भी दिया गया इस मौके पर बीडीओ सौरिख मनोज कुमार पोरवाल, एडीओ पंचायत विनय मिश्रा, अखलेश सिंह चौहान, , धनंजय सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# मेरा युवा भारत के स्टॉल में दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**कन्नौज।** शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर कन्नौज इत्रोत्सव के दूसरे दिन नेहरू युवा केंद्र की ओर से मेरा युवा भारत का स्टॉल लगाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

रवरिवार को स्वयंसेवकों ने स्टॉल पर विभाग की जानकारी दी। खेलकूद से संबंधित गतिविधियां, विकसित भारत रील प्रतियोगिता, सरदार@150 कार्यक्रम तथा युवाओं के व्यक्तित्व विकास से जुड़े अन्य कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर युवाओं की भागीदारी की सराहना की। इस मौके पर अर्चना कश्यप, शालिनी, कंचन, राजेंद्र, सुमित, आदर्श, दीपक, रेखा यादव, सौरभ, सुमित कुमार, रोहित, आदित्य, पवन, लक्ष्मी, शिवांग एवं चक्रेश पांडेय मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डम्पर ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर, मौत


## नवाबगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुआ भीषण सड़क हादसा, 20 मीटर तक घिसटी बाइक

**संवाददाता फर्रुखाबाद**

अमृत विचार। नवाबगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां एक पल में छीन लीं। तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों के शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत होकर सड़क पर बिखर गए। वहीं तीसरे युवक का शव इतनी खराब हालत में मिला कि उसका सिर धड़ से अलग होकर दूर जा गिरा। टक्कर लगते ही तीनों युवक बाइक के साथ करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना नवाबगंज के मुख्य चौराहे के निकट बीती रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।


पुष्पेंद्र।


अर्पित यादव।


निशु।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवक डंपर के नीचे आकर बुरी तरह कुचल गए। टक्कर लगते ही तीनों युवक बाइक के साथ करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। सूचना मिलने पर रविवार सुबह जनपद एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के ग्राम कूड़ा नावर के ग्रामीण नवाबगंज पहुंचे, जहां मृतकों की पहचान पुष्पेंद्र (20) पुत्र स्व. कमलेश सिंह , अर्पित यादव (18) पुत्र मान सिंह, तथा निशु पुत्र कैलाश के रूप में की गई। तीनों युवक परिचित थे और शनिवार शाम अपने घर से यह कहकर निकले थे कि वे खेतों की ओर जा रहे हैं। परिजनों के अनुसार आशंका है कि तीनों युवक अर्पित की ननिहाल जाने के लिए निकले थे।

बताया गया कि थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम कलौली महबुल्लापुर में अर्पित के मामा सेवाराम रहते हैं। संभावना जताई जा रही है कि तीनों युवक वहीं जा रहे थे। जब वे मध्यरात्रि के समय नवाबगंज चौराहे के पास पहुंचे तभी मोहम्मदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर अनियंत्रित हो गया और बाइक को घसीटता हुआ आगे बढ़ता चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर मिश्रा बीज भंडार के पास एक पेड़ को तोड़ता हुआ दुकान में जा घुसा। वहां पास में बने टीन शेड के नीचे खड़ी एक कार भी डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना होते ही डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया गया कि डंपर में पत्थर की गिट्टी भरी हुई थी। डंपर से कुचल जाने के कारण तीनों युवकों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए थेसूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जब परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो अपने बेटों की हालत देखकर रोने लगे। बताया गया कि अर्पित यादव के पिता मानसिंह और निशु के पिता कैलाश दिल्ली में मजदूरी करते हैं। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दूसरे दिन भी अभ्यर्थियों को मिला निःशुल्क भोजन व आवास

**संवाददाता फर्रुखाबाद**


विशंभर दयाल धर्मशाला में भोजन करते पुलिस परीक्षा के अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस उप निरीक्षक पात्रता परीक्षा में बाहर से आए हुए अभ्यर्थियों को फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भईयन मिश्रा की तरफ से दूसरे दिन भी निःशुल्क भोजन व आवास उपलब्ध कराया गया। अभ्यर्थियों ने भईयन मिश्रा की व्यवस्था की सराहना की।

रविवार को भी फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के द्वारा परीक्षार्थियों के लिए निशुल्क रहने खाने चाय नाश्ता आदि की व्यवस्था की गई। आज तक किसी भी संगठन अथवा समाजसेवियों ने इस तरह की पहल नहीं की है। जिले के बाहर के अभ्यर्थियों से चुनाव में किसी तरह का लाभ नहीं लिया जा सकता, इसलिए कोई संगठन इनकी मदद को आगे नहीं आता। लेकिन भईयन मिश्रा का लक्ष्य केवल समाजसेवा है, इसलिए बिना किसी परोक्ष-अपरोक्ष लाभ की परवाह किए वे केवल मानवता की सेवा में विश्वास रखकर इस तरह के कार्य करते हैं। यही कारण है कि भईयन मिश्रा ने जनपद में अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। भईयन मिश्रा की व्यवस्थाओं से सभी परीक्षार्थी बहुत खुश हैं और अपने परिचितों को फोन कर करके बता रहे हैं कि इस प्रकार से यहां पर व्यवस्थाएं हैं और अपने लोगों को बुलाकर रखवा रहे हैं। निशु दुबे पूर्व सभासद, कोमल पांडेय, विकास जैन, आयुष सक्सेना, राम जी मिश्रा, ओमनिवास पाठक, चित्रांश, मोहित खन्ना, जाकिर खान, आशू मिश्रा, अजय गुप्ता, रज्जू गुप्ता, रजत वर्मा, लकी गुप्ता, नीरज गुप्ता, व्यवस्थाओं में योगदान दिया। भईयन मिश्रा ने बताया कि जहां तक संभव है प्रत्येक परीक्षार्थी को निशुल्क ठहरने एवं खाने-पीने की संपूर्ण व्यवस्था की गयी। रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है जिससे कि लोग आसानी से धर्मशाला तक पहुंच सकें।

- **समाजसेवी भईयन मिश्रा ने करवाई छात्रों के लिए व्यवस्था**

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इकडरिया में शनिवार रात एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है कि घटना से पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जानकारी के अनुसार ग्राम इकडरिया निवासी रामनरेश वर्मा का 21 वर्षीय पुत्र आकाश वर्मा शनिवार रात खाना खाने के बाद अपनी पत्नी स्वाती और बच्चों के साथ घर के बरामदे में सोने चला गया। रात में सभी लोग सो गए, लेकिन सुबह जब पत्नी स्वाती की नींद खुली तो उसने देखा कि आकाश बिस्तर पर मौजूद नहीं है। इस पर उसने घर के कमरे के पास जाकर देखा तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसे अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद परिवार के लोगों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। कमरे के अंदर आकाश दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घरेलू विवाद में जेठ ने दंपति से की मारपीट

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव सीडेचकरपुर में घरेलू विवाद को लेकर एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नीतू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपने घर पर बैठी थी। इसी दौरान उसके जेठ ने घर के पास गली बंद करना शुरू कर दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि घरेलू विवाद के चलते जेठ ने नीतू के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता ने यह भी बताया कि लगभग 15 दिन पहले भी उसके जेठ ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। मौजूदा घटना में, जब नीतू के पति सरवन ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो जेठ ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।

### जन आरोग्य मेले में 111 को स्वास्थ्य लाभ

**अमृतपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 111 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनकी विभिन्न बीमारियों की जांच एवं उपचार किया गया। डॉ. गौरव वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में आए मरीजों की जांच के दौरान मलेरिया के 13, टाइफाइड के 11, शुगर के 14, बलगम के 6, हेपेटाइटिस-बी के 3, हीमोग्लोबिन के 2 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई। जन आरोग्य मेले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, एएनएम पावनी तथा वार्ड बॉय राकेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### फतेहगढ़ में 27 को निकाली जाएगी रामनवमी शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ में रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक श्री राम लीला परिषद की ओर से दुर्गा मंदिर, बनखडिया में हुई। सभासद अनिल तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में परिषद के अध्यक्ष रविश द्विवेदी (एडवोकेट) सहित सभी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों पर अपने विचार रखे। अध्यक्ष रविश द्विवेदी ने बताया कि रामनवमी का पर्व आगामी 27 मार्च को नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 27 मार्च को सुबह 11 बजे फतेहगढ़ की पुरानी सब्जी मंडी स्थित रामनिवास मंदिर में हवन-पूजन का कार्यक्रम होगा। आचार्य दिनेश चंद्र तिवारी इस कार्यक्रम को विधि-विधान से संपन्न कराएंगे। हवन-पूजन के बाद शाम को फतेहगढ़ के छोटी जेल चौराहा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और दुर्गा माता की आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। परिषद के संरक्षक मुन्ना लाल वार्ष्णेय ने बताया कि फतेहगढ़ नगर की बढ़ती आबादी को देखते हुए इस वर्ष भी शोभायात्रा का आयोजन छोटी जेल चौराहे से ही किया जाएगा। इस अवसर पर बनखडिया क्षेत्र के भक्तों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में चमन टंडन, श्रवण कुमार, अवनींद्र सक्सेना, राम बाबू, शिवम दुबे सहित कई लोग रहे।

# हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलने से किसान चिंतित

**संवाददाता अमृतपुर**

**अमृत विचार।** अमृतपुर क्षेत्र में बदले मौसम ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक तरफ मंडियों में माटी के भाव बिक रहे आलू से किसान परेशान है, वहीं दूसरी ओर आसमान में छाए काले बादल, हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाओं ने किसानों की समस्याओं को बढ़ाने में कोढ़ में खाज का काम किया है।

स्थानीय किसान रामवीर ने बताया कि इस समय मंडियों में आलू माटी के भाव बिक रहा है, जिससे किसानों को लागत तक निकालना मुश्किल हो रहा है। ऊपर से आसमान में घिर आए काले बादल और बूंदाबांदी ने फसल को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। वहीं किसान सेवाराम का कहना है कि मौसम का यह रुख किसानों के लिए


खेत में खुदा पड़ा आलू।

बेहद दुखदाई है। अगर बारिश तेज हो गई तो खेतों में पड़ा आलू और अन्य फसलें खराब हो सकती हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

साथ ही क्षेत्र में चल रही तेज हवाओं के चलते किसानों को गेहूं की खड़ी फसल गिरने का डर भी सता रहा है। यदि तेज हवाएं और बारिश जारी रही तो गेहूं की फसल जमीन पर गिर सकती है।

# डीएम-एसपी ने किया उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**संवाददाता फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज फतेहगढ़ तथा केआर रस्तोगी इंटर



निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ।

कॉलेज फर्रुखाबाद पहुंचकर परीक्षा की तैयारियों को परखा। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों से एक साथ बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के बाहर निकलने के कारण कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कायमगंज में बीज भंडार की दुकान से चोरी, जांच शुरू

**संवाददाता कायमगंज**

**अमृत विचार।** थाना कंपिल क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। बीती रात चोरों ने बड़ी ही चालाकी से पेड़ के सहारे छत पर चढक़र एक बीज भंडार की दुकान में घुसकर नगदी सहित हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान खोलने पर दुकानदार को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी विनीत चौहान उर्फ श्यामू की बीज भंडार की दुकान कंपिल-अलीगंज मार्ग पर कटिया रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित है। बताया गया है कि शनिवार देर शाम विनीत रोजाना की तरह दुकान बंद कर ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। रात के किसी समय अज्ञात चोर दुकान के पीछे खड़े एक पेड़ के सहारे छत पर चढ़ गए। इसके बाद चोरों ने सीढियों में लगे गेट का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान के अंदर रखे लगभग 80 हजार रुपये कीमत का सामान और करीब 12 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर पिलर में लगी सरिया के सहारे छत से ही बाहर निकल गए और फरार हो गए। रविवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गए। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नगदी सहित कई सामान गायब था। पीड़ित दुकानदार ने मामले की लिखित तहरीर दी है।

# ग्राम पंचायत पिथनापुर में खुली एशियन कंप्यूटर की शाखा

**संवाददाता राजपुर**

अमृत विचार। विकास खन्ड राजपुर की ग्राम पंचायत पिथनापुर के गांव गनुआपुर में एशियन कंप्यूटर इन्स्टीट्यूट शाखा राजपुर का रविवार को अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ,ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने दीपप्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

विधायक सुशील शाक्य ,ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी, पत्रकार संगठन के पूर्व अध्यक्ष पवन अग्निहोत्री तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह यादव का माल्यार्पणकर स्वागत किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं व पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर मंचासीन लोगों को राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई। सभा को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने कहा कि इस क्षेत्र में रछपाल ने



एशियन कंप्यूटर इन्स्टीट्यूट में पुरस्कार वितरण समारोह। अमृत विचार

कंप्यूटर शिक्षा लाकर बच्चों का भविष्य उज्जवल किया। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि इस शाखा से राजपुर से लगभग एक हज़ार छात्र-छात्राओ ने कम्प्यूटर शिक्षा पूर्ण की है । इस मौके पर छात्र अंजुल कुशवाहा लेंस त्रिवेदी वैष्णवी नमन सोलंकी शिव अर्पित कुशवाहा कामिनी प्रशांत रोहित अनन्या आकांक्षा प्रशांत सोनू कुशवाहा अनुराधा यादव आशीष यादव प्रांशु प्रशांत त्रिवेदी प्रांजल कुमार छात्र शिक्षक प्रमोद त्रिवेदी राहुल राममूर्ति प्रमोद कुमार योगेंद्र सिंह आदित्य कुमार सिंह प्रभात राजपूत नवीन कुमार वीर बहादुर आदि उपस्थित रहे अंत में शाखा प्रबंधक रक्षपाल कुशवाहा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट कार्यक्रम का समापन किया।

# कांशीराम के अधूरे सपनों को पूरा कर रहे चन्द्रशेखर आजाद

**गुरसहायगंज।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में बहुजन नायक कांशीराम की 92 वीं जयंती व आजाद समाज पार्टी के छठवें स्थापना दिवस पर रविवार को जन सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने बहुजन नायक कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि सरकार उनको भारत रत्न सम्मान दे।

जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि कांशीराम के जाने के बाद उनका मिशन रुक गया था। कांशीराम के दूसरे रूप में चन्द्रशेखर आजाद आए और महापुरुषों के रुके मिशन को पुनः तीव्र गति से आगे बढाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर नेम सिंह, राजू भारती, रजनीकांत, अरशद खां, अखिलेश, पवन गौतम, शेर सिंह, सुशील, तालिब आदि रहे।

# आज आएंगे महंत राजू दास, कृष्ण दास व बालयोगी अरुण पुरी

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास, कानपुर पनकी मंदिर के मुख्य महंत कृष्ण दास महाराज तथा बालयोगी अरुण पुरी महाराज आज जिले में होंगे। इन संतों के नेतृत्व में मानीमऊ ऋषिनगर स्थित आनंदेश्वर धाम से यात्रा का शुभारंभ होगा जो कई क्षेत्रों में पहुंचेगी।

बताया जा रहा है कि 22 से 28 अप्रैल तक आनंदेश्वर धाम में त्रिकालदर्शी पंडोकर सरकार एवं गुजरात के प्रसिद्ध काले कंबल वाले बाबा के भव्य कार्यक्रम होने हैं। उसकी सफलता के लिए सोमवार को जनपद में विशाल यात्रा निकाली जाएगी। धाम के मुख्य महंत पंडित कौशल महाराज एवं सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन के निदेशक प्रभात त्रिपाठी ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य


कार्यक्रम के लिए तैयार होता मंच व मौजूद समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

इस महाआयोजन की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है।

बताया कि यात्रा में मुख्य अतिथि हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास, पनकी मंदिर के मुख्य महंत कृष्ण दास तथा बालयोगी अरुण पुरी शामिल होंगे। यात्रा आनंदेश्वर धाम से प्रारंभ होकर गांव उदैतापुर, ठठिया, नगर पंचायत तिर्वा, इंदरगढ़, कलसान, मढ़पुरा, नादेमऊ, सौरिख तिराहा होते हुए छिबरामऊ पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा फर्रुखाबाद कट से वापस सिकंदरपुर, गुरसहायगंज, मकरंदनगर और सरायमीरा होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त होगी।

**सख्ती** | घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की संभावना पर निकले इंस्पेक्टर व बाबू

# पूर्ति विभाग की छापेमारी में सबकुछ मिला ठीक

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** जिले में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की संभावना को लेकर जिला पूर्ति विभाग की दो टीमों ने दो दिन तक क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान सबकुछ 'चंगा' मिला। कहीं भी गड़बड़ी न मिलने का दावा जिम्मेदारों ने किया है।

डीएसओ कार्यालय से जारी हुई विज्ञप्ति में कहा गया है कि 14 मार्च को गुगरापुर, तिलपई चौराहा, जनसेवा केंद्र राजपुर, चांदापुर, मानीमऊ, अंधा मोड़ सरायमीरा में संचालित रेस्टोरेंट व अन्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी हुई। 15 मार्च को तिर्वा बाजार के 05 रेस्टोरेंट, अश्वनी गैस


तिर्वा में अश्वनी गैस एजेंसी के गोदाम पर खड़े पूर्ति विभाग के जिम्मेदार।

एजेंसी, समधन एवं गुरसहायगंज स्थित गैस एजेंसी, सराय प्रयाग के 02 तथा मलिकपुर के 03 होटलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक केंद्रों पर पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग की जांच की गई। जांच में किसी भी स्थल पर कोई दुरुपयोग नहीं पाया गया। छोटे वेंडर्स को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग अपने व्यावसायिक गतिविधियों में न करें। घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही गैस सिलेंडर जब्त किए जाएंगे। सभी प्रतिष्ठानों को अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई है। घरेलू ईंधन का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और यह जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**तिर्वा, कन्नौज।** एक युवक ने पत्नी से झगड़ने के बाद फंदा लगाकर जान दे दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंभीर पुरवा निवासी मनोज कुमार (32) पुत्र राजकुमार दिल्ली में रह कर प्राइवेट नौकरी करता था। बताया गया कि रविवार को करीब तीन बजे मनोज शराब पीकर आया तो पत्नी से विवाद हो गया। इसके बाद वह दिल्ली जाने की बात कह बैग लेकर घर से निकल गया। करीब चार बजे कपूरापुर नदी रोड के किनारे खड़े आम के पेड़ में उसका शव अंगोछे के फंदे से लटका मिला। खेत पर कृषि कार्य कर रहे ग्रामीणों ने उसके घर सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार और गांव के लोग पहुंचे तथा शव को अंगोछे को काट कर उतार लिया।

# मानवता से बड़ा नहीं होता है कोई भी धर्म : रामस्वरूपाचार्य

**संवाददाता गुरसहायगंज**

- **कामदगिरि पीठ के पीठाधीश्वर मोहल्ला रामगंज पहुंचे**
- **पीठाधीश्वर का पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया**

**अमृत विचार।** मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। इससे बड़ा कोई भी नहीं है। यह बात कामदगिरि पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कही।

शनिवार की रात लगभग 12 बजे फर्रुखाबाद से नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र के आवास पर पहुंचे चित्रकूट कामदगिरी के पीठाधीश्वर का पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विजय मिश्र सहित तमाम लोगों ने अंग वस्त्र भेंट कर आरती वंदना की। पीठाधीश्वर ने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलना और मानवता का कार्य करना ही सच्ची भक्ति है। इस दौरान पंडित राकेश चंद द्विवेदी, आदेश मिश्रा, संजीव दुबे मुन्ना, पंडित चंदन त्रिपाठी, राजू दुबे, संदीप त्रिवेदी, राजेंद्र बाबू द्विवेदी, विनय मिश्रा, राजीव त्रिवेदी, अमित गुप्ता, दिलीप शुक्ला, प्रदीप मिश्रा, आकाश मिश्रा, संजू मिश्रा, रामू त्रिपाठी, सूरज गुप्ता, तरुण मिश्रा, तनिष्क गुप्ता, विनय त्रिपाठी, ओम मिश्रा, कैलाश, महेंद्र क्षितिज शुक्ला, संजय तिवारी, आलोक द्विवेदी, अभी द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रसोई गैस की किल्लत के लिए सरकार जिम्मेदार

इटावा। किसानसभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने गैस की किल्लत, गैस की कालाबाजारी और मारामारी के लिए मोदी सरकार की अमरीका-इजरायल परस्त और कारपोरेटस को लूट की छूट की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। इससे भारत की जनता पर मंहगाई की मार भी बढ़ी है। किसान नेता मुकुट सिंह ने आलू उत्पादक किसानों की बर्बादी पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि आलू की लागत किसानों को नहीं मिल रही है। सरकार को तत्काल कदम उठाते हुए आलू का समर्थन मूल्य 1650 रुपये क्विंटल कुंटल घोषित कर आलू खरीद की गारंटी लेनी चाहिए और कोल्ड स्टोर के भाड़े में रिआयत की घोषणा करनी चाहिए।

### ज्ञानस्थली में होली मिलन समारोह 22 को

इटावा। करवाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में 22 मार्च को होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में फूलों की होली और पारंपरिक फाग और गीतों से पूरे विद्यालय प्रांगण को उत्सवमय बनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को शोभायमान बनाने के लिए डीपी .यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय परिवर्तन दल, प्रो .रामबख्श वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, प्रो . सुलेमान राष्ट्रीय अध्यक्ष इण्डियन नेशनल लीग, साहब सिंह धनगर संस्थापक राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, गगन यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय परिवर्तन दल आदि उपस्थित रहेंगे।

### बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

इटावा। अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र कालीवाहन ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आज 16 मार्च को विद्युत उपकेंद्र कालीवाहन बिजली घर कि 33 केवी लाइन के नीचे के पेड़ की कटिंग होने और 11 केवी फीडर की टेस्टिंग होने के कारण फीडर शाहग्रान, करनपुरा, सुमेरसिंह किला, लायंसफारी, नमामि गंगे और छैराहा की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम दोपहर 2 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

### किशोरी को अकेला पाकर की छेड़छाड़

इकदिल। क्षेत्र के गांव रामनगर में खेत पर मजदूरी करने गई किशोरी को अकेला पाकर गांव के ही दो युवकों ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता के भाई ने थाने में दो युवकों के खिलाफ तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता के भाई ने तहरीर दी है। मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा।

### किशोरी पर टिप्पणी को लेकर हुई मारपीट

इटावा। यशोदा नगर स्थित एक मैरिज होम में शनिवार रात वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान किशोरी पर टिप्पणी करने को लेकर जमकर मारपीट हो गई और एक-दूसरे पर कुर्सियां चलने लगीं। देखते ही देखते मामूली विवाद बढ़ गया और शादी का कार्यक्रम कुछ समय के लिए हंगामे में बदल गया। सुल्तानपुरा निवासी युवक की बेटी की शादी का कार्यक्रम थाना फ्रेंडस कॉलोनी के यशोदा नगर के एक मैरिज होम में चल रहा था। बारात आने से पहले मेहमान दावत का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले भाई-बहन भी शादी में दावत खाने पहुंचे थे। टिक्की खाने के दौरान कुछ युवकों ने किशोरी पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इस पर उसके भाई ने विरोध जताया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और वहां मौजूद एक दर्जन से अधिक लोगों ने भाई-बहन के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान भाई को बचाने के प्रयास में बहन को भी चोटें आईं। थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि इस मामले तहरीर मिलने पर जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### खोए बालक को पुलिस ने बरामद किया

इटावा। थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा परिवार से बिछड़े एक नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। बताया गया है कि भानु प्रताप का आठ वर्षीय पुत्र अनुराग अचानक गायाब हो गया था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने खोजबीन की और खरदूली रोड से बालक को बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इससे परिजनों में हर्ष दिखाई दिया।

# शांतिपूर्ण ढंग से निपटी परीक्षा

## जिले में दो दिन दो पालियों में हुई पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा, डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से रविवार को सम्पन्न हो गई। जिले में बनाए गए 11 परीक्षा केंद्रों पर हजारों अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। अभ्यर्थियों का प्रवेश सख्त चेकिंग के बाद कराया गया।

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने स्ट्रांग रूम और विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा से जुड़ी अन्य तैयारियों का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। ताकि परीक्षा पूरी तरह से शांति पूर्ण ढंग से हो सके।

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहे। प्रशासन और पुलिस की संयुक्त निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराई गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी भी मौजूद रहे।



जीआईसी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

### चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी का गठन

इटावा। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार एवं जिला मंत्री पवन कुमार ने बैठक में शाखा इटावा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया।

जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ज्ञान सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दुर्गेश भारती महेवा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, अनूप कुमार, जिला संगठन मंत्री पद पर रणवीर सिंह, जिला प्रभारी शोभराज, जिला उपाध्यक्ष पद पर रंजीत, प्रिया, रतन, प्रवीन, रंजन, आकाश, कमलेश, अमित, दीपक, धर्मेंद्र, विक्रम, अनिल कुमार, जिला संप्रेक्षक संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी नीलम देवी महिला संघ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनीत पदाधिकारी को बैठक में शपथ ग्रहण कराई गई। बैठक में अमित कुमार, दीपक, अनूप कमलेश, राकेश ,धर्मेंद्र सिंह, सतवीर, उमेश, राजन ,रंजीत विशाल आदि मौजूद रहे।

# अब राज्यस्तरीय खो खो में दिखायेंगे जलवा



अतिथियों व शिक्षकों के साथ चयनित बालक बालिकाएं। अमृत विचार

संवाददाता संवाददताता इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश खो खो की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय खो खो टूर्नामेंट के लिए इटावा के बालक, बालिकाओं की टीमों का चयन किया गया है। यहां जिला खो खो एसोसिएशन की ओर से एसपीएस ग्लोबल स्कूल कैस्त जसवंतनगर में यह चयन ट्रायल किया गया। इसमें बालकों की टीम के लिए 15 छात्रों और बालिकाओं की टीम के लिए 15 छात्राओं का चयन किया गया।

मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव ने बालक बालिकाओं के खेल को देखा और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जिनका चयन नहीं हो पाया है वे अपने प्रयास जारी रखें। चयन की यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर बाद तक चली। इसमें 200 से अधिक बालक बालिकाओं ने चयन के लिए दावेदारी की। यह सभी चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो 20 मार्च से बिजनौर में कराई जाएगी। जिला क्रीड़ा सचिव हिमांशु यादव के प्रयास से यह चयन किया गया और टीमों का गठन किया गया।

# भाजपा ब्राह्मणों को अपमानित व नीचा दिखाने में जुटी : शिवपाल

कार्यालय संवाददताता इटावा



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते शिवपाल यादव साथ में अन्य।

- कांशीराम की जयंती समारोह में बोले शिवपाल यादव

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि पिछले 6 महीने से भाजपा ब्राह्मणों को अपमानित और नीचा दिखाने में जुटी हुई है। वह कांशीराम की जन्म जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए थे। दरोगा भर्ती परीक्षा में पंडित नाम से पूछे गए सवाल को लेकर के उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिये।

शिवपाल सिंह ने भाजपा को ब्राह्मणों के अपमान के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पिछले 6 माह से हम देख रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों को अपमानित किया जा रहा है। प्रदेश में 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की हुंकार शिवपाल सिंह यादव ने भरी है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि बहुजन समाज से जुड़े हुए लोगों के बीच जाएं और अपने पक्ष में खड़े करने का काम करें।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने बहुत अच्छा संविधान बनाया जिसका फायदा हर वर्ग को मिल रहा था लेकिन केंद्र राज्य में भाजपा की सरकार ने संविधान को तोड़ा जाना शुरू कर दिया है। पूरा पीडीए परिवार एक होकर भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के काम करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू विधायक राघवेंद्र गौतम, सांसद जितेंद्र दोहरे ,रामनरेश यादव मिनी , रामसेवक यादव लाखन सिंह जाटव उदयभान सिंह यादव, गोपाल यादव उमेश राजपूत डुल्ले के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महिला की फांसी से मौत, 9 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट

भरथना। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोपियागंज में एक महिला की फांसी से मौत हो गई। विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत 9 लोगों पर दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित पिता रजनीश निवासी चमरौआ कानपुर देहात ने बताया कि पुत्री एकता की शादी 11 जुलाई 2024 को 10 लाख रुपये खर्च कर इंद्रेश के साथ की थी। इसके बावजूद ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे और पुत्री का पति इंद्रेश, ससुर छेदालाल, सास चंदा देवी समेत रामकैलाश, छल्लू, बल्लू, विमल, जेठानी संध्या व खुशबू अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपये की मांग को लेकर पुत्री के साथ मारपीट करते थे। बीती 13 मार्च को आरोपियों ने मेरी पुत्री की हत्या कर दी। थाना पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अली कालोनी मस्जिद में कुरान मुकम्मल होने पर हुआ समारोह

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। अली कालोनी बाह अड्डा मस्जिद में रमज़ान उल मुबारक में कुरान मुकम्मल होने पर मुतवल्ली हाजी मुईनउद्दीन गुड्डू मंसूरी की ओर से सम्मान समारोह और नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया।

मस्जिद अली कालौनी बाह अड्डा के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद जमाल उद्दीन द्वारा रमज़ान में कुरान मुकम्मल करने पर मस्जिद के मुतवल्ली हाजी गुडडू मंसूरी ने उन्हें साफा पहनाकर व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मौलाना जाहिद रज़ा ने कहा कि अल्लाह ने कुरान को नाजिल किया और फरमाया कुरान की हिफाजत मेरे जिम्मे है। अल्लाह ने और भी नबियों पर नाजिल होने वाली किताबों का जिम्मा नहीं लिया। यही वजह है कि कुरान में कोई भी बदलाव मुमकिन नहीं है। जो कुरान 1400 साल पहले नाजिल हुआ वही कुरान कयामत तक बाकी रहेगा। संचालन करते हुए नदीम अहमद बरकाती ने कहा जब जब चली है गर्दन ए बातिल पर ही चली, हैदर की जुल्फिकार समझदार बहुत है। इंतखाब आलम रौनक ने कहा हम गुलामे अली इब्ने अबु तालिब हैं, हक पे मरने को हम फौलादी जिगर रखते हैं। कार्यक्रम में हाजी गुडडू मंसूरी ने हाजी लड्डन मंसूरी, हाफिज मोहम्मद अहमद, हाफिज फैजान अहमद, तसलीम मंसुरी एड., साजिद हुसैन वारसी, इफ्तिखार मिर्जा, मसूद तैमूरी, शावेज नक़्वी,जैनुल आबेदीन, रिजवान कुरैशी सहित तमाम लोगों को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौलाना फुरकान अहमद, हाफ़िज़ मो. कैफ, मो. आमिर मंसूरी, सैफ मंसूरी, अरशद वारसी, परवेज उर्फ मुन्नू चौधरी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते मौलाना जाहिद रज़ा व उपस्थित लोग। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव के समापन पर हुआ 11 कुंडीय यज्ञ

भरथना। कस्बा के मोहल्ला गली गोदाम स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय 103वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत पांचवें व अंतिम दिन रविवार को 11 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया।

आचार्य वैदिक प्रवक्ता हरिशंकर अग्निहोत्री व आचार्य प्रभुवेश की गरिमामयी मौजूदगी में आयोजित यज्ञ में आर्य बंधुओं ने पावन आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर दोनों आचार्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि यज्ञ वैदिक संस्कृति की महान परंपरा है, जो पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों को प्रतीक चिन्ह व पट्टिका पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इस दौरान देवेंद्र भंसाली आर्य, भगवान दास आर्य, सुरेश चंद्र आर्य, मूलचंद्र आर्य, अजय आर्य, अनिल रहे।

# अन्याय के खिलाफ एकजुट हों जरूरतमंदों की करें मदद : दुबे



अरुण दुबे को परशुराम का चित्र भेंट कर स्वागत करते समाज के लोग। अमृत विचार

संवाददताता भरथना इटावा

अमृत विचार। आगामी 19 अप्रैल को इटावा में आयोजित होने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को मोहल्ला गिरधारीपुरा स्थित श्रीकृष्ण वाटिका में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्राह्मण समाज महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पं. अरुण दुबे भी रहे।

उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम न्याय, धर्म और साहस के प्रतीक हैं। उनके आदर्श समाज को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने ब्राह्मण समाज से आह्वान किया कि समाज के साथ कहीं भी अन्याय हो तो सभी लोग एकजुट होकर उसका विरोध करें और समाज की एकता को मजबूत बनाएं। पदाधिकारियों ने सभी से आयोजन को सफल और ऐतिहासिक बनाने में सहयोग की अपील की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, इटावा जिलाध्यक्ष एस.के. दीक्षित, विपिन बिहारी दुबे, महेश चंद्र शुक्ला, हरिश्चंद्र पांडेय, हरि योगेंद्र तिवारी, गोपाल तिवारी, बालगोविंद दुबे, मोना चौबे, राजीव तिवारी आदि रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में ग्राम प्रधान सहित 9 लोग घायल

कार्यालय संवाददताता इटावा

अमृत विचार। जनपद के विभिन्न स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में प्रधान सहित 9 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत नगला नन्दन निवासी शिवा व आनन्द भरथना रोड स्थित भट्टे से बाइक द्वारा घर जा रहे थे तभी हर्राजपुर के पास बाइकों की आपस मे भिड़न्त होने से दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत लखना वन विभाग रेंज कोठी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से हरिओम निवासी ग्राम बरौली लवेदी घायल हो गया। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत ग्वालियर बाईपास के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक शिवम निवासी टाटा मोटर के पास पिलखर इकदिल घायल हो गया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत सीएनजी पम्प के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से श्री प्रकाश निवासी मोड़ी भरथना घायल हो गया।

वहीं लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्कपुर निवासी अंशू ने बताया कि उसका भतीजा आरब सैनिक स्कूल उदी मोड़ में कक्षा 6 में पढ़ता है। रविवार की सुबह उसकी भाभी मानसी , ग्राम प्रधान नारायणी देवी, अनिल कुमार, दिलीप कुमार का साला ऋषभ निवासी औरैया सहित कई लोग टिर्री में बैठकर आरब से मिलने जा रहे थे। टिर्री ग्राम ददौरा के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में मानसी और ग्राम प्रधान नारायणी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। कन्नौज जनपद के थाना व कस्बा इन्दरगढ़ निवासी चंदन सिंह बाइक से बकेवर से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भरथना बकेवर मार्ग पर ग्राम हर्राजपुर के निकट पहुंची, तभी भरथना की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित बाइक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चंदन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें उपचार के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर भिजवाया। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम सराय मिठ्ठे निवासी 60 वर्षीय किसान राम गोपाल पैदल खेतों की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम लबारपुरा के सामने सर्विस रोड पर पहुंचे तभी एक बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राम गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजनों ने उन्हें 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

### ट्रेन से गिरे दूसरे युवक की भी हुई शिनाख्त

भरथना। मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो युवकों की मौत के मामले में दूसरे अज्ञात मृतक की भी शिनाख्त हो गई है।

जीआरपी के अनुसार दूसरे मृतक की पहचान बैनाम उरांव (35) पुत्र किशनु उरांव निवासी जोराग करौंदी , थाना व जिला गुमला झारखंड के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक के मोबाइल पर उसके बहनोई सुनील का फोन आने पर पुलिस को उसकी पहचान करने में सफलता मिली है। मृतक के बहनोई सुनील ने बताया कि बैनाम उरांव हिमाचल में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था और वह हिमाचल प्रदेश से अपने घर झारखंड जा रहा था। परिवारीजन सोमवार की सुबह इटावा पहुंचेंगे। एक अन्य युवक की शिनाख्त सोहिल निवासी अमौली रुरा के रूप में हो चुकी थी। वहीं परिजनों को मौत की जानकारी मिलते ही उनमें कोहराम मच गया।

## धर्म-अध्यात्म

### कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया

# राधा माधव भजन संकीर्तन की मस्ती में डूबे भक्त

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल शाखा इटावा के दो दिवसीय वार्षिक श्री हरि नाम संकीर्तन उत्सव के दूसरे सत्र में सायंकाल जनपद के प्रसिद्ध काली वाहन मंदिर पर भक्ति रस की ऐसी गंगा प्रवाहित हुई कि कार्यक्रम में उपस्थित भक्त श्रद्धालु देर रात तक भजन संकीर्तन की मस्ती में डूबे रहे। इस सत्र की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता संटू का मण्डल शाखा की महिला अध्यक्ष मनीषा शुक्ला ने माल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

माता महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के सानिध्य और संरक्षण में देश के प्रसिद्ध भजन गायक अखिल भारतीय संस्था के युधिष्ठिर मलिक, सुनील मलिक (मिंटू जी) बरेली, राजीव शास्त्री सोनीपत, विवेक सवलोक गोविन्द अम्बाला एवं अंतर्राष्ट्रीय भागवताचार्य मनमोहन गोस्वामी नवकानन गोवर्धन ने भजौ राधे गोविंद भजौ राधे गोविंद, वृंदावन की शोभा देखत मेरे नैन सिरात हैं, कुंजन कुंजन हर्षात सबके गात। हरी ने पूछ लिया बैकुंठ जाना है, मैंने भी पूछ लिया क्या वहां बरसाना है और फिर उनके द्वारा गाए होरी गीतों, खेल फाग घर आयो जैसे गीतों की ऐसी रस वर्षा की कि वहां उपस्थित भक्त श्रद्धालु झूमकर नृत्य कर उठे और भजन संकीर्तन का यह आनंद मध्य रात्रि तक बरसता रहा।

उत्सव के दूसरे दिन रविवार को इटावा बकेवर के मध्य हाईवे पर स्थित राधे राधे रिसॉर्ट में भजन संकीर्तन की खूब धूम रही। इस सत्र के संयोजक निखिल अग्रवाल ने सभी अतिथियों और भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, महासचिव विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, सचिव नारायण किशोर वाजपेई, अरविंद पोरवाल, महिला अध्यक्ष मनीषा शुक्ला, राजेश वाजपेई, राम कुमार दुबे, प्रेम किशोर द्विवेदी, राम शरण गुप्ता, कृपानारायण तिवारी, नरेश चंद्र यादव, संजय चौबे, राजेंद्र सिंह वर्मा के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।



भजनों पर झूमते भक्तगण। अमृत विचार

### फांसी लगाकर अधेड़ ने दी जान

बकेवर। क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर में रात एक अधेड़ ने गृह क्लेश के चलते कमरे में साड़ी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अहेरीपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ पप्पू नशे का आदी बताया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार वह अक्सर शराब के नशे में घर में विवाद और झगड़ा करता था। शनिवार रात भी किसी बात को लेकर घर में कहासुनी और झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसने घर में कमरे में जाकर कुंडे से साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। थाना प्रभारी विपिन मलिक ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# निजी भूमि पर राशन की दुकान निर्माण का आरोप

संवाददताता बसरेहर इटावा

- जिलाधिकारी, विधायक और सीएम पोर्टल पर की शिकायत

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकबरपुर में राशन वितरण के लिए बन रही सरकारी राशन वितरण की दुकान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एक किसान ने आरोप लगाया है। कि उसकी निजी जमीन पर जबरन नाप-तौल कर राशन वितरण की दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी, सदर विधायक और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।

चकबा बुजुर्ग निवासी किसान कमलेश कुमार का आरोप है। उसकी जमीन अकबरपुर ग्राम पंचायत में है। जो कि उसके निजी खेत के गाटा संख्या 316, जो लगभग 9 बीघा क्षेत्रफल का है। की जमीन मौके पर कम दिखाई जाती है और उससे सटी गाटा संख्या 314, जो बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। का सहारा लेकर उसके खेत में जबरन जमीन निकाली जा रही है। किसान का कहना है कि बंजर भूमि पर पहले ही जिला पंचायत द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा चुका है। लेकिन लेखपाल द्वारा उसके खेत में बंजर भूमि दिखाकर उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल नष्ट कर व हरे वृक्षों को काट कर राशन की दुकान का निर्माण शुरू करा दिया गया है। मामले में उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव ने बताया कि शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ


स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

## ब्लॉक के चलते खड़ी रही एक्सप्रेस ट्रेनें

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली रेलमार्ग के अछल्दा स्टेशन और घसारा रेलवे ब्लाक हट स्टेशन के मध्य रविवार दिन के 1 बजे से 1:50 बजे तक ब्लाक लेकर रेलवे में काम होने के चलते गाड़ी संख्या O2877 रांची आनंद विहार एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन अछल्दा के प्लेट फॉर्म नंबर 4 लूप लाइन पर होली स्पेशल एक्सप्रेस को मेन लाइन पर चल रहे ब्लॉक के चलते 1:39 बजे रोका, 2:14 पर गंतव्य को रवाना हुई। गाड़ी संख्या 03293 अछल्दा के प्लेट फॉर्म नंबर 3 पर पटना जंक्शन से नई दिल्ली जा रही पटना आंनन्द बिहार होली स्पेशल एक्सप्रेस को 1:30 बजे रोका जो 2:0 3 मिनट पर रवाना हुई। रेलवे सुरक्षा बल कांस्टेबल देवेन्द्र गुर्जर और कांस्टेवल हरेंद्र कुमार प्लेटफार्म पर खड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों की देखरेख में रहे।

## प्रशिक्षण सत्र में दिया मार्गदर्शन

**औरैया।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जनपद औरैया के मंडल औरैया नगर में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री एवं अभियान के क्षेत्रीय संयोजक रामकिशोर साहू ने कार्यकर्ताओं को "इतिहास विकास" के विषय पर मार्गदर्शन दिया। संगठन की विचारधारा, कार्यशैली एवं राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सत्र की अध्यक्षता सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने की। साथ ही वर्ग प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, अभियान जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री शिव सिंह भारती, मंडल अध्यक्ष राम जी वाजपेई, संचालक/मंडल महामंत्री कपिल गुप्ता सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध करने का संकल्प लिया गया।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत

### परिजन का रो-रोकर बुरा हाल, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता बेला, औरैया


घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बेला-दिबियापुर मार्ग स्थित गांव पुर्वा सुजान निवासी नौशाद मंसूरी की छह वर्षीय बेटी अनाया रविवार सुबह अपने भाई बहनों व अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। करीब साढ़े नौ बजे अचानक मासूम अनाया सड़क पर पहुंच गयी तभी बेला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप उसे टक्कर मारते हुए सहार की तरफ भाग गयी। जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी।


अनाया।

टक्कर होते ही परिजन घर से निकलकर सड़क पर मासूम के शव के पास बैठकर रोने बिलखने लगे व डायल 112 पुलिस समेत थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस ने शव को सड़क से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए चिचोली स्थित मेडिकल कॉलेज भेज दिया। थोड़ी ही देर में घटनास्थल पर थाना सहार, बिधूना व एरवाकटरा की पुलिस भी पहुंच गयी। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस ने पिकअप को थाना सहार क्षेत्र के गांव रावतपुरवा से बरामद कर थाने में खड़ा करा दिया। मासूम की मां नसरीन व बड़ी बहन जोया (10) व बड़ा भाई गोलू (8) का रोरोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया हैं की पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टक्कर मारने वाली पिकअप को पकड़कर थाने लाया गया है।

## अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, 6 यात्री गंभीर रूप से घायल

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादगंज तिराहे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ऑटो सवार सात यात्रियों में से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीकमपुर आंशिक विंदपुर निवासी शनि कुमार पुत्र विवेक अपना ऑटो लेकर सवारियों के साथ जा रहा था। सुबह करीब 8:30 बजे जैसे ही ऑटो मुरादगंज तिराहे के समीप पहुँचा, चालक अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण


मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

वह सड़क पर बुरी तरह लहराया और पलट गया।

घायलों में महिलाओं और किशोरियों की संख्या अधिक है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। इस दुर्घटना में गन्नू के पुरवा निवासी स्वाति (15), नरेश (25), सुमन (18), सरोजनी (40) और खुशबू (20) सहित कुल छह लोग लहूलुहान हो गए। सभी घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क के बीच से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया।

## करंट लगने से किशोर झुलसा, कानपुर रेफर

**दिबियापुर, औरैया।** थाना क्षेत्र के असेनी गांव में ट्रैक्टर की ट्रॉली में खेलते समय एक किशोर को 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार असेनी गांव निवासी आयुष (8 वर्ष) घर के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में खड़े होकर शनिवार देर शाम खेल रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों के अनुसार बिजली का तार काफी नीचे होने के कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने पावर हाउस को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद कराई और एंबुलेंस की मदद से घायल किशोर को सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया।

## मैथिल स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता औरैया

**15** मार्च को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ

- विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में धूमधाम व उत्साह पूर्वक एक दूसरे को लगाया गुलाल

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में शहर के मोहल्ला ब्रह्मनगर स्थित मैथिल आदर्श विद्यालय में होली मिलन कार्यक्रम उत्साह एवं धूमधाम पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर गले मिले। इसके साथ ही होली त्यौहार की शुभकामनाएं प्रदान की हैं। इसके अलावा एक जुटता के साथ समाज के लोगों को जागरुक कर आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बढ़ाने पर जोर दिया गया।

शहर के मोहल्ला ब्रह्मनगर स्थित मैथिल आदर्श विद्यालय में रविवार 15 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान शहर के स्वजातीय बंधुओं बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक दूसरे के माथे पर अवीर- गुलाल लगाकर एक दूसरे के गले मिले। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि आज हम सभी बंधुओं को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बढ़ाने की बड़ी आवश्यकता है।

संगठन में ही शक्ति है। इस लिए स्वजातीय बंधुओं को एकजुटता दिखाने की विशेष जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज के लोगों को जागरूक करते हुए उनके हकों व अधिकारों के लिए हर संभव प्रयास करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान कई लोग मौजूद रहे।संस्थान के पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि होली मिलन जैसे कार्यक्रमों से समाज के लोगों में जागृति आती है। इसके साथ ही आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बढ़ता है। समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। मैथिल शर्मा समाज के जिला अध्यक्ष नाथूराम शर्मा ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है इसके लिए एक जुटता प्रदर्शित करना अनिवार्य है। संगठन की मजबूती से ही समाज का उत्थान संभव है। समाज के उत्थान के लिए हम सभी को मिलजुल कर भाईचारा के साथ काम करने की बहुत जरूरत है। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व उपनिरीक्षक राम आसरे शर्मा, संगठन के महामंत्री मुकेश शर्मा, समाजसेवी राम कुमार शर्मा, प्रबंधक चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रबंधक राजेश शर्मा, लालू शर्मा, मोहन शर्मा सहित अन्य स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

## कांशीराम ने सामाजिक समानता के लिए किया संघर्ष

संवाददाता औरैया

- कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में मौजूद रहे पदाधिकारी व कार्यकर्ता
- पीडीए के तहत किया गया था कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद औरैया में समाजवादी पार्टी द्वारा बहुजन समाज के महान नेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर नेशनल हाईवे पर स्थित साई मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा कांशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने की। पूर्व विधायक विनोद यादव कक्का ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम ने देश में सामाजिक समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने समाज के पिछड़े, दलित और शोषित वर्गों को राजनीतिक रूप से जागरूक करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से सामाजिक न्याय और समानता की पक्षधर रही है। उन्होंने बताया कि समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम को इटावा से सांसद बनने का अवसर दिलाया था, जो उस समय सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बन गया। लालजी शुक्ला ने कहा कि कांशीराम के विचार समाज को बराबरी और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर बिधूना विधायक रेखा वर्मा, पूर्व विधायक विनोद उर्फ कक्का यादव, वरिष्ठ सपा नेता लालजी शुक्ला, अनवर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजवीर यादव, श्याम बाबू यादव, बबलू नायक, समरथपाल, योगेश विरासिया, मधु यादव, रश्मि यादव, स्नेह लता, बाबा राम नरेश, महेंद्र त्रिपाठी, खुशी लाल निषाद, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव आदि लोग रहे।

## घरेलू बंटवारे के विवाद में मारपीट, तीन लोग घायल

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर में घरेलू बंटवारे के विवाद को लेकर परिवार के ही लोगों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गांव मिश्रीपुर निवासी रामकुमार पुत्र बाल विहासी कुशवाहा (40) व उनकी मां त्रिवेणी देवी (70) के साथ उनकी छोटी पुत्रवधू अर्चना देवी पत्नी विपिन कुमार (22) का शनिवार रात करीब 8 बजे किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि अर्चना देवी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब वृद्धा त्रिवेणी देवी ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। बताया गया कि इसी दौरान अर्चना देवी ने लाठी-डंडों से सास और जेठ पर हमला कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में तीनों लोग घायल हो गए। घायल रामकुमार व त्रिवेणी देवी को परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया, जहां डॉ. ललित मोहन ने प्राथमिक उपचार के बाद रामकुमार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अर्चना देवी ने पहले मोहम्मदाबाद के एक निजी क्लीनिक में उपचार कराया, बाद में पति के साथ निजी वाहन से सीएचसी अछल्दा पहुंचीं। यहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस को सूचना दे दी गई। दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण करा दिया गया है मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## घर में लगी आग, दो बाइक समेत लाखों का सामान जलकर राख

**बिधूना, औरैया।** कस्बे के मोहल्ला जवाहरनगर निवासी विशाल कुमार पुत्र हृदयेश कुमार मणिपुर में बीएसएफ में तैनात हैं। शनिवार की देर रात्रि विशाल के मकान में आग लग गई। जिससे घर के अंदर खड़ी दो बाइकें, इन्वर्टर-बैटरा और घर गृहस्थी का कीमती सामान जलकर राख हो गया।विशाल के भांजे ऋषभ ने बताया कि शनिवार रात करीब 1:30 बजे फिटनेस जोन जिम के पास स्थित उनके मकान में शॉर्ट सर्किट हुआ।

आग इतनी तेजी से फैली कि घर में सो रहे 6 लोगों को शुरुआत में इसकी भनक तक नहीं लगी। जब आग की लपटें भड़कीं और धुंआ फैला, तब परिजनों की नींद खुली और आनन-फानन में शोर मचाया। आग की लपटें देख आसपास के पड़ोसी मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने अपने निजी सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पड़ोसियों और दमकल कर्मियों के सामूहिक प्रयासों से करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इस हादसे में घर के अंदर खड़ी दो मोटरसाइकिलें पूरी तरह जल गईं। इसके अलावा इन्वर्टर, बैटरा और राशन व अन्य जरूरी सामान भी जलकर नष्ट हो गया।


महिला थाने में मौजूद दंपति। अमृत विचार

## नई किरण प्रोजेक्ट से जुड़े दो परिवारों में जली उम्मीद की लौ

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को महिला थाना ककोर में प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान दो ऐसे परिवारों के मामलों पर विशेष रूप से सुनवाई हुई, जिनमें पति-पत्नी आपसी वैचारिक मतभेद के कारण पिछले कुछ समय से अलग रह रहे थे और एक साथ रहने को तैयार नहीं थे। इससे परिवार टूटने की स्थिति बन गई थी। महिला थाना टीम ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर उनके बीच चल रहे मनमुटाव और कलह को दूर कराया। काउंसिलिंग के बाद दोनों दंपतियों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। इसके बाद उन्हें खुशी-खुशी परिवार के साथ विदा किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रोजेक्ट नई किरण के माध्यम से टूटते परिवारों को जोड़ने और पारिवारिक विवादों को आपसी समझ से सुलझाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## नहर में कूदा युवक डूबा नहीं मिल रहा कोई सुराग

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव डमरपुर स्थित रामगंगा नहर की झील के पास रविवार दोपहर करीब दो बजे जनपद कानपुर देहात के थाना व कस्बा रसूलाबाद बंगाली कॉलोनी महेंद्र नगर निवासी तीन दोस्त विदान बंगाली (40) पुत्र विमल सेन , विवेक (32) पुत्र विमल सील व शेखर (20) पुत्र नारायण आये और यहां बैठकर शराब पार्टी की उसके बाद तीनो नहर में नहाने के लिए कूद गये। कुछ देर बाद विवेक व शेखर तो नहर से बाहर आ गये लेकिन विदान नहर से नहीं निकला।

इसके बाद पीछे से गांव के ही पांच अन्य युवक पहुंच गये उसमे से निखिल मंडल ने करीब तीन बजे डायल 112 पुलिस को विदान के नहर में डूबने की सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने थाना व चौकी पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम व याकूबपुर चौकी इंचार्ज संदीप जादौन मौके पर पहुंचे और सभी की डिटेल नोट कर उच्चधिकारियों को सूचना दी। युवक शनिवार को ही राजस्थान के जोधपुर से मजदूरी करके अपने गांव के ही साथियों के साथ गांव लौटा था। युवक अपने माता पिता का अकेला बेटा था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। युवक की पत्नी सुशीला व तीन बेटियां अर्पिता (14), मन्नू (10) व सिया (2) हैं। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की एसडीआरएफ टीम बुलवाई जा रही है। युवक का जल्द ही पता लगाया जायेगा।

महोत्सव | अछल्दा के गांव सुभानपुर में चल रहे छह दिवसीय मेला महोत्सव के पांचवे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम

# लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता अछल्दा, औरैया


कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड अछल्दा के गांव सुभानपुर में चल रहे छह दिवसीय मेला महोत्सव के पांचवे दिन शनिवार रात सांस्कृतिक, सामाजिक जागरूकता और ओपन टैलेंट इन इंडिया टीम ,सोशल क्रिएटर की प्रस्तुति ने धमाल मचा दिया। तमाम प्रतिभाओं को कमेटी ने सम्मानित किया।


आयोजक रविंद्र कुमार ने कहा कि महोत्सव अद्वितीय और अविस्मरणीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के साथ समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का काम करता है। रात को ओपन टैलेंट इन इंडिया की टीम ने धमाल मचाया। कलाकारों की लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाटक ने कार्यक्रम को और भी रोचक बनाया। खेल प्रतियोगिताओं, कला प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यशालाओं ने लोगों को एक दूसरे से जुड़ने का मौका दिया। सोशल मीडिया क्रिएटर में ज्योति यादव, खुशबू यादव इटावा, अविता यादव जसवन्तनगर, शिवि यादव इटावा, पिंकी यादव शिकोहाबाद, कुंती, कल्लू यादव खुमानपुर, दीक्षा यादव मैनपुरी, रूबी यादव भिण्ड, इश्कि गौतम, सुमन कश्यप, आकांक्षा राजपूत, प्रियंका यादव, सहित सैकड़ों सोशल मीडिया क्रिएटरो को सम्मानित किया गया। इस संबध में मेला आयोजक रविन्द्र सिंह ने बताया मेरे देश की महिलाएं एवं पुरुष सोशल मीडिया के माध्यम से अपने क्षेत्र और अपने हुनर का परिचय दे रहे रहे हैं। मुंबई के कलाकारों के साथ ही स्थानीय कला और कलाकारों को भी एक मंच मिला। मुंबई की पूरी टीम को लाने में स्वयं शुक्ला की अहम भूमिका निभाई गयी और मुंबई से बॉलीवुड सिंगर दिलबर मेहंदी जी, राजा रान्याल जी, रिकी बॉलीबुड सिंगर, अजय मिश्रा, अरविन्द यादव, शिवमोहन द्विवेदी, पंकज गुप्ता, एसएस राजा आदि ने गानों से प्रफुल्लित कर दिया। जूनियर गोविंदा, गौरव पोरवाल, संदीप यादव, अनुष्का, साखी सिंह, नैतिक गुप्ता, टिवंकल, दृष्टि ने अपने नृत्य से महफिल में समा बांध दी। आयोजक मंडल ने माला पहनाकर, शील्ड व प्रमाण देकर सम्मानित किया। कहा कि महोत्सव हमें सिखाते हैं कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर ही हमारी असली पहचान है। इस मौके पर रविन्द्र कुमार, संतराम, सत्य नारायण, विनीता देवी, पूर्व प्रधान मालती, प्रमोद, उमेश कुमार, शिवकुमार यादव, देवेन्द्र दोहरे आदि आयोजकों ने विचार व्यक्त करते हुए महोत्सव भव्य मनाने की बात कही।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता अछल्दा(औरैया)


जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खेरा बघईपुर गांव में शनिवार शाम 7 बजे घर आए युवक ने रात में घर के बाहर खड़े पाखर के पेड़ पर धोती से गले मे फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह मां ने पेड़ पर बेटे को लटका देखा तो उसकी चित्कार निकल पड़ी। ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को उतरवाकर जांच पड़ताल की है।


जितेंद्र पाल।

खेरा गांव निवासी 28 वर्ष जितेंद्र पाल (28 वर्ष) पुत्र शिव नाथ सिंह सब्दलगढ़ राजस्थान में फैक्ट्री में प्राइवेट सर्विस करता था। शनिवार देर शाम 7 बजे घर आया था। रात में किसी समय घर के मकान के बाहर खड़े पाखर पेड़ की डाल पर लाल साड़ी से फंदा लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों में जान दी। रविवार सुबह सात बजे मां ने पेड़ की डाली पर बेटे को फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल पड़ी। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतरवाकर परिजनों से पूछताछ की। मृतक के भाई उपेंद्र पाल ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फंदे पर लटके शव को उतवाया। फॉरेंसिक टीम को जांच परीक्षण हेतु सैंपल एकत्रित किए। भाई ने पुलिस को बताया कि भाई की पत्नी पिछले दो वर्षों से मासूम बेटी 6 वर्ष की दिव्यांशी, बेटा मोनू (2 वर्ष) के साथ मायके चली गई थी तभी से वापस नही आई। दिवंगत प्राइवेट नौकरी करता था। मां के पास घर शाम को ही आया था,खाना खाने बाद सोने चला गया। सुबह पेड़ पर लटका मिला। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाकर मोर्चरी के लिए भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम के आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बे के वार्ड चार के वार्ड सभासद ने सरकारी जमीन पर मकान निर्माण किए जाने की शिकायत थाना दिवस सहित एसडीएम सदर से की थी। जिसमें काम रोकने के निर्देश पुलिस को दिया गया था। लेकिन रोक लगाने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। कस्बा के वार्ड चार निवासी सभासद आशा सोनकर ने थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया था कि भगत तालाब के पास वार्ड आठ निवासी हल्लू उर्फ रामरतन के द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है। इस पर रोक लगाए जाने की मांग की गई थी। तब एसडीएम के आदेश से थाना पुलिस व लेखपाल ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। लेकिन उनके जाने के बाद हल्लू द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### बोलेरो की टक्कर से वृद्ध घायल

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे में हाईवे किनारे घर के बाहर बैठे वृद्ध को तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वृद्ध को गंभीर चोटें लगी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बस स्टाफ के निवासी राजकुमार उर्फ कारेलाल ने बताया कि वह घर के दरवाजे में सुबह 7 बजे बैठा था तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कुरारा (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के सिवनी गांव के पास सड़क के किनारे खड़े 15 वर्षीय किशोर को बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारने पर घायल के दादा ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी रमेश सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने थाने मे दी तहरीर मे बताया कि बीते 10 मार्च को रात 8 बजे मेरा नाती अमन सिंह (15) गांव के बाहर सड़क के किनारे खड़ा था। तभी मिश्रीपुर गांव निवासी प्रवीण उर्फ कल्लू कबीर पुत्र शिव प्रसाद ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए मेरे नाती को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

### बारातियों की आपस में कहासुनी के बाद जमकर चले लात-घूसे

हमीरपुर। शादी समारोह में शामिल होने गए बारातियों की आपस में कहासुनी के बाद जमकर लात घूसे चले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि किसी भी पक्ष द्वारा अभी तक कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। सदर कोतवाली क्षेत्र के अमिरता गांव निवासी नितेश निषाद पुत्र रामखेलावन का विवाह शहर के कजियाना मुहाल निवासी रोशनी निषाद पुत्री स्व. राजेंद्र निषाद के साथ बीते शनिवार को होना था। नितेश की बारात समय पर शहर के अमन शहीद मुहाल स्थित पूजा गेस्ट हाउस पहुंच गई थी। गेस्ट हाउस के बाहर कुछ बाराती आपस में कहासुनी करने लगे, तभी विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में लात घूसे चलने लगे।कुछ बारातियों को चोटें भी आई है। लड़ाई झगड़े का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

# आश्रम पद्धति विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

- 906 आवेदनों में से 208 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**02** पालियों में आयोजित हुई परीक्षा

**अमृत विचार।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के छात्रों को आवासीय शिक्षा दिलाने के लिए पूर्व में निर्धारित प्रवेश परीक्षा रविवार को दो पालियों में संपन्न हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 906 अभ्यर्थीयों में से 208 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा छोड़ दी है।

गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाले कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कराने के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से इस वर्ष भी आवासीय शिक्षा के लिए प्रवेश दिलाने के लिए सीटें आरक्षित की गई थीं। जिसमें छात्रों को शिक्षा के साथ विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि विद्यालय में शैक्षिक वर्ष 2026-27 में कक्षा 6,7, 8 एवं 9 में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिए पूर्व में निर्धारित प्रवेश परीक्षा 15 मार्च को आयोजित होनी थी। रविवार को मुख्यालय के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित आश्रम पद्धति विद्यालय की प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली सुबह 11 से 01 बजे और दूसरी पाली दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक चली। परीक्षार्थियों की कड़ी जांच के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में पंजीकृत 466 परीक्षार्थियों में 322 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए 144 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में 440 पंजीकृत में 376 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 64 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। वहीं कक्षा 11 में प्रवेश मेरिट के अनुसार लिए जाएंगे। परीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, जीआईसी के प्रधानाचार्य प्रकाश गौरव डायट प्रभारी रमेश चंद्र यादव ने निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराई। परीक्षा केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद, अनिल मौर्या, आराधना सिंह, नरेंद्र सिंह यािग्नक आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# नोटिस के बाद विधि विशेषज्ञों की शरण में पहुंचे कब्जा धारक

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- 16 से 20 मार्च तक होगी सुनवाई

**अमृत विचार।** कस्बे के बस स्टॉप से लेकर रेलवे स्टेशन के आगे तक सिंचाई विभाग महोबा की बंधी संख्या दो बनी हुई थी। इस बंधी को ध्वस्त करके लोगों ने आवास कार्यालय आदि बना रखें है।

बांदा मार्ग किनारे बनी इस बंधी का नामोनिशान मिट गया है। महोबा सिंचाई विभाग ने काबिज 95 लोगों को चिन्हित करके नोटिस दिया था। इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय से सुनवाई का अंतिम नोटिस दिया गया है। इसकी सुनवाई 16, 18, 20 मार्च को तय है। कब्जा धारक विधि विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने में जुट गए हैं। बता दें कि उच्च न्यायालय ने नवंबर 2021 में इस प्रकरण की सुनवाई करते हुए अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर चुका है। इस आदेश का अभी तक प्रशासन अमल नहीं कर सका है। जनवरी माह में कस्बे में हुई लव जिहाद की घटना के बाद यह मुद्दा फिर से उठ खड़ा हुआ है इसके बाद सक्रिय हुए सिंचाई विभाग ने 20 फरवरी को कब्जा धारकों को अंतिम नोटिस दिया था। अब 9 मार्च को एसडीएम सदर के न्यायालय से सुनवाई का अंतिम नोटिस दिया गया।

# एसपी ने कंट्रोल रूम व कोषागार का किया दौरा

## एडीएम व एएसपी ने परीक्षा केंद्रों की देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करतीं एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक लिखित परीक्षा के दृष्टिगत रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने पुलिस लाइन में स्थापित कंट्रोल रूम व कोषागार का निरीक्षण किया। वहीं अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी पैगाम हैदर एवं क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल सहित अन्य अधिकारियों ने कुरारा क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित राजाराम इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने रविवार को पुलिस लाइन में स्थापित कंट्रोल रूम व कोषागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

वहीं एडीएम, एएसपी व एसडीएम तथा सीओ ने झलोखर गांव स्थित राजाराम इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता तथा परीक्षा के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के संबंध में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पारदर्शी, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।इस दौरान परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार प्रवेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है।


विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार


फाइनल में हॉकी मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

# हॉकी के मैदान में एमएसजे स्पोर्ट्स का जलवा

**दिखाया दम**

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- एमएसजे स्पोर्ट्स ने रहमानिया इंटर कॉलेज को 4-2 से धूल चटाई
- खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** खेल के मैदानों से ही प्रतिभाएं निकलकर देश का नाम रोशन करती हैं। कुछ ऐसा ही नजारा रविवार को कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में देखने को मिला। जहां जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर रहा। खिताबी मुकाबले में एमएसजे स्पोर्ट्स की टीम ने सटीक तालमेल के दम पर रहमानिया इंटर कॉलेज को 4-2 के अंतर से पराजित कर जीत का परचम लहराया।

खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में दोनों ही टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। एमएसजे स्पोर्ट्स के फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, जिसका नतीजा जीत के रूप में सामने आया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ब्रजेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में खिलाड़ियों ने न केवल अपना कौशल दिखाया, बल्कि खेल भावना और अनुशासन की भी अनूठी मिसाल पेश की। समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य इन छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में समीर इमाम और सोना चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।

ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सुनील सोनी, अख्तर मास्टर, नेहा गुप्ता, जितेंद्र कुमार, सत्यप्रकाश सैनी और विनोद कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया। मैच के बाद आयोजित सम्मान समारोह में विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार हाथ में लेते ही खिलाड़ियों के चेहरों पर जीत की खुशी साफ झलक रही थी।

# भाजपा कार्यकर्ता नई तकनीक के साथ जुड़े रहें

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


कस्बे में भाजपा प्रशिक्षण में संबोधित करते लालाराम निषाद। अमृत विचार

- सोशल मीडिया की बारीकियों के बीच दिखा अंदरूनी असंतोष

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत सरस्वती विद्यापीठ में आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का बीते दिन समापन हो गया। इस शिविर में नगर, मौदहा पूर्वी और मौदहा पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान जहां एक ओर चुनावी विजय और संगठन मजबूती के मंत्र दिए गए। दूसरी ओर पार्टी के भीतर जारी अंदरूनी खींचतान का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना रहा।

समापन सत्र के विभिन्न चरणों में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और आगामी गतिविधियों से अवगत कराया। विशेष रूप से आईटी सेल और सोशल मीडिया के महत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में कार्यकर्ताओं को तकनीक के साथ अपडेट रहना अनिवार्य है, ताकि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। प्रशिक्षण शिविर में जिला और क्षेत्रीय स्तर के दिग्गजों ने शिरकत की। मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, संयोजक विजय पांडे, जगदीश प्रसाद व्यास एवं रामदेव सिंह, किशन व्यास, लालाराम निषाद, साधना सिंह, सिद्धार्थ सिंह एवं सिद्धार्थ पाठक व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षण के औपचारिक सत्रों के बीच सूत्रों के हवाले से यह खबर भी छनकर बाहर आती रही कि भाजपा की स्थानीय इकाई में चल रही अंदरूनी कलह का साया कार्यक्रम पर मंडराता रहा। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच आपसी सामंजस्य को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं, जिसे लेकर पार्टी के भीतर सुगबुगाहट तेज है। समापन के दौरान भी यह मुद्दा कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा।

# साहू समाज ने मनाई मां कर्माबाई की जयंती

राठ (हमीरपुर)। साहू समाज की आराध्य मां कर्माबाई की जयंती साहू समाज के लोगों ने धूमधाम के साथ मनाई। धमना रोड़ स्थित साहू समाज धर्मशाला में समाज के सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर मां कर्माबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी पूजा अर्चना की। इस दौरान साहू समाज के संरक्षक घनश्याम साहू ने कहा कि मां कर्माबाई भगवान कृष्ण की अनन्न उपासक थी। भगवान श्रीकृष्ण ने मां कर्माबाई के हाथों की बनी खिचड़ी का प्रसाद खाया था। इस मौके पर अध्यक्ष लीला साहू कैंथा, गोविंद दास साहू, बल्लू साहू, महेंद्र साहू, राजू साहू, चंद्रशेखर साहू आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन की जांच को गई टीम, 10 वाहनों के चालान किए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अवैध खनन की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची संयुक्त टीम ने जांच की। जिसमें पट्टाधारक को क्लीन चिट देते हुए अपने स्वीकृत खनन क्षेत्र में खनन कार्य करते पाया है। टीम ने 10 वाहनों का ऑनलाइन चालान कर पांच लाख का राजस्व वसूल किया है।

जरिया थानाक्षेत्र ग्राम इछौरा जिटकिरी के खण्ड संख्या-25/25 में भारी मात्रा में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर शनिवार को राजस्व विभाग सरीला व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील सरीला के ग्राम इछौरा जिटकिरी में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र खण्ड संख्या-25/25 की स्थलीय जांच की। जांच में पट्टाधारक अपने स्वीकृत खनन क्षेत्र में खनन कार्य करते पाये गये। खनन क्षेत्र में कही भी अवैध खनन होता हुआ टीम को नहीं दिखा। न ही नदी की जलधारा में खनन होते हुए मिला। खनन क्षेत्र में पीटी जेड कैमरा व वे-ब्रिज पर लगे सीसीटीवी कैमरा संचालित पाये गये। मानक के विरुद्ध मशीनों का प्रयोग किया जाना नहीं पाया गया। मौके पर उपस्थित पट्टाधारक के प्रतिनिधि को नियमानुसार खनन कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं खनन विभाग, परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने 10 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया।


सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

# एजेंसियों में सुबह से उमड़ी गैस के लिए लोगों की भीड़

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रतिदिन आपूर्ति आने के बाद गैस का संकट कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ एजेंसी के बाहर उमड़ पड़ती है। ओटीपी आने के बाद ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जाता है। कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी पंकज गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रतिदिन हो रही है। इसके बाद संकट कम होने की बजाय बढ़ता जा रहा है। डोर टू डोर आपूर्ति एक सप्ताह से बंद है। लोगों को बुकिंग करने के बाद सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। भोर होते ही एजेंसी के बाहर भीड़ जमा हो जाती है। गाड़ी के आने पर भीड़ गाड़ी को घेर कर खड़ी हो जाती है। एजेंसी संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया गैस का कोई संकट नहीं है प्रतिदिन आपूर्ति आ रही है ओटीपी लेकर वितरण किया।

**जयंती**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय के आह्वान हुआ कार्यक्रम

# बहुजन दिवस के रूप में मनी काशीराम जयंती, एकजुट हुआ पीडीए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


कांशीराम की जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर जिला मुख्यालय में बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की 92वीं जयंती को बहुजन दिवस (पीडीए दिवस) के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

मुख्य अतिथि समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि कांशीराम ने शोषितों और वंचितों के भीतर जिस राजनैतिक चेतना को जगाया था, उसे आज समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के जरिए आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार संविधान और आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है। जिसे रोकने के लिए सभी बहुजन वर्गों को एकजुट होना होगा। उन्होंने अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने को कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से बूथ स्तर पर सक्रिय होने की अपील की। कहा उत्तर प्रदेश में खुशहाली और सामाजिक न्याय तभी संभव है जब अखिलेश यादव पुनः मुख्यमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नेता मौजूद रहे। जिन्होंने कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला अध्यक्ष इदरीश खान, सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र राजपूत, मुस्करा ब्लॉक अध्यक्ष मानवेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राज बहादुर पाल, राम प्रकाश प्रजापति, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, मुन्नीलाल निषाद, माया वाल्मीकि, शाकिर खान, संजय यादव, नीलेश श्रीवास सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# काशीराम सब के दिल में अभी भी जिंदा

हमीरपुर। कोरी समाज महासंस्थान के पदाधिकारियों ने रविवार को शहर के अम्बेडकर पार्क में कांशीराम के 92 वी जयंती के अवसर पर डॉ.अम्बेडकर और कांशीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डा.सुरेश कोरी ने कहा कि कांशीराम हम सब के दिल मे अभी जीवित है यह बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर के मिशन को साकार रूप देने वाले दलित पिछड़ों और शोषितों के उत्थान हेतु अपना संपूर्ण जीवन अर्पित करने वाले सामाजिक न्याय दिलाने का काम किया है। साथ ही दलितों के अधिकार दिलाने का काम किया है। जिनको हम अपने दिलो में हमेसा याद रख्खे गे और बाबा साहब व कांशीराम के सपनों को पूरा करेंगे। जिसके लिये हम सभी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक को एकत्रित होना होगा तभी हम बाबा साहब के सपनो को पूरा कर पायेंगे। इसलिये सभी लोग एकत्रित हो और असहाय लोगों की मदद करो। अपने समाज को नीचे गिराने का काम ना करे। कार्यक्रम में राजेश, पथिक, राजकुमार, चंद्रभान अनुरागी, चंद्रभान वर्मा, राजेश कुमार मास्टर साहब, भगवान दास आदि लोग उपस्थित रहे।


आंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### ज्यादा मुनाफे के लिए चालकों ने टेंपो को बना लिया लोडर

**महोबा।** शहर में ई-रिक्शा और टेंपो सवारी वाहनों को अब चालकों ने ज्यादा कमाई के चक्कर में लोडर बना दिया है। आरटीओ विभाग से पास इन वाहनों में यात्री कम सामान ज्यादा ढोया जा रहा है। इतना ही नहीं इन गाड़ियों में चालक लोहे के सरिये, एंगल व अन्य सामान नीचे ऊपर भरने के साथ एकाध सीट में यात्रियों को भी बैठाकर चलते हैं। गौरतलब है कि ईरिक्शा और आटो चालक शहर से भीड़ वाले इलाकों में भी अपने वाहनों में लोहे के नुकीले सरिया और एंगल लाद लेते हैं साथ ही सीमेंट की बोरियां भी भर लेते हैं। इसके बाद भी सीट बचने पर यात्रियों को भी बैठा लेते हैं। लोहे के सामान के साथ-साथ यात्रियों का इन वाहनों पर बैठना बेहद खतरनाक है, लेकिन ई-रिक्शा और टेंपो चालक यात्रियों की जान की परवाह किए बिना सामान के साथ यात्रियों को भी बैठा रहे हैं।

### राज्य आयोग सदस्या सुनेंगी समस्याएं

**महोबा।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी की अध्यक्षता 16 मार्च को में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अर्न्तगत तहसील चरखारी के सभागार में सुबह 11 बजे महिला जन सुनवाई होगी। सूचना विभाग की जारी विज्ञप्ति में बताया कि ऐसी महिलाएं, बालिकाएं जो समस्या के निराकरण के लिए प्रार्थना पत्र देना चाहती है वह अपना प्रार्थनापत्र एवं पहचानपत्र की छायाप्रति लेकर उक्त जनसुनवाई स्थल पर निर्धारित समय पहुंचकर अपनी समस्या राज्य महिला आयोग की सदस्या के समक्ष रख सकती हैं।

### अनुदान में दिया जा रहा मक्का बीज

**महोबा।** संकर बीजों के उपयोग को बढावा दिए जाने के लिए चलाई जा रही योजना के तहत जिले के किसानों को वर्तमान में जायद सीजन में समस्त विकासखंड में स्थित राजकीय कृषि बीच भंडारों पर एचआईएल कंपनी के लगाए गए स्टाल के माध्यम से हाईब्रिड मक्का बीज 285 रुपये प्रति किग्रा. के साथ 50 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में जायद मक्का की बुवाई का सबसे अच्छा समय चल रहा है, इसलिए जिले के किसान जो जायद सीजन में मक्का खेती कर रहे हैं वह अपने विकासखंड में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार से संपर्क कर अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि यह बीज पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर दिया जा रहा है। बीज क्रय करते समय किसान को बीज का पूरा मूल्य देना होगा।

### विवाद के चलते बेटे ने पिता को पीटा

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी शिवनारायण ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा भूपेंद्र पारिवारिक कारणों के चलते अक्सर विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की है, लेकिन समझने को तैयार नहीं है। उल्टा उसकी हरकतें बढ़ती जा रही हैं। पिता ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम वह घर के काम कर रहे थे तभी बेटा विवाद करते हुए गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने पिटाई कर दी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रमजान में बेइंतहां है फजीलत, कुरान भी हुआ नाजिल

नईमुर्रमान, महोबा

- लैलतुल कद्र की रात में अल्लाह अपने बंदों की मुरादे करता है पूरी

**अमृत विचार।** रमजान के पाक महीने में अल्लाह ने एक माह के रोजे फर्ज किए हैं। रोजे की इतनी बड़ी फजीलत है कि अल्लाह फरमाता है कि रोजे की जजा वह खुद देता है। इस माह में अल्लाह ने अपने बंदों के लिए आसमानी किताब कुरान को नाजिल किया। रोजा रखने वालों की अल्लाह जायज मुरादों को कुबूल करता है। इस माह में बेशुमार रहमते और बरकते नाजिल फरमाता है। इसी माह में अल्लाह से गिड़गिड़ा कर दुआ मांगने पर वह गुनाहगार बंदों के गुनाह भी बख्श देता है।

यह माह इबादत और तिलावत का है। इस माह की विशेष अहमियत यह है कि साल के 11 माह में एक नेकी करने पर एक नेकी का सवाब मिलता है और रमजान माह में एक नेकी के बदले 70 नेकी का सवाब मिलता है।

रमजान के पाक महीने में नवाफिल नमाजों का एहतेमाम करना चाहिए और मुस्लिमों को बुराइयों से बचकर नेक रास्ते पर चलना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने और पूरे रोजे रखने वाले बंदे से अल्लाह बेहद खुश होता है। इसी माह में तीन अशरे होते हैं, पहला बरकत का, दूसरा मगफिरत और अशरा निजात का है। तीसरे अशरे में पांच शब-ए-कद्र बताई गई हैं, जिसमें रमजान की 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29वीं शब है, लेकिन उलेमा 27वीं शब की रात को सबसे फजीलत वाली रात बताते हैं, इसलिए ज्यादातर लोग इसी रात को शब-ए-कद्र जागकर इबादत तिलावत करते हैं।


तिलावत करते अकीदतमंद। अमृत विचार

### सालों पहले बैतुल माल से होती थी मदद

सालों पहले बैतुल माल हुआ करता था। बैतुल माल में पैसा रखा जाता था जरुरत पड़ने पर बैतुल माल से पैसा निकालकर यतीमों की मदद की जाती थी, इससे यह पता चलता है कि सरकार के जमाने में भी जकात चलती थी और आज भी लोग गरीबों, यतीमों और मिसकीनों को जकात देकर उनकी मदद करते हैं। फारुख आजम के वक्त में भी गरीबों के घरों में रात के अंधेरे में माल भेजकर मदद की जाती थी और आज भी साहिबे निसाब पर जकात फर्ज है, जिससे ईद के मौके पर गरीब वर्ग की भी मदद करके उसे भी ईद की खुशियों में शामिल किया जाए।

### शबेकद्र की रात है हजारों महीने से अफजल रात

शब-ए-कद्र की रात को लैलातुल कद्र भी कहते हैं। इस रात की बेइंतेहा फजीलत है। शब-ए-कद्र की रात को ही अल्लाह ताआला ने कुरान को नाजिल किया। यह रात हजार महीनों से अफजल रात है। इस रात में अल्लाह ताआला गुनहगार बंदों की दुआ को मकबूल कुबूल फरमाता है। शब-ए-कद्र की रात में तमाम लोगों को जागकर अल्लाह की इबादत कसरत के साथ करना चाहिए और गिड़गिड़ा कर रब्बे कदीर से दुआ करने पर उसकी दुआ जाया नही जाती है। शब-ए-कद्र की रात को मस्जिदे पूरी रात इबादत और तिलावत से गुलजार रहती हैं।

### लोक अदालत में 58216 वादो का निस्तारण

**महोबा।** जिला में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला न्यायालय बैठक कक्ष के अलावा जिले की प्रत्येक तहसीलों में आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव ने फीता काटकर व दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक अदालत में 58216 वादों का निस्तारण करते हुए सिविल मोटर दुर्घटना प्रतिकर धनराशि व अर्थदंड के रुप 6312610 रुपये वसूले गए। इसमें सिविल के 09, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 15, बैंक ऋण एवं अन्य फाइनेंस कम्पनी एवं बैंक से सम्बन्धित प्रीलिटिगेशन स्तर के 1060, लघु अपराधिक मामलों के 1571 वादों का निस्तारण हुआ।

# जिलाधिकारी, एसपी ने संभाला मोर्चा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

## तीन केंद्रों में पहुंचे दोनों अधिकारी, निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**05** केंद्रों पर हुई एसआई भर्ती परीक्षा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में उपनिरीक्षक के 4543 पदों के लिए रविवार को जिले में बनाए गए 5 परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षार्थियों ने बेहतर प्रबंधन, पारदर्शी प्रक्रिया और बेहतर माहौल के बीच परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और चेकिंग के चलते कोई भी परीक्षार्थी नकल करने का साहस नहीं कर सका। एसआई परीक्षा के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की से आयोजित इस परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की खासी भीड़ रही। सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला और राजकीय वीरभूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज और जीजीआईसी जैसे प्रमुख केंद्रों का दौरा किया। तैनात पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरे दिन की प्रथम पाली के बाद एडीएम, एएसपी और सीओ ने भी केंद्रों का जायजा लिया और ड्यूटी पॉइंट्स पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासनिक सख्ती के बावजूद परीक्षार्थियों के चेहरे पर उत्साह देखा गया। प्रतापगढ़ से आए प्रवीण पटेल ने बताया कि वे पिछले तीन सालों से तैयारी कर रहे हैं और इस बार की व्यवस्थाएं पिछली भर्ती की तुलना में बेहतर और सुरक्षित हैं। परीक्षार्थी राखी पांडे, शिवानी, प्रकाश ने बताया कि चेकिंग की प्रक्रिया बहुत व्यवस्थित थी और पेपर का स्तर भी उम्मीद के मुताबिक अच्छा रहा। यूपीएसआई परीक्षा में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मुस्तैद दिखा, वहीं दूसरी ओर अभ्यर्थियों का दरोगा बनने के संकल्प ने परीक्षा केंद्रों पर एक सकारात्मक माहौल बना दिया।


परीक्षा केंद्र पर लाइन लगाए परीक्षार्थी। अमृत विचार

### बाहरी परीक्षार्थियों को दी गई सुविधाएं

**महोबा।** उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा देने आए बाहरी जिलों के परीक्षार्थियों की सहुलित के लिए प्रशासन ने विशेष ध्यान रखा। परीक्षा केंद्र व अन्य जानकारी के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडों में हेल्प डेस्क की व्यवस्था करते हुए कर्मचारियों को तैनान किया गया। हेल्प डेस्क बनाए जाने से बाहरी परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रो तक पहुंच का मार्ग व अन्य जानकारी ली, जिससे बिना किसी असुविधा के यह लोग परीक्षा केंद्रों तक पहुंच गए साथ ही परीक्षार्थियों के बैग, मोबाइल व अन्य सामग्री रखने के लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर व्यवस्था की गई, जिस कारण परीक्षार्थियों ने बिना किसी परेशानी के पेपर हल किया।

### आरोग्य मेले के तहत 109 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महोबा।** विकासखंड जैतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर और खमा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ जुटी। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने के बाद 109 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा के साथ स्वास्थ संबन्धी सलाह दी।

मेले का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में किया गया। अजनर में आयोजित आरोग्य मेले में 56 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. रामकुमार, डॉ. वैशाली सोनी, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र, स्टाफ नर्स भगवती एवं अरुण मौजूद रहे। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया और उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं। पीएचसी खमा में आयोजित आरोग्य मेले में 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. जेपी पास्तोर, स्टाफ नर्स किरन तथा एएनएम भानकुंवर की टीम ने मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं प्रदान कीं।


गैस बुकिंग के लिए काउंटर पर लगी भीड़। अमृत विचार

# लोग काम-काज छोड़ गैस के लिए कर रहे जद्दोजहद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी एलपीजी गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिला प्रशासन द्वारा रसोई गैस में दिक्कत आने पर जारी किए गए मोबाइल नंबर के बाद भी समस्या जस के तस बनी हुई है। गैस उपभोक्ता प्रतिदिन कामकाज छोड़कर सुबह से गैस बुकिंग के लिए एजेंसी में पहुंच रहे हैं, लेकिन तमाम ग्राहकों के मोबाइल में मैसेज न आने ऑनलाइन बुकिंग न होने, 25 दिन से पहले बुकिंग कराने पर उन्हें वापस लौटा दिया जा रहा है।

मालूम हो कि पूर्व में एक पखवाड़े के बाद गैस की बुकिंग की जाती थी। अब गैस की बढ़ती किल्लत को देखते हुए 15 दिन के स्थान पर 25 दिन के बाद बुकिंग करने का सिस्टम बना है। अनजान लोग एक पखवाड़े के बाद बुकिंग करने के लिए एजेंसी में पहुंच जाते हैं और घंटों धूप में नंबर आने का इंतजार करने के बाद काउंटर में पहुंचते है तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता कि अब 25 दिन में बुकिंग होती है। एजेंसी संचालकों द्वारा इस तरह का न कोई प्रचार प्रसार कराया गया और न ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर कोई मैसेज डाला गया।

लोग गैस पाने के चक्कर में सारे कामकाज और मजदूरी छोड़कर बुकिंग काउंटर में पहुंच जाते हैं। गैस की मारामारी और भारी भीड़ को देखते हुए तमाम लोग बिना बुकिंग कराए बैरंग लौट रहे हैं।

# भागवत को अपने जीवन में उतारें

कार्यालय संवाददाता, जालौन

- नगर के सरस्वती मंदिर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती मंदिर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भी श्रीमद् भागवत का रसपान पान कराते हुए कथा व्यास बजरंगी जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा का चरित्र हमें समानता का बोध कराता है।

नगर के मात्र सरस्वती मंदिर में ब्रम्हलीन श्री नरहरि जी महाराज की प्रेरणा से नरेश चन्द्र शिवहरे द्वारा श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कराया जा रहा है। कथा के अंतिम दिन कथावाचक बजरंगी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण कराया, जिसमें प्रभु कृष्ण के 16 हजार शादियां के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथायें सुनाई। इन कथाओं को सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। कथा समापन के दौरान महाराज ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हों। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया।


कथा सुनाते बजरंगी महाराज।

# खत्मुल कुरान पर हाफिज को पेश किया 41,786 रुपये का नजराना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बाजार वाली मस्जिद में हाफिज मोहम्मद हसन रजा कादरी ने रमजान माह शुरू होते ही तरावीह में कुरान सुनाया

**अमृत विचार।** रमजान माह जैसे जैसे अपने आखिरी पड़ाव में पहुंच रहा है वैसे-वैसे जिले की मस्जिदों में हो रही तरावीह में सुनाया जा रहा है। वहीं कुरान भी मुकम्मल होता जा रहा है। पनवाड़ी कस्बे की बाजार वाली मस्जिद में हाफिज मोहम्मद हसन रजा कादरी ने रमजान के 24वें रोजे को तरावीह में कुरान पूरा किया। इस मौके पर जोरदार स्वागत करते हुए अकीदतमंदों ने हाफिज को फूलमालाएं पहनाकर गले मिलकर और मिठाई कपड़ों के अलावा नजराना पेश किया।

बाजार बाली मस्जिद में हाफिज मोहम्मद हसन रजा कादरी ने रमजान माह शुरू होते ही तरावीह में कुरान सुनाया और 24वें रमजान के दिन कुरान मुकम्मल किया। कुरान पूरा होने पर मस्जिद में मौजूद नमाजियों ने अल्लाह का शुक्रिया अदा किया। कुरान मुकम्मल होने के बाद फातिहा पढ़ी गई और देश में अमन चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए लोगों ने हाथ उठाकर दुआएं मांगी। मस्जिद कमेटी और कस्बे के लोगों ने हाफिज को 41,786 रुपये का नजराना देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हाफिज ने तकरीर करते हुए कहा कि अल्लाह ने रमजान के महीने को तीन अशरों में बांटा है। पहला अशरा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा जहन्नुम से निजात का होता है। उन्होंने इस महीने को साल के सभी महीनों से अफज़ल बताया। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को जो चाहे बनाएं, लेकिन उससे पहले उसे कुरान पढ़ना और दीन की जरूरी बातें जरूर सिखाएं। कुरान के हाफिज की अहमियत बयान करते हुए कहा कि हाफिजे कुरान के वालिदैन को मैदाने महशर में अल्लाह ताज पहनाएगा। खत्मुल कुरान के मौके पर मस्जिद परिसर में देर रात तक इबादत, दुआ और भाईचारे का माहौल बना रहा। इस खास मौके पर कस्बे के बड़ी संख्या में नमाजी, बुजुर्ग और नौजवान मौजूद रहे।


तैयारियों में जुटे हिंदू युवा वाहिनी के सदस्य। अमृत विचार

# नववर्ष की तैयारियां तेज

**जालौन।** हिंदू युवा वाहिनी ने हिंदू नववर्ष के स्वागत की तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन के कार्यकर्ता नगर को भगवामय बनाने में जुटे हुए हैं। इसके लिए कार्यकर्ताओं की टोली घरों में ध्वज वितरण कर रही है। अलग-अलग मोहल्लों और चौराहों पर ध्वज लगाए जा रहे हैं।

हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के अवसर पर अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लगाकर पर्व को उत्साह के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि यह सनातन संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सभी नगर के प्रमुख चौराहों, मंदिरों और मुख्य मार्गों पर भी भगवा ध्वज लगा रहे हैं, जिससे हिंदू नववर्ष का माहौल बनाया जा सके। डॉ अनुपम गुर्जर, अनूप दीक्षित, सत्यम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं।

साक्षरता अभियान | उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐदलपुर में हुई नव भारत साक्षरता परीक्षा

# अक्षर ज्ञान के लिए दी साक्षरता परीक्षा

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐदलपुर में आलोक खरे, परीक्षा केंद्र प्रभारी एवं शिवानंद गुर्जर, अनुश्रवणकर्ता के द्वारा नव -भारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 22 प्रतिभागियों में से सभी प्रतिभागियों ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर सुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षा में प्रतिभाग किया। अक्षर ज्ञान के लिए उन्होंने परीक्षा के नियमों का पालन किया।

सभी उपस्थित प्रतिभागियों में एक अलग उत्साह एवं जुनून इस परीक्षा के लिए देखते ही बना। परीक्षा देने के लिए सभी परीक्षार्थी समय से केंद्र पहुंचे और परीक्षा में सहभागिता की। और उत्साह के साथ परीक्षा दी।

इस परीक्षा में प्रमिला, कुसमा, सीमा देवी, रामजानकी, सुमित्रा देवी, गुड्डी, सुकुर्ता, राधारानी, शोभारानी, पिंकी नूरजहां, लालजी, बलराम, संतराम, चंद्रशेखर, बाबूराम, अखिलेश, शिवकुमार, श्यामसुंदर एवं अन्य ने प्रतिभाग किया। परीक्षा केंद्र प्रभारी द्वारा सभी उपस्थित परीक्षार्थियों को परीक्षा पूर्व दिशा निर्देश दिए गए। खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञानप्रकाश अवस्थी ने बताया कि विख जालौन में नव भारत साक्षरता परीक्षा 10 केंद्रों पर संपन्न हुई, जिसमें लगभग 180 निरक्षरों ने प्रतिभाग किया।


साक्षरता परीक्षा में भाग लेते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### उलाहना देने पर लाठी डंडों से पीटा

**जालौन।** किशोर को सही से स्कूटी चलाने का उलाहना देने पर सभासद प्रतिनिधि द्वारा महिला के साथ पिटाई करने का आरोप लगाते हुए महिला ने कोतवाली में शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपी सभासद प्रतिनिधि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कर ली।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी अफसर जहां ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के सभासद प्रतिनिधि नफीस के घर का किशोर स्कूटी चला रहा था। वह स्कूटी सही से नहीं चला पा रहा था। जिसके चलते उन्होंने किशोर को स्कूटी सही से चलाने के लिए कहा। यह सुनकर सभासद प्रतिनिधि आ गए और गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली, देने से मना किया तो वह लाठी, डंडों से मारपीट करने लगे। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सभासद प्रतिनिधि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सत्संग विवेक और वैराग्य को प्रेरित करने का सर्वोत्तम साधन : डॉ. एलसी अनुरागी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में शहर के कटकुलवा मुहाल स्थित कबीर आश्रम में रविवार को कबीर वंदना के साथ सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में सत्गुरू के भजन और साधु संतों की संगति से मिलने वाली आत्म शांति पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। सत्संग के दौरान गायकों ने अपने भजन की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध किया।

समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि सुख स्वर्ग, मृत्यु और पाताल इन तीनों ही लोकों में कहीं नहीं है। सुख केवल सद्गुरू के भजन सुनने और साधु संतों की संगति में होता है। कहा कि सत्संग विवेक और वैराग्य को प्रेरित करने का सर्वोत्तम साधन है। पंडित अवधेश अवस्थी ने कहा कि सुख रात दिन धूप छांव कहीं नहीं है, सुख केवल परमत्मा के भजन में है।

सत्संग में पंडित आशाराम तिवारी ने कबीरी दोहा सुनाया कि संपति देखि न हरषिये, विपति देखि मत रोय अर्थात। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 13 में श्लोक संख्या 8 से 12 तक में वर्णित तेईस ज्ञान गुणों से अवगत कराते हुए कहा कि सत्य अहिंसा विनम्रता जीवन में बहुत आवश्य है। पंडित जगदीश रिछारिया ने मोरो ध्यान हरि चरन में व कामता प्रसाद चौरसिया ने सहजो जीवित सब सगे मुए निकट नहि जाय भजन सुनाया। रामऔतार सैन ने फाग भजलो सीताराम तुलसी की माता ले लो हाथ में प्रस्तुत किया।


सत्संग में प्रस्तुति देते सत्संगी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला आज से

सीतापुर चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 16 से 18 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 11 बजे होगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रो. सुनील विश्वकर्मा अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी होंगे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम समन्वयक डा. अभय कुमार वर्मा ने दी। बताया कि इस दौरान प्रतिष्ठित कलाकारों की प्रदर्शनी रंग बसंत भी लगेगी।

### बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त, लहन मौके पर नष्ट

चित्रकूट। आबकारी विभाग की टीम द्वारा थाना कर्वी अंतर्गत ग्राम कपसेठी एवं भैरों पागा में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। इस मौके पर 140 लीटर शराब बरामद की गई। लगभग 800 किलोग्राम लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। सुसंगत धाराओं के अंतर्गत तीन अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के व्यापार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्कूल में लगा हैंडपंप खराब, पानी की समस्या

मानिकपुर (चित्रकूट)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरदहा (खांचापुरवा) जूनियर हाईस्कूल परिसर में लगा हैंडपंप खराब पड़ा है। ग्रामीणों की मानें तो यह एक साल से खराब है। स्थानीय लोगों और स्कूल स्टाफ का कहना है कि कई बार प्रधान व सचिव से शिकायत करने के बाद भी अभी तक हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई।

### बेरोजगारों को रोजगार के लिए प्रेरित किया

मऊ (चित्रकूट)। राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र ने मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकासखंड की ग्राम पंचायत कोलमजरा में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रभारी धीरेंद्र कुमार भारती ने लोगों को रोजगार के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन ग्राम प्रधान शोभनाथ प्रजापति ने किया। विषय विशेषज्ञ प्रभात कुमार, भागवत पाल ने लाभार्थियों को जानकारी दी।

### तिल की खेती के आर्थिक लाभ बताये

सीतापुर चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने ग्राम पंचायत टेढ़ी पतवनिया में आयोजित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में किसानों को तिल की फसल की उन्नत प्रजातियों, रोग-कीट प्रबंधन तथा इसके आर्थिक एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विषय विशेषज्ञ प्रो. वीपी नगायच ने की। उन्होंने किसानों को तिल एवं अन्य तिलहन फसलों के उत्पादन से आय बढ़ाने के उपाय बताए। तिल और अलसी के नियमित सेवन के स्वास्थ्य पर लाभों की जानकारी दी। प्रो. सुधाकर प्रसाद मिश्र ने किसानों को तिल की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ क्षेत्र की जलवायु के अनुसार अरहर, तिल, ज्वार, बाजरा, मक्का एवं कुसुम जैसी फसलों की खेती को लाभकारी बताया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षा में फिर हुई चूक, बाल संप्रेक्षण गृह से भागा अपचारी

## सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर हुआ फरार, प्रशासन में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले के बाल संप्रेक्षण गृह किशोर एक बार फिर चर्चा में है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था फिर सवालों के घेरे में है। रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे 15 वर्षीय एक बाल अपचारी सुरक्षाकर्मियों और परिसर में लगे आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरों को चकमा देकर भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। पुलिस टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, फरार किशोर हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर कस्बे का निवासी है, जिसे चोरी के एक मामले में करीब एक माह पहले बाल संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध किया गया था। रविवार की भोर में उसने सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठाते हुए परिसर से बाहर निकलने में कामयाबी हासिल कर ली। सुबह जब कर्मचारियों ने उपस्थिति जांची तो किशोर के गायब होने का पता चला, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बाल संप्रेक्षण गृह जैसी संवेदनशील जगह से इस तरह किशोर के फरार हो जाने से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब परिसर में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, तब आखिर एक किशोर इतनी आसानी से वहां से कैसे निकल गया। फिलहाल पुलिस फरार किशोर की तलाश में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि किशोर के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में किशोर परिसर से फरार हुआ और सुरक्षा में कहां चूक हुई। वहीं कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि संप्रेक्षण गृह से भागे किशोर को खोजने के लिए पड़ोसी जनपदों बांदा, हमीरपुर, महोबा, कौशांबी और प्रयागराज में भी खोज शुरू है। दो टीमों को भी लगाया गया है, इसमें एक एसओजी और एक कोतवाली पुलिस की टीम है। इनमें करीब दस इंस्पेक्टर, दीवान और सिपाही लगाए गए हैं।


बाल संप्रेक्षण गृह में पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं

20 जनवरी को प्रकाशित समाचार।

### डीएम ने किया था मुआयना, दिए थे निर्देश

- जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने महज तीन दिन पहले ही बाल संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए थे। खासतौर पर सुरक्षा में ध्यान देने को निर्देशित किया था।

- पुलिस टीम संभवित ठिकानों पर दे रही दबिश

### नए साल की शुरुआत में किया था हंगामा

- इसके अलावा नए साल की शुरुआत में भी बाल संप्रेक्षण गृह उस समय सुर्खियों में आया था जब परिसर में मोबाइल फोन पहुंचने को लेकर जमकर बवाल और हंगामा हुआ था। उस प्रकरण में तीन किशोरों को दूसरे जनपद के संप्रेक्षण गृह में स्थानांतरित किया गया था। इन घटनाओं के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था में ठोस सुधार न होना प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है।

# मां कर्मा जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साहू उत्थान समिति कर्वी के तत्वावधान में रविवार को आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई गई। पापमोचिनी एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने माता कर्मा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान मां कर्मा की भक्ति परंपरा के प्रतीक स्वरूप खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। लोकमान्यता के अनुसार, मां कर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण को अपनी मटकी से खिचड़ी का भोग लगाया था, जिसे स्वयं जगन्नाथ स्वामी ने स्वीकार किया था। इसी परंपरा को जीवंत रखते हुए शहर के विभिन्न घरों और मंदिरों में खिचड़ी प्रसाद तैयार किया गया और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। साहू समाज धर्मशाला, शंकर बाजार स्थित मां कर्मा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे, जहां हजारों लोगों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में समाज के लगभग आधा सैकड़ा बच्चों ने मेंहदी, भाषण, क्विज और नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समाज के उन मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। सरकारी संस्थानों में नियुक्त समाज के लोगों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजा साहू, उपाध्यक्ष राजकुमार साहू, महामंत्री शारदा प्रसाद साहू, मंत्री उमाशंकर, कोषाध्यक्ष सीतू साहू, नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन लक्ष्मी देवी साहू, राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा मिशन के निदेशक सुभाष साहू, ऑडीटर कुलदीप साहू, रमेश चंद्र साहू, रोहित साहू, मट्टू साहू, जितेंद्र साहू, केशचंद्र साहू, मनोज कुमार साहू, रंजीत साहू, विकाश साहू, सुनील साहू, अमित साहू, सुरेश साहू, लल्लू साहू, आशीष साहू, राहूल साहू, अंकित साहू, ओम प्रकाश साहू आदि मौजूद रहे। समारोह का समापन मां कर्मा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।


पुल का निरीक्षण करते एक्सईएन अखिलेश कुमार व अन्य। अमृत विचार

# छीबों पुल की मरम्मत का काम शुरू

**रामनगर (चित्रकूट)।** राजापुर-हटवा संपर्क मार्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत छीबों स्थित गुंता नदी के पुल के मरम्मत का काम शुरू हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण लगभग 1978-80 के दौरान हुआ था।

रविवार को लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक के अधिशाषी अभियंता अखिलेश कुमार, सहायक अभियंता नीरज सक्सेना, अवर अभियंता सिंधुराज मौके पर पहुंचे और पुल का निरीक्षण किया। जेई ने बताया कि ब्रिज की बियरिंग रिपेयरिंग का काम किया जाएगा। साथ ही सभी ज्वाइंट नए लगाए जाएंगे। पुल की रेलिंग की भी आवश्यकतानुसार मरम्मत करा उसकी रंगाई पुताई कराई जाएगी। कोठियों के पास पत्थर के बोल्डर से पिचिंग रिपेयरिंग कराई जाएगी। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि फिलहाल पुल की स्थिति बिल्कुल ठीक है। समय समय पर इसका निरीक्षण भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कराया जाता है। अभी केवल इसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

# चर के सोमनाथ मंदिर के कामों को जल्द पूरा किया जाए

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को चर के सोमनाथ मंदिर में हो रहे कामों का मौका मुआयना किया। उन्होंने संबंधित विभागों को इनको जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि परियोजना पर्यटन विभाग के अंतर्गत स्वीकृत है। इसकी कुल लागत 192.93 लाख रुपये है। परियोजना का काम अक्टूबर 2024 से शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आधुनिक एवं सुव्यवस्थित सुविधाएं विकसित करना है। परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में बाउंड्रीवाल एवं मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण, इंटरलॉकिंग मार्ग एवं पार्किंग स्थल का निर्माण, बेंच एवं डस्टबिन की व्यवस्था, दिशा सूचक साइन बोर्ड की स्थापना, सोलर लाइट, बोरिंग एवं सबमर्सिबल पंप के माध्यम से जल व्यवस्था, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण, शॉप एवं कैंटीन, विजिटर शेल्टर का निर्माण शामिल है। निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति को प्रवेश द्वार की नियमित सफाई कराने को कहा। इसके अलावा परिसर में आवश्यक स्थानों पर दिशा सूचक संकेतक लगाने, टॉयलेट ब्लॉक में साइन बोर्ड लगाने तथा शौचालय के बाहर स्पष्ट संकेतक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय की चाबी मंदिर समिति को सौंपने के लिए राजकीय पुरातत्व विभाग को निर्देशित किया कि सफाई एवं उपयोग की उचित व्यवस्था बनी रहे। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कैफेटेरिया के पास तीन फीट ऊँची रेलिंग लगाने, शौचालय के आसपास मिट्टी की लेवलिंग एवं पौधरोपण, दीवारों पर सांस्कृतिक एवं धार्मिक पेंटिंग करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि काम शुरू होने और बाद की फोटोग्राफ्स व वीडियो रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। खंड शिक्षाधिकारी मानिकपुर को मंदिर परिसर से निकलने वाले कूड़े को प्रति सप्ताह उठाकर आरसीसी सेंटर तक भिजवाने के निर्देश दिए। परिसर के बीच से गुजर रही बिजली की तारों की व्यवस्था ठीक कराने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया।


मंदिर में हो रहे कामों की जानकारी लेते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

- डीएम ने निरीक्षण के दौरान दिए दिशा- निर्देश

### मंदिर परिसर में जल्द लगवाएं वाटर कूलर

- इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति ने वाटर कूलर लगवाए जाने की मांग की। इस पर डीएम ने क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत धनराशि स्वीकृत किए जाने तथा यूपीपीसीएल को कार्यदाई संस्था नामित करने एवं शीघ्र वाटर कूलर स्थापित कराने के निर्देश दिए गए।

### प्राचीन मंदिरों, मूर्तियों की ली जानकारी

- डीएम ने परिसर में स्थित प्राचीन मंदिरों एवं खंडित मूर्तियों को देखा और उनके ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आशा जताई कि परियोजना के पूरा होने से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**फर्रुखाबाद।** मृतक धनी नगला गांव निवासी 19 वर्षीय बृजेश के पिता संतराम ने बताया कि वह चार दिन पहले नौकरी के लिए जयपुर गए थे। बृजेश अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था और मेहनत-मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। शनिवार रात को घर के सभी सदस्यों के सो जाने के बाद बृजेश अचानक घर से बाहर चला गया। रात करीब 3 बजे उसकी मां पिंकी की नींद खुली तो बृजेश घर में नहीं मिला। सुबह पिंकी देवी खेत पर गईं, जो घर से लगभग 400 मीटर दूर है और जहां समरसेबल भी लगी हुई थी। वहां उन्होंने देखा कि बृजेश एक पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका हुआ था।

# परिक्रमा मार्ग पर डकैती का खुलासा, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस ने बीते दिन तीर्थक्षेत्र अंतर्गत परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं से हुई डकैती का खुलासा किया है। पुलिस ने दो बाल अपचारियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है।

12 मार्च की रात बांदा जिले के तिंदवारा मजरा जमुनीपुरवा निवासी जितेंद्र कुमार बहन जानकी, बहनोई संजय कुमार, पत्नी लक्ष्मी देवी व बच्चो के साथ परिक्रमा लगा रहे थे। रात लगभग दो बजे लक्ष्मण पहाड़ी व तृतीय मुखारबिंद के पास कुछ लोगों ने इनके साथ मारपीट की और लूटपाट की कोशिश की। पुलिस ने विवेचना और विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के बाद टीटी शुक्ला, सोनू, किशन, दादूलाल और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। रविवार को निरीक्षक अपराध विनोद कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम ने आरोपी दादूलाल निवासी ग्राम भड़ाहा घुरेटनपुर के साथ दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई अरविंद कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी इस्लाम खां और आरक्षी राहुल पांडेय शामिल रहे।

- आरोपियों में दो बाल अपचारी भी शामिल

# ग्राम पंचायत सचिवों ने बैठक कर उठाई समस्याएं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुस्करा विकासखंड के सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रामस्वरूप ओमरे ने की। बैठक में सचिवों ने समस्याओं को लेकर प्रस्ताव पारित किए। जिसमें जिले में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों के लिए भूसा, चारा, चूनी चोकर आदि का क्रय टेंडर विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जायेगा।

पूर्व में ग्राम पंचायत सचिवों को टेंडर के लिए जारी आदेशों को निरस्त किया जाए। मुख्यमंत्री आवास का निर्माण लाभार्थी को कराना है। आवासों को पूर्ण कराने के लिए विकास खंड स्तर के अधिकारियों को भी लगाया जाए। फैमली आईडी बनाए जाने का लक्ष्य मनमाने तरीके से निर्धारित कर दिया गया है। पात्र परिवारों का पूर्व से ही फैमिली आईडी बना दिया गया है। अन्य विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को इस कार्य के लिए लगाए जाए। ग्राम चौपालों एवं अन्य ग्राम स्तरीय आयोजनों में खर्च के लिए स्पष्ट आदेश जारी किए जाए। मनरेगा के सामग्री अंश भुगतान समय से कराया जाए। भुगतान होने वाली एफटीओ में पारदर्शिता लाई जाए। सचिवों पर मनमाने तरीके से कार्य के लिए दबाव न बनाया जाए। यदि सचिवों का शोषण किया जाता है तो संघ इसका पूरी तरह से विरोध करेगा। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति, नितेश सिंह चंदेल, दिलीप कुमार, नसीम अहमद, अनूप शर्मा, दिनेश कुमार, शिवमूरत, सुनील निगम, ब्रजेश शुक्ला, अरविंद कुमार, हरिबाबू, भूपेंद्र कुमार, जयराम कुशवाहा, विपिन यादव आदि सचिव रहे।


ब्लॉक सभागार में बैठक करते सचिव। अमृत विचार

- बैठक में सचिवों ने समस्याओं को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए

जयंती

सभी दलों के नेताओं ने काशीराम को किया याद

# काशीराम ने बहुजन समाज को संगठित किया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक काशीराम की जयंती पर उनको याद किया गया। राजनीतिक दलों ने गोष्ठी कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि काशीराम की जिंदगी का लक्ष्य सिर्फ समाज के लिए जीना था। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने बहुजन समाज को संगठित करने का काम किया है।

मऊ तहसील की सुरौंधा ग्राम पंचायत में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने काशीराम की जयंती मनाई। इस दौरान आजाद समाज पार्टी काशीराम का छठवां स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री अजय आजाद वर्मा ने कहा कि बहुजन नायक काशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जिले में एक गरीब परिवार में हुआ था। पढ़ लिख कर वैज्ञानिक की पोस्ट पर पुणे में तैनात हुए। दीना भाना वाल्मिकी द्वारा दी हुई पुस्तक को पढ़कर उन्होंने नौकरी छोड़ दी और अपने घर में बता दिया कि वह घर नहीं आएंगे, कोई बैंक बैलेंस नहीं रखेंगे, शादी नहीं करेंगे। सिर्फ समाज के लिए जिएंगे। उन्होंने कहा कि अब चंद्रशेखर आजाद ने भीम आर्मी/आजाद समाज पार्टी काशीराम का गठन किया है, जिससे बहुजन महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाया जाएगा और अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा रॉकी वाल्मीकि, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय गौतम, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ ने सभा को संबोधित किया। इन्होंने भी बहुजन महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाने और आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भीम आर्मी जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, कार्यक्रम आयोजक रामसूरत पासवान, जिला प्रभारी जागेश्वर यादव, रविराज आजाद, कोमल सूर्यवंशी, बाबूलाल यादव, देवशरण चौधरी, जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद भारती, विनोद वर्मा, जानकी प्रजापति आदि मौजूद रहे।


काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने मनाई काशीराम जयंती

- चित्रकूट। कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अध्यक्षता में काशीराम जयंती मनाई। सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक न्याय के नायक एवं दलित वंचित शोषित की प्रखर आवाज काशीराम ने विचारों और आंदोलन से समानता एवं न्याय के संवैधानिक सिद्धांतों को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। इस मौके पर शिवगुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, चुनबाद प्रसाद, सविता पाल, राविंद्र सिंह पटेल, ओम प्रकाश गुप्ता, कल्याण सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरने से महिला का हाथ कटा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** चलती ट्रेन से गिरने से एक महिला का हाथ कट गया। गंभीर रूप से घायल महिला को प्रयागराज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह सवा नौ बजे बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस की बोगी में अपने दो बच्चों शुभम, सुनाली के साथ बैठी महिला रिंकी (33) पत्नी सुजीत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन में धीमी हुई ट्रेन से उतरने की कोशिश करने लगी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में आ गई। इससे उसका दायां हाथ कट गया और पैर में भी गंभीर चोट आई। आरपीएफ ने तुरंत ट्रेन रुकवा कर महिला को ट्रैक से प्लेटफार्म पर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर स्थिति में प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

# तुलसीतीर्थ में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

संवाददाता राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में 26 मार्च को भगवान राम का प्राकट्योत्सव रामनवमी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में हुई बैठक में इसकी रूपरेखा बनाई गई।

कार्यक्रम के आयोजक सुनील मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार से घरों में अपने बच्चों का जन्मदिन मनाने की परंपरा है उसी प्रकार से कौशल्या नंदन श्रीराम का प्रकटोत्सव मनाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम नर और नारियों में व्याप्त हैं। पुरुषों के साथ-साथ नारी शक्ति को भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही नारी सशक्तिकरण हमारे वेद और पुराणों में मिलता है। मां रत्नावली की एक बात ने तुलसी को एक रात में गोस्वामी तुलसीदास बना दिया। तुलसीदास ने श्रीरामचरित मानस की रचना करके मानव समाज को सन्मार्ग में चलने के लिए एक महान ग्रंथ समाज को दिया, जिसके अनुकरण मात्र से ही समाज को आदर्श की सीख मिल जाती है। उन्होंने 26 मार्च को व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद करके कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की। बैठक में शंकर दयाल जायसवाल, मनोज द्विवेदी, हिमांशु जायसवाल, रज्जू सोनी, मनोज द्विवेदी, अमित पांडेय, वीरेंद्र शुक्ला, उमेश सोनी, अशोक सोनी, राकेश नामदेव, रमन मोदनवाल, गौरव द्विवेदी, अनिल त्रिपाठी, संजय दत्त शुक्ला, प्रशांत तिवारी, भानु द्विवेदी, विकास गुप्ता, कमलेश मोदनवाल आदि मौजूद रहे।



मनुष्यों का अस्तित्व उनकी चेतना से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व ही उनकी चेतना को निर्धारित करता है।
-कार्ल मार्क्स, दार्शनिक

## सुधार के आसार

देश में घरेलू और व्यावसायिक इस्तेमाल की गैस आपूर्ति में सुधार का आसार नजर आने लगा है। सरकार की कालाबाजारियों पर कारगुजारी से इसकी किल्लत की अफवाहों के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। 92 हजार सात सौ टन एलपीजी ला रहे दो जहाजों के कल तक गुजरात के कांडला तथा मुंद्रा बंदरगाह पर आ लगने की संभावना के साथ 22 दूसरे जहाज, जो हार्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में रुके हैं, जिनमें से छह एलपीजी ला रहे हैं, उन्हें भी शीघ्र वहां से निकलने की उम्मीद ने यह आशा बढ़ा दी है कि निकट भविष्य में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या नहीं आने वाली। इसके अलावा कई अन्य जहाज खाड़ी के क्षेत्र में रुके हुए हैं, उन्हें भी सुरक्षित निकालने के लिए जहाजरानी मंत्रालय और सरकार अपने स्तर पर लगी हुई है। इसके अलावा ऊर्जा सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क के साथ वैकल्पिक स्रोत तथा रास्ते भी देख रही है।

29 राज्यों में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति सुचारू होना भी स्थितियों में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। इसी के मद्देनजर पेट्रोलियम मंत्रालय ने 75 लाख से बढ़ाकर अचानक 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई सिलिंडर बुकिंग पर लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, आपूर्ति के प्रति आश्वस्त रहें। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले दो जहाजों की सुरक्षित निकासी केवल एक समुद्री घटना नहीं, बल्कि भारत की सक्रिय कूटनीति और ऊर्जा सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण संकेत है। यह संकेत देता है कि भारत ने क्षेत्रीय शक्तियों, विशेषकर ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद की ऐसी संतुलित नीति अपनाई है, जिससे संकट की स्थिति में भी भारतीय हितों की रक्षा संभव हो पाती है। हालिया घटनाक्रम से घरेलू और वाणिज्यिक गैस संकट के तत्काल दबाव में कुछ राहत के संकेत अवश्य मिले हैं, लेकिन यदि क्षेत्रीय संघर्ष लंबा खिंचता है, तो स्थिति फिर से अस्थिर हो सकती है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता अक्सर कीमतों में तेज वृद्धि, आपूर्ति में देरी और घरेलू स्तर पर कालाबाजारी जैसी समस्याओं को जन्म देती है। यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि ईरान शेष भारतीय जहाजों को भी स्वतः निर्बाध मार्ग प्रदान कर देगा। होर्मुज का समुद्री मार्ग वैश्विक भू-राजनीति से गहराई से जुड़ा है और वहां की परिस्थितियां तेजी से बदलती रहती हैं, इसलिए भारत को निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखना होगा।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्पष्ट है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित निकासी तत्काल राहत का संकेत अवश्य है, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा की बड़ी चुनौती का स्थायी समाधान नहीं। भारत को अपनी कूटनीति, ऊर्जा नीति और समुद्री क्षमता तीनों को समान रूप से मजबूत करना होगा, साथ ही घरेलू स्तर पर वितरण प्रणाली की निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, तभी कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जा सकेगा और भविष्य में ऐसे संकटों का सामना अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा।

# भारत को घटानी होगी ऊर्जा आयात पर निर्भरता





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, जो सीधे युद्ध में शामिल हैं, बल्कि उन सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाता घाटे (CAD) को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है, कि क्या यह ऊर्जा संकट भारत की जीडीपी वृद्धि को धीमा कर सकता है और क्या सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2026 में लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन इस आर्थिक विकास की एक बड़ी कमजोरी यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में अभी भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

एलपीजी के मामले में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। भारत में एलपीजी की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में देश में एलपीजी की कुल वार्षिक खपत लगभग 31 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। इसमें से लगभग 20 से 21 मिलियन टन एलपीजी आयात के माध्यम से आती है, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 12 से 13 मिलियन टन के आसपास है। इसका अर्थ है कि भारत की एलपीजी जरूरत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है।

एलपीजी की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण पिछले वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में हुई तेजी है। वर्ष 2014 में भारत में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच को बढ़ाया है, जिससे इसकी मांग में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की ऊर्जा निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है।

भारत के एलपीजी और तेल आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होती है, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है।

हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं, यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है, तो यह कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर डालती है। सबसे पहला प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। जब तेल और गैस महंगे होते हैं, तो परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इससे खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है। महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है और मांग कमजोर पड़ने लगती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव जीडीपी वृद्धि दर पर पड़ता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा लागत बढ़ने से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है और निवेश तथा उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं।

तीसरा और सबसे गंभीर प्रभाव चालू खाता घाटे (CAD) पर पड़ता है। भारत पहले से ही अपने ऊर्जा आयात के कारण भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि होती है, तो भारत के आयात बिल पर लगभग 12 से 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और रुपये की कमजोरी भी बढ़ सकती है।

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा खपत लगातार बढ़ेगी। ऐसे में यदि भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

सरकार ने इस जोखिम को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में कुछ समय तक ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा सरकार ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बनाने और अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

इसके साथ-साथ भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य में भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका-इज़राइल-ईरान संघर्ष केवल एक भू-राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

## आमने सामने



बीजेपी अपना मूल स्वरूप और विचारधारा छोड़ती जा रही है। जो पार्टी कभी समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी कहलाती थी, उसमें अब उन्हीं लोगों को किनारे किया जा रहा है, जिन्होंने दशकों तक जमीन पर काम किया। मौजूदा हालात देखकर कई बार उनका मन राजनीति से संन्यास लेने का होता है।
**-अजेंद्र अजय**
बीजेपी नेता, उत्तराखंड

पार्टी के खिलाफ इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों पर रखना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखता हो, वह बीजेपी का कार्यकर्ता कहलाने का अधिकारी नहीं है।
**-महेंद्र भट्ट**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उत्तराखंड



# सुंदरता सचमुच प्राकृतिक और शाश्वत सत्य है!



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

इतिहास बताता है कि अलग-अलग समय और स्थानों पर सुंदरता के पैमाने बिल्कुल अलग रहे हैं। यूरोप में एक समय पतली कमर को स्त्री-सौंदर्य का आदर्श माना गया और कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे, कि स्त्रियों को सांस लेने में कठिनाई होने लगती थी। चिकित्सा इतिहासकारों ने दर्ज किया है कि लंबे समय तक कॉर्सेट पहनने से सांस लेने में समस्या, पाचन संबंधी दिक्कतें और पसलियों के आकार तक में बदलाव देखे गए। चीन में सदियों तक छोटे पैरों को सुंदरता, शिष्टता और विवाह-योग्यता से जोड़ा गया। बच्चियों के पैरों को बचपन से ही कसकर बांधा जाता था, ताकि वे छोटे बने रहें। इतिहासकार डोरोथी को के शोध बताते हैं कि इस प्रथा ने लाखों स्त्रियों की गतिशीलता सीमित कर दी।

दुनिया के कुछ हिस्सों में सुंदरता का अर्थ भरा-पूरा शरीर रहा है। अफ्रीका के कई समुदायों में शरीर पर बने विशेष चिह्न, अलंकरण या आभूषण सुंदरता और पहचान का हिस्सा रहे हैं। भारत में भी समय और क्षेत्र के अनुसार सुंदरता के मानक बदलते रहे हैं। कहीं गोरी त्वचा को सुंदरता का प्रतीक माना गया, कहीं बड़ी आंखों और लंबे बालों को, कहीं पतले शरीर को आधुनिक आकर्षण का संकेत बनाया गया, तो कहीं भरे-पूरे शरीर को स्वास्थ्य और समृद्धि से जोड़ा गया। औपनिवेशिक दौर और उसके बाद के विज्ञापन इतिहास पर हुए अध्ययनों से यह भी सामने आता है कि गोरी त्वचा को वरीयता देने वाली प्रवृत्तियां आधुनिक बाज़ार और उपनिवेशवादी सौंदर्य-राजनीति से भी जुड़ी रहीं।

इन सभी उदाहरणों से एक बात साफ़ होती है, सुंदरता कोई स्थायी सत्य नहीं है। वह समय, समाज और संस्कृति के साथ बदलती रहती है, लेकिन इन मानकों के अनुसार खुद को ढालने का सबसे अधिक दबाव लगभग हर समाज में स्त्रियों पर ही पड़ा है। धीरे-धीरे यह दबाव इतना सामान्य बना दिया जाता है कि वह नियम जैसा लगने लगता है।

कई घरों में यह शिक्षा डांट की तरह नहीं, सलाह की तरह आती है। धूप में कम खेलो, रंग दब जाएगा। बाल ठीक रखो। ज़रा सलीके से बैठो। लड़की हो, अपने ऊपर ध्यान देना सीखो। ऐसे ही जाओगी क्या, थोड़ा तैयार हो लो। इन वाक्यों में कोई एक बड़ा अत्याचार दिखाई नहीं देता, पर इन्हीं से वह लंबी मानसिक रचना शुरू होती है, जिसमें लड़की अपने आप को व्यक्ति से पहले प्रस्तुति के रूप में देखना सीखती है।

यही वह जगह है, जहां सुंदरता पसंद नहीं रहती, वह एक सामाजिक अभ्यास में बदल जाती है। लड़की को केवल पढ़ना, काम करना, विनम्र रहना और संबंध निभाना ही नहीं सिखाया जाता, उसे अपने चेहरे, त्वचा, बाल, चाल, देह, कपड़ों और गंध तक पर चौकन्ना रहना भी सिखाया जाता है। बहुत-सी लड़कियां बहुत जल्दी सीख जाती हैं कि उन्हें कमरे में मौजूद होने भर से काम नहीं चलेगा; उन्हें 'ढंग से' मौजूद होना होगा। यह ढंग कोई निजी खोज नहीं होता; उसे परिवार, विद्यालय, बाज़ार, परदा, साथियों की राय और अब सामाजिक माध्यम मिलकर गढ़ते हैं।

देह-छवि पर हुए समकालीन अध्ययनों ने भी यही दिखाया है कि साथियों का दबाव, पारिवारिक टिप्पणी, मीडिया और विद्यालयी वातावरण मिलकर युवाओं की देह-धारणा बनाते हैं। ब्रिटेन की मेंटल हेल्थ फ़ाउंडेशन की रिपोर्ट में पाया गया कि 54 प्रतिशत लड़कियों ने कहा कि सामाजिक माध्यमों की छवियों ने उन्हें अपने शरीर को लेकर चिंतित किया। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा 2023 में प्रकाशित विश्लेषणों में संकेत मिला कि सामाजिक माध्यमों का उपयोग सीमित करने पर किशोरों और युवाओं में अपने रूप और वज़न को लेकर बेहतर महसूस करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यहीं बाज़ार अपना सबसे चतुर काम शुरू करता है। वह स्त्री से यह नहीं कहता कि तुम गलत हो; वह उससे कहता है कि तुम और बेहतर हो सकती हो। यह भाषा सुनने में प्रेरक लगती है, पर उसका पूरा ढांचा एक स्थायी कमी पर टिका होता है।

मनोविज्ञान में इस अनुभव को समझाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं दी गई हैं। उनमें से एक हैस्व-वस्तुकरण (Self-Objectification)। इसका अर्थ है कि व्यक्ति स्वयं को एक जीवित अनुभव की तरह नहीं, बल्कि दूसरों की नज़र से देखी जाने वाली वस्तु की तरह देखने लगता है। इसके साथ जुड़ी होती हैदेह-निगरानी (Body Surveillance) यानी लगातार यह देखना कि हम कैसे दिख रहे हैं। इससे रूप-संबंधी चिंता (Appearance Anxiety) बढ़ती है और व्यक्ति दूसरों से लगातार अपनी तुलना करने लगता है, जिसे मनोविज्ञान में सामाजिक तुलना (Social Comparison) कहा जाता है। इन प्रक्रियाओं पर अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बारबरा फ्रेडरिकसन और टोमी-ऐन रॉबर्ट्स के प्रसिद्ध 'ऑब्जेक्टिफिकेशन सिद्धांत' में विस्तार से चर्चा की गई है।

अंत में बात बस इतनी है, लड़कियों को सुंदर बनने की नहीं, बिना सुंदर ठहराए भी पूरी तरह मनुष्य माने जाने की ज़रूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> यूरोप में कभी पतली कमर के लिए महिलाओं के कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे कि वह सांस भी मुश्किल से ले पाती थीं।

### प्रसंगवश

## हरियाणा सिविल सर्विस में ट्रांसजेंडर को समान अवसर

समाज में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में आवेदन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति हरियाणा सिविल सेवा (HCS) सहित अन्य सरकारी पदों के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवैधानिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

जहां एक ओर समाज में आज भी ट्रांसजेंडर समुदाय को भेदभाव की नजरों से देखा जाता है, वहीं न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप आशा की किरण बनकर सामने आया है। लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकार्यता के क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकारी नौकरियों के आवेदन पत्रों में केवल पुरुष और महिला का विकल्प होने के कारण वे स्वयं को पंजीकृत करने में असमर्थ रहते थे। इससे न केवल उनके अधिकार सीमित होते थे, बल्कि वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा से भी बाहर रह जाते थे। हाईकोर्ट ने इस स्थिति को असंवैधानिक मानते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।



धनीश शर्मा
लेखक

कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित आयोगों ने आवेदन फॉर्म में तीसरे लिंग (ट्रांसजेंडर) का कॉलम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में आवश्यक तकनीकी संशोधन किए गए, ताकि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन भले ही एक तकनीकी सुधार लगे, लेकिन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह कदम यह संदेश देता है कि शासन व्यवस्था अब समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा सिविल सेवा राज्य की प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इसमें चयनित अधिकारी प्रशासनिक, राजस्व, विकास और कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में ट्रांसजेंडर समुदाय को इस सेवा में भागीदारी का अवसर मिलना समानता की भावना को सशक्त करता है। यह न केवल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान को भी मजबूती देगा।

वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद देशभर में नीतिगत सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। यह पहल यदि पहले हो जाती तो बेहतर होता, क्योंकि संवैधानिक अधिकारों की स्थापना में देरी भी एक प्रकार की बाधा ही मानी जाती है। फिर भी, देर से ही सही, यह कदम स्वागत योग्य है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

जब तक रोजगार के अवसर समान रूप से उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। सरकारी सेवा में चयन केवल आर्थिक स्थिरता ही नहीं देता, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान भी प्रदान करता है। यदि ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य्य प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनते हैं, तो वे समाज के विविध वर्गों की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता से समझ सकेंगे और नीतियों के निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण ला सकेंगे। यह परिवर्तन केवल कागजों तक सीमित न रहे। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, परामर्श और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पहलवी की दावत और नीलो



जब शाह रज़ा पहलवी की दावत ने एक पाकिस्तानी अभिनेत्री को आत्महत्या की कोशिश तक पहुंचा दिया और इससे हबीब जालिब की बग़ावती नज़्म पैदा हुई, जिसका रिश्ता बाद में फ़िलिस्तीन से भी जुड़ा।

नीलो 1960 के दशक में पाकिस्तान की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म अभिनेत्री थीं। उनका जन्म एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। उनका नाम था, सिंथिया अलेक्ज़ेंडर फ़र्नांडिस। 1956 में उन्होंने फ़िल्मी दुनिया में आते ही अपना स्क्रीन नाम नीलो रख लिया और 1965 तक वे पाकिस्तान की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने लगीं।



साकिब सलीम
ब्लॉगर

11 फ़रवरी 1965 को उन्हें उस वक़्त के पाकिस्तान के गवर्नर अयूब ख़ान के क़रीबी सहयोगी आमिर मोहम्मद ख़ान ने बुलाया। ईरान के शासक शाह रज़ा पहलवी के सम्मान में एक डिनर पार्टी रखी गई थी और नीलो से उसमें नृत्य करने को कहा गया, लेकिन नीलो के विचार समाजवादी थे। उनका मानना था कि तानाशाहों और शासकों की निजी महफ़िलों में नाचना उनके उसूलों के ख़िलाफ़ है।

उन्होंने उस दावत में प्रदर्शन करने से साफ़ इंकार कर दिया। जैसा कि उम्मीद थी, यह बात गवर्नर को बेहद नागवार गुज़री। पुलिस भेजी गई और नीलो को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें ज़बरदस्ती उस पार्टी में लाया गया, ताकि वे नृत्य करें। इस अपमान और ज़िल्लत से टूटकर नीलो ने नींद की गोलियों की भारी मात्रा खा ली। पुलिस ने जैसे ही उन्हें नाचने पर मजबूर किया, वे बेहोश होकर फ़र्श पर गिर पड़ीं। डॉक्टरों को उन्हें बचाने में कई दिन लग गए।

तानाशाहों के सामने उनके इस साहसिक विरोध के अलावा पाकिस्तान की फ़िल्म इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया भी बेहद मज़बूत और एकजुट थी। फ़िल्मकारों ने नीलो के समर्थन में एक दिन की हड़ताल का एलान किया। मशहूर प्रगतिशील शायर हबीब जालिब, जो फ़िल्मों के लिए भी लिखते थे, उन्हें अस्पताल में देखने जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने एक बेहद ताक़तवर और बग़ावती नज़्म लिखी-'नीलो'।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## निंदा प्रस्ताव से ज्यादा बड़ी भूमिका में आए यूएन

अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ लाचार और मजबूर है। न तो इसके पास कोई अधिकार है न ही इसकी कोई सुनता है। पूरी शक्ति का प्रयोग यह संगठन सिर्फ छोटे देशों पर ही कर पाता है। बड़ी महाशक्तियां उसकी सुनती नहीं। अपनी आर्थिक, सामरिक ताकत के दम पर इस संगठन को अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों ने बंधक बना लिया है। कई ध्रुवों में बंट चुके देशों को अब एकजुट होना होगा और अपने हितों के लिए दंतविहीन इस संगठन को मजबूत करना होगा।

अब भी अगर सदस्य देश एकजुट नहीं हुए, तो फिर अमेरिका जैसे देशों की दादागिरी चलती रहेगी। आज ईरान में बेनुगाह मारे जा रहे हैं, कल किसी और देश की धरती को बारूद से पाट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा, लेकिन युद्ध नहीं रुकेगा।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की चाहत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश की धरती को खंडहर में तब्दील कर दिया। बम रूस की धरती पर भी फट रहे हैं। जानें वहां भी जा रही हैं, लेकिन चार साल से संयुक्त राष्ट्र संघ बार-बार निंदा प्रस्ताव पास करने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सका। कई बार वहां युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पास हुआ, पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों के 10 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट 2026 के अनुसार इस युद्ध में लगभग 325,000 रूसी सैनिक व 140,000 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में की गई थी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, भविष्य में युद्धों को रोकने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मानव अधिकारों की रक्षा व सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अपने उद्देश्य को पूरा कर पा रहा है? तो जवाब आता है, नहीं।

1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव डैग हैमरस्कजोल्ड ने मजाकिया लहजे में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र हमें स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नरक से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह संस्था हमें युद्ध रूपी नरक से बचा नहीं पा रही है, इसलिए अब यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र एक संगठन के रूप में तेजी से अक्षम और अप्रभावी होता जा रहा है।

वैसे तो इस संगठन में 193 देश हैं, लेकिन कब्जा सिर्फ वीटो पॉवर वाले देशों अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन का ही है। रूस ने यूक्रेन पर यह कहकर हमला किया था कि वह नाटो का सदस्य बनकर उसके लिए खतरा बन रहा है, लेकिन इस युद्ध के पीछे यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जे की योजना थी, जो साफ दिखती है। यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावे तो बड़े- बड़े किए थे। रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक भी की थी, लेकिन दुनिया को शांति का संदेश देते-देते वे खुद ही युद्ध करने में जुट गए।

ईरान में सत्ता किसकी रहेगी यह तय करने का अधिकार वहां की जनता का है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के नाम पर ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर इस देश को युद्ध में झोंक दिया और इसकी आग से सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, यूएई जैसे देश भी झुलस रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# युद्ध ने बढ़ाया संकट मुसीबत में ऑटो सेक्टर

- सप्लाई चेन में व्यवधान, दबाव में निर्यात
- लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत में वृद्धि
- उत्पादन लागत बढ़ने का मंडराता खतरा

**भारत में निर्मित होने वाली कारों के लिए मध्य पूर्व के देश एक बड़ा और प्रमुख बाजार है। लेकिन वहां लगी युद्ध की आग से कार निर्माता कंपनियां मुसीबत में आ गई हैं।**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से गंभीर दबाव में आ गया है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती सप्लाई चेन बनाए रखना और निर्यात की राह में खड़ी बाधाएं हैं। मध्य पूर्व देशों में तनाव और समुद्री रास्तों पर खतरे के कारण भारतीय ऑटो कंपनियों ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ देशों में गाड़ियों की शिपमेंट टाल दी हैं। कंपनियों को डर है कि युद्ध के कारण शिपिंग लागत बढ़ सकती है और सुरक्षा का जोखिम भी है। इसी तरह कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ना शुरू हो गई है। इनपुट लागत बढ़ने का असर घरेलू बाजार में कारों की कीमतों और ईवी की मांग पर पड़ सकता है।

सुरक्षा और बढ़े हुए बीमा शुल्क के कारण टाटा, मारुति और हुंडई जैसी कंपनियों को अपनी शिपमेंट रोकनी या टालनी पड़ रही हैं। हालांकि घरेलू बाजार में कारों की मांग पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है, बीते माह यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें और आर्थिक अनिश्चितता अगर बढ़ती है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग नए वाहन खरीदने का फैसला टाल सकते हैं। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर



## भारतीय कारों व दो पहिया वाहनों के लिए बड़ा बाजार है मध्य पूर्व

- मध्य पूर्व और नार्थ अफ्रीका के करीब 20 देशों का क्षेत्र, जिसे 'मीना' कहा जाता है, भारतीय कारों और दो पहिया वाहनों के लिए अहम बाजार है। ऐसे में वैश्विक तनाव से भारतीय ऑटो कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चिंता इन देशों को होने वाले निर्यात तथा माल ढुलाई की लागत बढ़ने को लेकर है। हुंडई इंडिया अपने कुल उत्पादन का लगभग 21 फीसदी इन्हीं देशों को निर्यात करती है। टाटा मोटर्स का भी सबसे ज्यादा कारोबार यहां है। अशोक लेलैंड अपने निर्यात का 35 फीसदी इन देशों को भेजती है, तो बजाज ऑटो भी 15 फीसदी तक निर्यात मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका देशों को करता है। जाहिर है, इस स्थिति में युद्ध लंबा खिंचने से जिन कंपनियों का मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका क्षेत्र में ज्यादा निर्यात है, उनकी बिक्री पर तो सीधा असर पड़ेगा, लेकिन बाकी कंपनियों को भी माल ढुलाई दरें और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कच्चे माल की लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ेगा।

## टायर उद्योग को सता रहा महंगाई की मार का खतरा



मौजूदा संघर्ष से देश के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन पर दबाव आ सकता है। वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने केंद्र सरकार को बताया है कि भारत से पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात होता है। होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं।

## टोयोटा, हुंडई और मारुति ने पिछले साल किया करोड़ों डॉलर का निर्यात

- सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार भारत से साल 2025 में 8 .8 बिलियन डॉलर मूल्य की कारों का वैश्विक निर्यात किया गया था, जिसका एक चौथाई हिस्सा सिर्फ मध्य पूर्व के देशों के लिए था। टोयोटा ने पिछले साल 47 करोड़ डॉलर का निर्यात किया, जिसमें 30 करोड़ डॉलर की कीमत की कारें सिर्फ मध्य पूर्व के देशों में भेजी गई थीं। इसी तरह हुंडई मोटर ने करीब 75 करोड़ डॉलर का निर्यात खाड़ी देशों को किया था, जबकि मारुति सुजुकी की मिडिल ईस्ट के निर्यात में हिस्सेदारी करीब 45 करोड़ डॉलर थी।

## वाहन पुर्जा उद्योग भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान

- वाहन पुर्जा उद्योग ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और लाल सागर में जहाजों के मार्ग में बाधाओं के कारण निर्यात की लॉजिस्टिक लागत बढ़ रही है, खेप भेजने में में देरी हो रही है तथा महत्त्वपूर्ण कच्चे माल का आयात बाधित हो रहा है। इसके साथ ही उत्पादन के लिए जरूरी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया का कहना है कि निर्यात के उत्पादन से जुड़े प्रमुख इनपुट का निर्यात और आयात दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

## ऑटो न्यूज



### 42 % स्कूटरों की बिक्री में पिछले माह दर्ज हुआ उछाल

- स्कूटरों की बिक्री में बीते माह फरवरी में 42 .3% का बड़ा उछाल आया। देश भर में 7,29,774 यूनिट स्कूटरों की खरीद हुई। इसके मुकाबले मोटरसाइकिलों की बिक्री में 30 .8% की वृद्धि दर्ज की गई और 10,96,537 यूनिट बाइक्स बेची गईं। इस तरह फरवरी में टू-व्हीलर की बिक्री में कुल मिलाकर 35 .2% की बढ़त सामने आई और 18,71,406 यूनिट लोगों ने खरीदीं। इसके मुकाबले पिछले साल इस माह में 13,84,605 यूनिट टू-व्हीलर की बिक्री हुई थी।



### 74,573 थ्री-व्हीलर की पिछले माह हुई बिक्री

- तीन पहिया यानी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में भी मजबूत प्रदर्शन सामने आया। फरवरी में तीन पहिया वाहनों की बिक्री 29% बढ़कर 74,573 यूनिट रही, जबकि पिछले साल यह 57,788 यूनिट थी पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी फरवरी माह में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कुल 4,17,705 यूनिट की बिक्री हुई। यह पिछले साल के 3,77,689 यूनिट के मुकाबले 10 .6% ज्यादा रही, जबकि इसमें लग्जरी ब्रांड की बिक्री शामिल नहीं रहे।

# नई कारें : हाईटेक फीचर्स, नए स्टैंडर्ड्स

**नई कार खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए नई लॉन्चिग ने नए अवसर और विकल्प दिए हैं। मसलन, पुरानी यादों में खोए रहने वाले खरीदारों को आखिरकार अपनी डस्टर वापस मिल गई है। टाटा सिएरा को हाथोहाथ लिए जाने के बाद अब टाटा सिएरा ईवी धमाल मचाने की तैयारी में है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए एबेला भी भरोसेमंद विकल्प बन सकती है, जबकि रफ्तार और परफॉर्मेंस के दीवाने एसक्यू8 को देखकर ललचा सकते हैं।**

## रेनॉल्ट डस्टर की पुरानी यादें नए अवतार में

- रेनॉल्ट डस्टर यह एसयूवी साल 2022 में भारत में बंद कर दी गई थी, चार साल बाद अब इसे नए अवतार में फिर से लॉन्च किया गया है। यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो सुविधाओं से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी की तलाश में हैं। माना जा रहा है कि नई डस्टर एक परिपक्व डिजाइन और अपडेटेड तकनीक के साथ क्रेटा और सेल्टोस को कड़ी टक्कर देगी। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी अगले माह शुरू होने की उम्मीद है।
- नई डस्टर में दो टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन होंगे। पहला 1 .0 लीटर टर्बो इंजन जो 100बीएचपी की पावर देगा, दूसरा 1 .3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 163बीएचपी की पावर पैदा करेगा। सुरक्षा के लिए इसमें छह एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा के साथ लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम है। नए मॉडल में लेन कीप असिस्ट और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल भी होगा। मजबूत बाहरी डिजाइन और अंदर डुअल डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें भी मिलेंगी। रेनॉल्ट डस्टर के नए अवतार की कीमत करीब 11 से 20 लाख के बीच रहेगी।





## अब धमाल मचाने आ रही टाटा सिएरा ईवी

- टाटा सिएरा पिछले दिनों लॉन्च हुई चर्चित गाड़ियों में शुमार रही थी। इस कार को ग्राहकों ने कितना पसंद किया, इसका अंदाजा इसकी बुकिंग से लगाया जा सकता है, जिसने वेटिंग पीरियड लंबा कर दिया। अब टाटा सिएरा ईवी की लॉन्चिग आकर्षण के केंद्र में है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक वेरिएंट को भी हाथोहाथ लिए जाने की उम्मीद लगाए है। टाटा सिएरा ईवी को अगले दो माह के भीतर लॉन्च किया जाएगा। यह कार रोज यात्रा करने वालों के लिए उन लोगों के लिए भरोसेमंद होगी, जिनके पास घर में चार्जिंग की सुविधा है और जो अपना मासिक ईंधन खर्च काफी कम करना चाहते हैं। सिएरा ईवी रेट्रो-प्रेरित डिजाइन को आधुनिक ईवी आर्किटेक्चर के साथ जोड़ती है। इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्री और सिएरा श्रृंखला की खासियत वाला विशाल केबिन लेआउट होगा। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज लगभग 500 किलोमीटर होने की उम्मीद है। डीसी फास्ट चार्जर से एक घंटे से कम समय में इसे 60 फीसदी तक चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि सिएरा ईवी ईंधन की लागत को खत्म कर देती है। कम रखरखाव और संचालन लागत इसे समान मूल्य वर्ग में पेट्रोल से चलने वाली कारों के मुकाबले बेहतर दावेदार बनाती हैं। इस कार की अनुमानित कीमत 18 से 24 लाख के बीच होने की उम्मीद है।

## ई-विटारा से अलग है टोयोटा की अर्बन क्रूजर एबेला

- टोयोटा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर एबेला भी मार्केट में आ गई है। इसकी 25 हजार रुपये के साथ दो माह पहले बुकिंग की गई थी। इसकी कीमत 17 से 23 लाख रुपये एक्स शोरूम है। यह मारुति ई विटारा का टोयोटा संस्करण है, लेकिन उससे थोड़ी अलग तथा प्रीमियम है। इसमें 49 किलोवाट घंटे और 61 किलोवाट घंटे की दो बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 543 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करेंगे। इस एसयूवी में छह एयरबैग, डुअल 10 .25 इंच की डिजिटल स्क्रीन, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक ग्लास रूफ और टॉप वेरिएंट में लेवल 2 एडीएएस मिलेगा। जानकारों के मुताबिक यह हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई 6 को टक्कर देती नजर आएगी।





## 25 अपडेट्स के साथ आई नई हुंडई वरना

हुंडई इंडिया ने अपनी पॉपुलर सेडान 'वरना' का नया मॉडल पेश किया है, इसके जरिए कंपनी की नजर मिड साइज सेडान सेगमेंट के खरीदारों पर है। कंपनी ने इस लग्जरी सेडान में डिजाइन, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी से जुड़े 25 से ज्यादा बड़े बदलाव किए हैं। एक्सटीरियर में भी कई कॉस्मेटिक और स्टाइलिश बदलाव हुए हैं। इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर दिए गए हैं। कार को स्पोर्टी लुक देने के लिए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के कारण इस कार का मुकाबला होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस से माना जा रहा है। इस कार को 25 हजार रुपये की राशि देकर बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11 लाख रुपये है।



## ऑडी एसक्यू 8 में पावर और भव्यता का संतुलन

- जिन लोगों को लगता रहा है कि ऑडी स्टैंडर्ड क्यू 8 में ताकत की थोड़ी कमी है, तो एसक्यू 8 उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है। एसक्यू 8 में इंजन तो 4 .0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 ही लगा है, लेकिन कम ट्यूनिंग के साथ, जो 507एचपी और 770 एएम का पावर जनरेट करता है। ऑडी का दावा है कि यह कार 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 4 .1 सेकंड में पकड़ लेती है। इस एसयूवी में मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स, स्पोर्टी डिजाइन एलिमेंट्स और प्रीमियम केबिन जैसी सुविधाएं हैं और इसे कस्टमाइज्ड यूनिट के रूप में लाया गया है। यह स्टैंडर्ड क्यू8 और टॉप-रेंज आरएस क्यू8 के बीच सटीक रूप से फिट बैठती है, जिससे खरीदारों को एक आकर्षक मध्य विकल्प मिलता है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.90 करोड़ एक्स-शोरूम रहने वाली है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 16 मार्च 2026
www.amritvichar.com



# पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी

## विपणन कंपनियां कर रही हैं रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क पर रोक लगाने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से खुद को हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने की तैयारी कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिस वजह से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं।



### इन रिफाइनरी पर असर

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में न के बराबर दखल है, वे अपना अधिकांश उत्पादन ओएमसी को बेचती हैं। ऐसे में उनके मार्जिन पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी रिफाइनरी भी प्रभावित होंगी। ये दोनों अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं।

### युद्ध के बीच उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

### अदाणी-टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम प्रति मानक घन मीटर 119 .90 से घटाकर 82 .95 रुपये कर दिए हैं। कहा है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एल्युमिनियम ढलाई बंद होने का हिंडाल्को ने खंडन किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज धातु विनिर्माता कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने रविवार को एल्युमिनियम ढलाई व्यवसाय बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि कंपनी के इस व्यवसाय की बिक्री या संचालन को नहीं रोका गया है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में ग्राहकों को भेजी गई सूचना केवल संभावित आपूर्ति व्यवधान के संबंध में सामान्य व्यावसायिक जानकारी थी। वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कंपनी के समग्र परिचालन या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### पंजाब : मान का उद्योग जगत से पूर्ण सरकारी सहयोग का वादा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उद्योगपतियों को पूर्ण सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य को एक प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मान ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी ने औद्योगिक विकास के लिए सही माहौल तैयार किया है और यह राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन के दौरान आए निवेश प्रस्तावों और तय परियोजनाओं की प्रगति का छह माह बाद फिर मूल्यांकन किया जाएगा।

# आईआईए ने केंद्र से एमएसएमई इकाइयों में गैस संकट के समाधान की उम्मीद जताई

- एमएसएमई इकाइयों में प्रभावित हो रही हैं विनिर्माण गतिविधियां

**आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- वास्तविक कमी से ज्यादा ये रसद-आपूर्ति शृंखला का मामला**

**बरेली, अमृत विचार:** एलपीजी और औद्योगिक गैस की आपूर्ति में रुकावट के कारण कई एमएसएमई इकाइयों ने विनिर्माण गतिविधियों के प्रभावित होने की बात कही है, जिस पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भी चिंता जताई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी से कहीं अधिक रसद और आपूर्ति शृंखला से संबंधित है। उन्होंने इसके समाधान के लिए केंद्र सरकार और संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के हस्तक्षेप और समन्वय की उम्मीद जताई है।

आईआईए अध्यक्ष ने कहा है कि संस्था को इस समस्या के कारण बंद हुई औद्योगिक इकाइयों की संख्या के संबंध में पुष्ट आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उसने देश भर में अपने सदस्यों से गैस संकट के कारण हो रही परिचालन संबंधी कठिनाई, उत्पादन में व्यवधान या बंद होने की सूचनाएं मांगी हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित मंच पर रखा जा सके। दिनेश गोयल ने कहा, गैस की कमी से भट्टियों, हीटिंग सिस्टम और प्रसंस्करण इकाइयों में गैस का उपयोग करने वाले उद्योग भी काफी प्रभावित होते हैं। इंडक्शन-आधारित भट्टियां और हीटिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रिक विकल्प कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में आंशिक समाधान ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी व्यवहारिकता तकनीकी उपयुक्तता और बिजली लागत पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, संस्था स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और हितधारकों के साथ संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसएमई के संचालन में गंभीर रूप से बाधा न आए।



### ये उद्योग सबसे ज्यादा संकट में

पैकेजिंग सामग्री निर्माण, प्लास्टिक घटक और एक्सट्रूजन इकाइयां, ऑटो पार्ट्स निर्माण इकाइयां, मशीनरी निर्माण और फेब्रिकेशन इकाइयां, रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यशालाएं, बिस्कुट और बन बनाने वाली बेकरी यूनिट और कांच और चूड़ी ढलाई इकाइयां, विशेष रूप से फिरोजाबाद में।

### भविष्य में गैस पर निर्भरता कम करने की भी कोशिश

आईआईए गैस आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर भी काम कर रहा है। बताया गया कि इस दिशा में उसने आईआईटी रुड़की, आईआईटी वाराणसी और आईआईटी धनबाद सहित प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ परामर्श शुरू किया है। ताकि औद्योगिक गैस खपत कम करने की तकनीक, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए वैकल्पिक ऊर्जा विकल्प और टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों जैसी संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

# आयकर विभाग की मुकदमा प्रणाली में बदलाव किया जाए

- संसदीय समिति ने की विशेषज्ञ मुकदमा समिति बनाने की संस्तुति

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति ने आयकर विभाग से उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने से पहले कर विवाद के मामलों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ मुकदमा समिति गठित करने को कहा है। समिति ने मुकदमेबाजी के प्रति विभाग के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का आह्वान भी किया है।

वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 2024-25 में उच्च न्यायालय के स्तर पर आयकर विभाग की सफलता दर महज 12.07 प्रतिशत और आईटीएटी स्तर पर 14.50 प्रतिशत रहने पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार आने वाले प्रतिकूल परिणाम प्रणालीगत कमजोरियों की ओर इशारा करते हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसलिए केवल यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने के मुद्दे को हल करने की आवश्यकता है। अक्सर व्यक्तिगत जिम्मेदारी या सतर्कता जांच से बचने के लिए ऐसा किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के समक्ष 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले लंबित हैं। इसी तरह, उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले लंबित हैं।

## स्थाई लाइसेंस देने का एफएसएसएआई का निर्णय परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाने-पीने की चीजों को व्यवसायियों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय को परिवर्तनकारी बताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इससे व्यवसायियों को बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराना होगा और अनुपालना का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि ये बड़े सुधार सरकार के उस विजन के अनुरूप हैं जिसके तहत नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाकर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।

# यात्रा नीति के दुरुपयोग में फंसे एयर इंडिया के 4,000 कर्मचारी

- अब भारी जुर्माने के साथ वसूली जा रही है हड़पी गई धनराशि

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई हैं। इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारियों को चिह्नित किया गया है जिसके बाद एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिए ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

### मुफ्त टिकट लेकर ऊंचे दाम पर दूसरों को बेचे

ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके परिजनों को मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 6 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

## उपभोक्ता आयोग का आदेश असफल एटीएम लेनदेन पर मुआवजा देगा बैंक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के मामले में एक्सिस बैंक को फटकार लगाते हुए उसे एक ग्राहक को राशि वापस करने और 10,000 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। ग्राहक को आठ वर्ष पहले एक असफल एटीएम लेनदेन में 5,000 रुपये का नुकसान हुआ था।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एटीएम में ग्राहक के बैंक खाते से राशि डेबिट होने के बाद नकदी नहीं मिलने को गंभीर मामला बताया। कहा कि ऐसे लेनदेन की जांच करना और ग्राहक को तत्काल राहत देना बैंक की जिम्मेदारी है। आयोग ने पाया कि बैंक ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, न लोकपाल के माध्यम से निष्पक्ष सुनवाई प्रदान की। यह असफल लेनदेन 19 अगस्त, 2018 का है। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष सतीश सप्रे और सदस्य मिलिंद केदार ने एकपक्षीय रूप से की, क्योंकि कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।



मेरठ में रविवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए लगी लोगों को लंबी कतार।

## देश में एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से यह दावा करते हुए बताया गया है कि बुकिंग की स्थिति 13 मार्च को यह 88 .8 लाख थी।

**सरकार ने किया दावा डीजल-पेट्रोल एलपीजी की कोई कमी नहीं**

सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है।

## प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5,250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं।

यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रवासी भारतीयों को 5,247 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची गईं। इस तरह कुल बिक्री में प्रवासी भारतीयों की हिस्सेदारी बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गई है।

## शीर्ष 10 कंपनियों का पूंजीकरण 4,48,478 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट से बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 4,48,478 करोड़ रुपये कम हो गया है।

सबसे अधिक 89,306 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एमकैप में 61,715 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 59,082 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस को 53,314 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 42,205 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,689 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 33,290 करोड़ रुपये घट गया है।

सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 31,245 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 24,230.96 करोड़ रुपये कम हुआ। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 15,402 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,68,293 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 12,57,392 करोड़ के साथ दूसरे और एयरटेल 10,28,432 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

# कुछ आसानी और कुछ मुश्किल

नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के साथ एक अप्रैल से इस बार भी कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं। ये बदलाव मुख्य रूप से आयकर, बैंकिंग लेनदेन और सेवानिवृत्ति बचत से जुड़े हुए हैं। दावा किया गया है कि इन बदलावों से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों पर सकारात्मक असर पड़ेगा और उनके हाथ में अधिक बचत आएगी। इसके अलावा छोटे बैंकिंग लेनदेन सरल होंगे, हालांकि बड़े ट्रांजैक्शन और शेयर बाजार के सौदों पर सरकारी निगरानी और टैक्स का बोझ बढ़ सकता है।




### आयकर और टैक्स स्लैब

- नई टैक्स व्यवस्था अब डिफॉल्ट व्यवस्था होगी, इसके तहत 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- पुराने कानून की जगह इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जिसमें धाराओं को 500 से घटाकर 333 कर दिया गया है।
- बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी उन शहरों में जोड़ा गया है जहां 50% छूट का दावा किया जा सकता है।
- नए नियमों में संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

कंपनियों की ओर से शेयर बायबैक से मिलने वाले पैसे पर डिविडेंड के बजाय कैपिटल गेन्स के रूप में टैक्स लगेगा।

### पैन कार्ड और लेनदेन के नियम

- बैंक या पोस्ट ऑफिस से साल भर में 10 लाख तक के नकद लेनदेन पर अब पैन अनिवार्य नहीं होगा।
- पांच लाख तक के वाहन, 20 लाख तक की संपत्ति की डील में अब पैन देना जरूरी नहीं होगा।
- एक लाख तक के बिल के लिए पैन डिटेल्स की जरूरत नहीं, पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।

### बचत और निवेश

- पीएफ निकासी के नियमों को सरल कर तीन श्रेणियों में सीमित किया गया है। एटीएम/यूपीआई के जरिए पीएफ निकासी की सुविधा शुरू होगी।
- ग्राहक अपने रिटायरमेंट कॉर्पस का 80% हिस्सा एकमुश्त निकाल सकेंगे, पहले यह 60% था। सिर्फ 20% का एन्युइटी लेना अनिवार्य होगा।

### अन्य बड़े बदलाव

- विदेश यात्रा पैकेज और पढ़ाई/इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने (एलआरएस) पर टीसीएस की दरों को घटाकर 2% कर दिया गया है।
- 1 .5 करोड़ तक टर्नओवर वाले खाद्य व्यापारियों के लिए अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन काफी, 50 करोड़ से ऊपर टर्नओवर पर सेंट्रल लाइसेंस।
- फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में ट्रेडिंग करने वालों के लिए सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स 0 .02% से बढ़ाकर 0 .05% कर दिया गया है।

### एनएचएआई का वार्षिक पास 75 रुपये महंगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने वार्षिक पास का शुल्क 75 रुपये बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया है।

- अब देने होंगे 3,075 रुपये, एक अप्रैल से लागू होगा नया शुल्क

एनएचएआई ने रविवार को बताया कि वार्षिक पास सुविधा 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मिल सके। अब यह शुल्क वर्तमान के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया गया है। यह संशोधन एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एनएचएआई ने कहा कि देश में 56 लाख से अधिक वाहन मालिक फास्टैग वार्षिक पास का लाभ उठा रहे हैं और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। नया शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगा।

**विश्लेषकों की राय** | कच्चे तेल की कीमतों के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले का भी पड़ेगा प्रभाव

# ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों के मुताबिक इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। इसी कारण भूराजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी से भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है।



### उथल-पुथल से भरा रहा पिछला सप्ताह

- पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354 .98 अंक या 5 .51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299 .35 अंक या 5 .31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723 .27 अंक या 8 .27 प्रतिशत नीचे आ चुका है।
- पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के प्रभाव को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वियतनाम में नेशनल एसेंबली को मतदान

**हनोई।** वियतनाम में मतदाताओं ने रविवार को नई नेशनल एसेंबली के चुनाव के लिए मतदान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नेता तो लाम को देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर पुन: निर्वाचित किए जाने के दो महीने बाद यह मतदान हुआ। देश भर में लगभग 7.90 करोड़ मतदाता नेशनल एसेंबली के लिए 864 उम्मीदवारों में से 500 प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों को कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एसेंबली पार्टी की राजनीतिक दिशा के अनुरूप बनी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक गतिविधियों को यह दलील देते हुए सख्ती से नियंत्रित करती है कि केंद्रीकृत नेतृत्व देश को बिना किसी बाधा के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार मरे

**रामल्ला।** बेस्ट बैंक के उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी। समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

### किम ने देखा रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने शनिवार को पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा।

# यूएई के तीन शहरों के लिए एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

- अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह के लिए संचालित की जा रही थीं विशेष उड़ानें

नई दिल्ली, एजेंसी

एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में खेद व्यक्त करते हुए बताया गया है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आगे की तारीखों के लिए टिकट बुक करा सकते हैं या पूरा रिफंड पा सकते हैं। इनके अलावा, दिल्ली से दुबई की एयर इंडिया की पांच में से चार और एयर इंडिया एक्सप्रेस की छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज नियमित और विशेष के रूप से कुल 72 उड़ानों के परिचालन की सूचना दी थी। नियमित उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए उपलब्ध हैं। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी दुबई से परिचालन पर प्रतिबंध बढ़ाये जाने की सूचना दी है।

# ताइवान द्वीप के करीब चीनी सैन्य विमानों से हड़कंप

**हांगकांग।** ताइवान ने द्वीप के निकट बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य विमानों की मौजूदगी देखी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ताइवान के मुताबिक पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों की गतिविधि में आई भारी गिरावट के बाद यह वृद्धि देखी गई है।

इसने कहा कि शनिवार को मंत्रालय ने द्वीप के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया, जिनमें से 16 विमान उसके मध्य और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। विमानों की संख्या में यह वृद्धि से विश्लेषक यह समझने में असमंजस में पड़ गए कि चीन की सेना आखिर क्या कर रही है।

# वीटो के चलते सुरक्षा परिषद संघर्ष रोकने में असमर्थ

- संरा प्रमुख गुतारेस बोले-सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या है और यह वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती तथा स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो का इस्तेमाल किए जाने के कारण संघर्षों को रोकने में असमर्थ है।

गुतारेस ने शनिवार को बेरूत में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक समस्या है।

आज सुरक्षा परिषद मौजूदा विश्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह दरअसल 1945 के बाद के विश्व का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि 15 देशों की परिषद में तीन स्थायी सदस्य यूरोप से, एक एशिया से और एक अमेरिका से हैं, जबकि अफ्रीका या लैटिन अमेरिका से कोई स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, वीटो के कारण परिषद को वैधता और दक्षता दोनों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमने बार-बार देखा है कि जब भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है और उसे रोकना आवश्यक होता है, तो कोई देश वीटो का इस्तेमाल कर लेता है और सुरक्षा परिषद कार्रवाई नहीं कर पाती। गुतारेस ने कहा कि दुर्भाग्य से, यह एक ऐसी चीज है जिसे हम बार-बार देख रहे हैं और मुझे उम्मीद नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति में कोई बदलाव आएगा।

बता दें कि पिछले दिनों से सुरक्षा परिषद की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान और यूक्रेन-रूस संघर्ष से लेकर पिछले कई संघर्षों में उसकी भूमिका लगभग निष्प्रभावी रही है। ऐसे में कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र सहित सुरक्ष परिषद के क्रियाकलाप पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका सहित कई देशों ने तो संयुक्त राष्ट के होने को लेकर सवाल उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की जरूरत ही क्या है। भारत सहित कई देशों ने सुरक्षा परिषद में स्थायी देशों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

### पांच स्थायी सदस्य

सुरक्षा परिषद में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है।

# कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में व्याप्त था भ्रष्टाचार


- कहा-भाजपा ने अपने10 साल के शासन में व्यवस्था को बदल दिया

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।

शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा कि 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। असम के सीएम हेमंत बिश्वा शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपये), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

### गृहमंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे।

# श्रीलंका में क्यूआर कोड से वाहनों को अब मिलेगा ईंधन

**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा। सरकार ने इस प्रणाली के साथ-साथ वाहनों के लिए साप्ताहिक ईंधन कोटा भी निर्धारित किया है। इसके तहत बसों को 60 लीटर, कारों को 15 लीटर, मोटरसाइकिल को 5 लीटर, वैन को 40 लीटर और भारी वाहनों (लॉरी) को 200 लीटर ईंधन आवंटित किया गया है। इसके अलावा थ्री-व्हीलर्स के लिए 15 लीटर और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए 40 लीटर की सीमा तय की गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति में बाधा और घरेलू मांग में अचानक आई तेजी के कारण मौजूदा स्टॉक का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जरूरी हो गया था।

# पश्चिम बंगाल में पुजारियों और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया

- विधानसभा चुनाव के एलान के पूर्व ममता बनर्जी ने की घोषणा

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है।

राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा रहा है और पार्टियां विभिन्न सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हर संभव प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना धार्मिक सेवा प्रदाताओं के लिए कल्याणकारी सहायता के रूप में बनाई गई है जबकि विपक्ष ने अतीत में इस नीति पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया है कि राज्य के धन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए। हालांकि, इस योजना के समर्थकों का कहना है कि मानदेय एक छोटा लेकिन सार्थक उपाय है।

# उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी हुआ ढेर

श्रीनगर, एजेंसी



- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किया एके राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए रात भर चले अभियान के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की पहली कोशिश शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में विफल करने में सफलता हासिल की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिग्गी 2 उरी नामक ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ की कोशिश की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 14-15 मार्च की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सतर्क सैनिकों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। घात लगाकर किए गए हमले की रणनीति में बदलाव किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद किया है।

# राष्ट्र के सर्वोच्च हित में कार्य कर रही है केंद्र की सरकार

**समालखा (हरियाणा)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को विश्व में शांति की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार राष्ट्र के सर्वोच्च हित में सभी कदम उठा रही है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की तीन दिवसीय बैठक पर प्रेसवार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस पदाधिकारी ने कहा कि हम दुनिया में शांति चाहते हैं। आम लोगों का जीवन शांतिपूर्ण और सुखमय होना चाहिए, और हम भी यही चाहते हैं।

आरएसएस के शीर्ष नेता ने कहा कि वे युद्ध के कारणों का विश्लेषण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश की जनता के हित में हरसंभव प्रयास कर रही है। होसबाले ने यहां पत्रकारों से कहा कि देश के सर्वोच्च हित में जो उचित है, वही वे (भारतीय सरकार) कर रहे हैं तथा उनका कदम सही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भारत के कुछ हिस्सों में भड़के विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर होसबाले ने कहा कि लोग किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

# यूरोपीय यूनियन से अपने द्विपक्षीय संबंध को और मजबूत करेगा भारत

- दो दिवसीय यात्रा पर ब्रसेल्स के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है।

### जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक युर्गेन हाबरमास का निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक और सामाजिक विचारक युर्गेन हाबरमास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी शनिवार को उनके प्रकाशक सुह्रकैंप वर्लाग ने दी। जर्मनी के डसेलडोर्फ में 1929 में जन्मे हाबरमास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दौर में जर्मनी के सबसे प्रभावशाली दार्शनिकों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों में गिने जाते थे। उन्होंने 1960 के दशक में फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अध्यापन शुरू किया और उस समय पश्चिम जर्मनी के विश्वविद्यालयों में हुए छात्र आंदोलनों का समर्थन किया। हाबरमास को फ्रैंकफर्ट स्कूल का प्रमुख विचारक माना जाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**कर्क** – आज मन में संदेह की भावना न आने दें। परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिंतित रहेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य कर सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे।

**कन्या** – आज गृह कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शांतिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे।

**तुला** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु** – आज संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भविष्य के विषय में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।


**मकर** – आज अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** – आज दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बिताएंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षमता में कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 09 .40 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- धनिष्ठा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

### सुडोकू -90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

**साक्षरता शिविर** न्यायमूर्ति सूर्यकांत बोले- लोग राहत और न्याय पाने की उम्मीद में आते हैं अदालत

# सेवाभाव से काम करें न्यायिक प्रणालियां : सीजेआई

मंडी (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं।

मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित वाद निपटे

उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

# अरावली पहाड़ियों के लिए बनाई गई समिति के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी

- परिभाषा तय करने के लिए गठित की गई है उच्चाधिकार समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं। हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि उच्च-स्तरीय समिति के गठन के लिए सुझाए गए उपरोक्त नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।




स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 16 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### मर्सीडीज के किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में दर्ज की पहली जीत



**शंघाई।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा।

### सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17 .05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

### भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच 31 मार्च को

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। उन्होंने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

# संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकता है मैच : गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया।

गंभीर ने कहा हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और



89 रन बनाए। गंभीर ने कहा मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था।

उन्होंने कहा मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।

संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं।



# गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया

## रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया।

गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।







नमन अवार्ड्स के दौरान टी-20 विश्व कप विजेता टीम के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव। महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा, रेणुका सिंह, शेफाली वर्मा और क्रांति गौड़।

यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था। मुझे नहीं लगता कि पहले ऐसा कभी हुआ होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने कहा मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।

### मैदान पर अब दिख रही है भारतीय क्रिकेट की असली क्षमता : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना? उन्होंने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अपार क्षमता रही है और अब वह मैदान पर भी दिखाई दे रही है। मैदान के बाहर हमारे पास वह सबकुछ था जिसकी हमें जरूरत थी और अब मैदान पर भी उस क्षमता का साकार होते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। द्रविड़ ने कहा कि यह सफलता कई कारकों के एक साथ आने का परिणाम है, खिलाड़ियों से लेकर प्रशासकों और प्रशंसकों तक, सभी ने इसमें योगदान दिया है। उन्होंने 1996 में अपने पदार्पण के समय को याद करते हुए कहा यह अभूतपूर्व रहा है। पिछले तीन दशकों में भारतीय क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ा है, उसे देखना वाकई कमाल का रहा है। द्रविड़ ने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अद्भुत प्रतिभा रही है।

### भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 विश्व कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने रविवार को कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि क्या सच में ऐसा हुआ है? ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है। उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा। टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी स्वदेश पहुंचे

- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में हुआ विलंब

नई दिल्ली, एजेंसी

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बताया कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अब सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में आई रुकावटों की वजह से भारत में रुकना पड़ा था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने यात्रा की योजनाओं को पूरी तरह से बिगाड़ दिया था जिसके चलते वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दुबई में हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे बंद कर दिए गए थे। वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच एक मार्च को कोलकाता में खेला था। आईसीसी



घर पहुंचने की खुशी।

ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि खिलाड़ियों का आखिरी समूह भी रवाना हो गया है। शनिवार को जारी एक बयान में सीडब्ल्यूआई ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे सभी खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के सदस्य अपनी यात्रा पूरी करके अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए हैं। सीडब्ल्यूआई ने कहा, ''''खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का आखिरी समूह पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी करके अब सुरक्षित रूप से अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गया है।'''' वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस हफ्ते की शुरुआत में ही रवाना हो गए थे जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए व्यावसायिक उड़ानें बुक की गई थीं। सीडब्ल्यूआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ की वापसी में मदद करने और तालमेल बैठाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हम वेस्टइंडीज के प्रशंसकों और पूरे क्रिकेट जगत का भी उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद करते हैं।

### गुलवीर ने न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय हॉफ मैराथन रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रविवार को प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया और साथ ही 21.1 किमी की दूरी का पुरुषों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

सेना के इस 27 वर्षीय धावक ने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। वह दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डशट से पीछे रहे जिन्होंने 59 मिनट 30 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। मोरक्को में जन्मे अमेरिका के लंबी दूरी के धावक जुहैर तालबी 59 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया

इंडियन वेल्स (अमेरिका)

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई

इंडियन वेल्स



दानिल मेदवेदेव व कार्लोस अल्काराज।

ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है।

## रिकॉर्ड


16 वर्ष के विंगर मैक्स डोमैन ने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम के लिए स्टॉपेज टाइम में किया गोल

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने मैक्स डोमैन

लंदन, एजेंसी

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और



270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

1. मैक्स डोमैन : 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)
2. जेम्स वॉन : 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)
3. जेम्स मिलनर : 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड)
4. वायने रूनी : 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल)
5. रियो न्गुमोहा : 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)

